सुप्रभात
रांची, मंगलवार
25.07.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net श्रावण (मलमास), शुक्ल पक्ष, सप्तमी, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 15



12 ब्रेक के बाद सामंथा रूथ ने बदला अपना लुक

SURJABASHA

## न्यूज डायरी

### रिश्वतखोर बीएसओ को दो साल की सजा

**रांची।** एसीबी के विशेष न्यायाधीश प्रकाश झा की अदालत ने सोमवार को बुंडू के तत्कालीन प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अश्विनी कुमार सहाय को रिश्वत लेने के आरोप में दोषी करार देते हुए दो वर्ष का सश्रम कारावास की सजा सुनायी है। यह मामला 17 मई 2012 का है।

### ट्रक ने ऑटो को मारी टक्कर, दो की मौत

**बोकारो।** रामगढ़-धनबाद नेशनल हाइवे-32 पर बोकारो के बारी कोऑपरेटिव मोड़ के पास सोमवार को ऑटो पर डंपर पलट जाने से ऑटो सवार दो लोगों की मौत हो गयी। मृतकों में ऑटो चालक मो शमी उर्फ तेजू और अब्दुल कलाम हैं। दोनों आजादनगर के थे।

### दुष्कर्म के तीन दोषियों को 20 साल की सजा

**रांची।** पॉक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने सोमवार को नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले तीन दोषियों हेम सिंह उर्फ राहुल, नव किशोर और नवीन कुमार को बीस-बीस वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनायी है।

### आप सांसद संजय सिंह पूरे मानसून सत्र से निलंबित

**नयी दिल्ली।** मणिपुर हिंसा और महिलाओं के साथ दरिंदगी को लेकर आप सांसद संजय सिंह सदन में हंगामा करते हुए बेल तक पहुंच गये थे। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ उन्हें रोक रहे थे, लेकिन उन्होंने बात नहीं मानी। आखिर में सभापति ने उन्हें पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया।

### एससी में शामिल होंगे महरा और महारा

**नयी दिल्ली।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने सोमवार को लोकसभा में संविधान अनुसूचित जातियां आदेश संशोधन विधेयक, 2023 पेश किया, जिसमें छत्तीसगढ़ में महरा तथ महारा समुदायों को अनुसूचित जातियों की सूची में शामिल करने का प्रस्ताव किया गया है।

### ट्विटर से उड़ गयी चिड़िया, अब नया लोगो

**सैन फ्रांसिस्को।** लगातार नये बदलाव से गुजर रहे ट्विटर का लोगो बदल गया है। एलन मस्क के ट्विटर का लोगो वेब वर्जन पर अब अंग्रेजी का अक्षर 'एक्स' हो गया है और कई साल तक वहां रही नीली चिड़िया 'गायब' हो गयी है। साथ ही ट्विटर का नाम भी बदलकर एक्स कर दिया गया है।

### हाइवा चालक की गोली मारकर हत्या

**सरायकेला।** जिले के आरआईटी थाना क्षेत्र में गम्हरिया स्टेशन के नजदीक ओवर ब्रिज के पास सोमवार सुबह 5 बजे हाईवा चालक तिलक महतो (50) की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। चांडिल निवासी तिलक बास्को नगर से सटे नीमडीह बस्ती में बहन के घर पर रहकर काम करता था।

### पाकुड़ में महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म

**पाकुड़।** जिले में एक महिला के साथ 10-12 युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया है। महिला अपने एक फ्रेंड के साथ घूमने गयी थी, जिसे महिला पहचानती भी नहीं। दोनों की फोन पर दोस्ती हुई थी। जिसके बाद रविवार को दोनों पहली बार मिले थे। दिल्ली में मेड का जॉब कर रही महिला अपने फोन फ्रेंड से मिलने पाकुड़ के महेशपुर में रिश्तेदार के यहां पहुंची थी।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 75,000 रु./प्रति किलो |

सुखाड़ की आशंका के बीच विभागीय बैठक में सीएम ने दिया एक्शन प्लान बनाने का निर्देश

# कृषि व पशुपालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़

**सीएम ने बैठक में दिये निर्देश**

- फसल प्रणालियों से कृषि उत्पादन को जोड़ने का एक्शन प्लान बनायें
- किसान पाठशाला को बना रहे सेंटर ऑफ एग्रीकल्चर मूवमेंट
- पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए मॉडल फार्म स्थापित बनायें
- कृषि उत्पादों के निर्यात की संभावना हर हाल में तलाशें

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि कृषि और पशुपालन के रास्ते ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। जब तक किसान और पशुपालक सशक्त नहीं बनेंगे, राज्य विकास के रास्ते पर तेजी से आगे नहीं बढ़ेगा। इसी उद्देश्य से सरकार कृषि एवं पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चल रही हैं। उन्होंने कहा कि किसान पाठशाला को एक विद्यालय की तरह स्थापित करें। यह सेंटर ऑफ एग्रीकल्चर मूवमेंट हो सकता है। ऐसे में यहां किसानों के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षण और कार्यशाला का आयोजन होना चाहिए। किसानों को यहां उन्नत और बहु वैकल्पिक कृषि की जानकारी दी जाये। किसानों को किसान पाठशाला में लाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। श्री सोरेन सोमवार को कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। यह आयोजन प्रोजेक्ट भवन स्थित सभागार में किया गया था।

### घट रही कृषिभूमि चिंतनीय




उन्होंने कहा कि कृषि योग्य भूमि कम हो रही है और किसान भी खेतिहर मजदूर के रूप में तब्दील होते जा रहे हैं। यह कृषि के लिए किसी भी रूप में अच्छा संकेत नहीं है। ऐसे में जो किसान खेतिहर मजदूर बनने को मजबूर है, उन्हें बिरसा हरित ग्राम योजना और नीलांबर-पीतांबर जल समृद्धि योजना जैसी योजनाओं से जोड़ें। इससे वे कृषि और उससे संबंधित कार्यों से जुड़े भी रहेंगे। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए पशुपालन काफी अहम है। अगर किसी वजह से पशुओं की मौत हो जाती है तो किसान पशुपालक आर्थिक रूप से टूट जाते हैं। ऐसे में सभी पशुओं के इंश्योरेंस को सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि दुग्ध उत्पादन और मत्स्य पालन पालन में राज्य कब तक आत्मनिर्भर बन जायेगा। पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए मॉडल फार्म स्थापित करने की दिशा में ही पहल हो।

### 24 नवप्रोन्नत आइपीएस को सीएम ने लगाया बैच



**निर्भीक होकर अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें अधिकारी :** मुख्यमंत्री ने नव प्रोन्नत भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों से कहा कि आप अपने कर्म क्षेत्र में निर्भीक होकर जिम्मेदारी का निर्वहन करें। राज्य सरकार झारखंड की आम जनमानस के साथ-साथ सरकार के अधिकारियों का भी मान-सम्मान एवं अधिकार का पूरा ख्याल रखेगी। (खबर पेज 2 पर)

**अधिकाधिक किसानों को केसीसी का लाभ दें :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों से कहा कि ज्यादा से ज्यादा किसानों को केसीसी से लाभान्वित करें। केसीसी लोन उपलब्ध कराने की पहल करें। (शेष पेज 11 पर)

## गैस सिलेंडर फटने से 10 जख्मी, पांच गंभीर

- आग से 70 हजार नकद और घर के सामान राख

खबर मन्त्र संवाददाता

**हरिहरगंज (पलामू)।** थाना क्षेत्र में एक मकान में घरेलू गैस सिलेंडर फटने से 10 लोग जख्मी हो गये हैं। इनमें से पांच की हालत गंभीर है। यह हादसा अररूआ खुर्द जामा मस्जिद के समीप स्थित आजम रिजवी के घर में सोमवार की दोपहर खाना बनाते समय हुआ। धमाके बाद लगी आग से घर में रखे 70 हजार नगद सहित सारा सामान जलकर खाक हो गया। घायलों में गृहस्वामी की पत्नी तथा पुत्री सहित 10 लोग झुलस गये हैं। सभी घायलों को पहले सीएचसी में भर्ती कराया। वहां से प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है।

घायलों में आजम रिजवी के पत्नी गुलसुम आरा (37), पुत्री उम्मे हबीबा (8) के अलावे मुहल्ले की रशीदा खातून (45), मोहन कुमार (40), अनवर हुसैन (40), रोशन कुमार (35), रूही परवीन (30), रामस्वरूप विश्वकर्मा (60), उम्मे हबीबा (45), शौकत आलम (16) नाम शामिल है। आजम रिजवी ने बताया कि पत्नी खाना बना रही थी। अचानक गैस लीक होकर आग पकड़ लिया। आग की लपटें घिरीं देख वह रसोई से निकलकर शोर मचाने लगी। वही आवाज सुनकर आसपास के लोग मदद के लिए घर के पास इकट्ठा हुए, तभी सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। साथ ही आग की तेज लपटें से उक्त सभी लोग झुलस गये। (शेष पेज 11 पर)

### बोल बम के जयकारों से गूंज रहा बाबाधाम

**देवघर।** श्रावणी मेला में बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए भक्त उमड़ रहे हैं। सावन की तीसरी सोमवारी और बांग्ला सावन की पहली सोमवारी को लेकर देवघर में भक्तों की भारी भीड़ रही। ब्रम्ह मुहूर्त में मंदिर का कपाट खुलते ही बाबा पर जलार्पण करने श्रद्धालू उमड़ पड़े। भक्तों के बोल बम और शिवधुन के जयकारों से बाबाधाम गुंजायमान है। मलमास होने के कारण बिहार के लोग कम दिख रहे हैं, लेकिन बांग्ला सावन की पहली सोमवारी होने के कारण बंगाल असम सहित नॉर्थ ईस्ट के श्रद्धालु ज्यादा नजर आ रहे हैं। बाबा नगरी आने वाले किसी भी श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो, इस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, कचड़ा उठाव, स्वास्थ्य सुविधा, सूचना सह सहायता केंद्र कार्य कर रहे हैं।

## आइइडी ब्लास्ट में घायल कमांडेड रांची एयरलिफ्ट

- गोइलकेरा में हुआ धमाका सीआरपीएफ कमांडेंट जख्मी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोइलकेरा।** चाईबासा के नक्सल प्रभावित गोइलकेरा में एकबार फिर सोमवार को नक्सलियों की ओर से लगाया गया आइइडी ब्लास्ट हुआ। धमाके में सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेंट घायल हो गये। उन्हें इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया है। घायल असिस्टेंट कमांडेंट चंद्र प्रताप तिवारी की हालत स्थिर बतायी जा रही है। सुरक्षाबल इलाके में छापेमारी अभियान चला रहे हैं।

यह धमाका सर्च ऑपरेशन के दौरान हुआ। चाईबासा के नक्सल प्रभावित क्षेत्र टोंटो थाना क्षेत्र के ग्राम तुम्बाहाका और अंजदबेडा के सीमावर्ती क्षेत्र और गोईलकेरा थाना क्षेत्र के ग्राम कुईडा और मारादिरी के सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षाबल नक्सलियों के खिलाफ अभियान चला रहे थे। इस अभियान के दौरान टोंटो थाना क्षेत्र के ग्राम पाटातोरब के आस-पास जंगली पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से नक्सलियों के द्वारा पहले से ही आइइडी लगाया गया था, जिसमें विस्फोट हो गया।

### नक्सलियों के खिलाफ चल रहा अभियान

धमाके में सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेंट स्प्लिंटर लगने से जख्मी हो गये। इलाके में जनवरी से ही नक्सलियों के खिलाफ अभियान चल रहा है। प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, चमन, कांडे, अजय महतो, सागेन अंगरिया और अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील हैं। इसी सूचना के आधार पर 11 जनवरी 2023 से चाईबासा पुलिस, कोबरा, झारखंड जगुआर और सीआरपीएफ की टीमों का एक संयुक्त अभियान दल गठित कर लगातार अभियान चला रही है।

### करोड़ों कर्मचारियों को सरकार का बड़ा तोहफा

**नयी दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए ईपीएफ खाते के लिए ब्याज दर 8.15% घोषित की है। ईपीएफ खाते पर ब्याज दर की घोषणा 24 जुलाई, 2023 को एक सर्कुलर के माध्यम से की गयी है।

### राजस्थान विधानसभा में हाथापाई की नौबत

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा में सोमवार को लाल डायरी को लेकर सदन में दिनभर हंगामा हुआ और हाथापाई तक नौबत आ गई। इस कारण जहां सदन की कार्यवाही तीन बार स्थगित करनी पड़ी वहीं बर्खास्त मंत्री एवं विधायक राजेन्द्र सिंह गुढ़ा और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक मदन दिलावर को 15वीं विधानसभा की शेष अवधि के लिए सदन से निलंबित कर दिया गया। हंगामे की शुरुआत प्रश्नकाल समाप्त होने के बाद शून्यकाल में हो गयी थी।

## अब नये साफ्टवेयर से होगा नक्शा पास

**राहत**

- नये सॉफ्टवेयर का आज से एक सप्ताह तक चलेगा ट्रायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्य के नगर निकायों में नक्शे स्वीकृति में पैसों के खेल मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान की झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई सोमवार को हुई। सुनवाई के दौरान राज सरकार ने बताया जो पूर्व में नक्शा पास करने की प्रक्रिया थी उसमें संशोधन कर नया प्रोसेस लागू किया गया है। उसमें नक्शा स्वीकृति की प्रक्रिया 5 चरणों में पूरी होनी है। जिसमें नक्शा की वैधता की जांच होनी है और नक्शा पास होना है। इसे लोगों के हित को देख पूरे राज्य में के नगर निगम में लागू किया जाना है। इसके लिए एक नया सॉफ्टवेयर भी तैयार किया गया है जो मंगलवार को लाइव कर दिया जायेगा। इस नक्शा पास करने के सॉफ्टवेयर की टेस्टिंग और ट्रायल सप्ताह भर चलने की उम्मीद है। नक्शा का निष्पादन इस नये सॉफ्टवेयर से 2 अगस्त से पूरे राज्य में चालू कर दिया जायेगा। कोर्ट ने मामले में आरआरडीए और रांची नगर निगम को लंबित नक्शा के बारे में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई 3 अगस्त निर्धारित की है। (शेष पेज 11 पर)

मणिपुर पर संसद ठप, राजनाथ ने की खड़गे से बात

## विपक्ष आखिर भाग क्यों रहा सरकार चर्चा को तैयार : शाह

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** मणिपुर के मुद्दे पर सोमवार को संसद के दोनों सदनों में भारी हंगामा हुआ। लोकसभा में विपक्ष के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। उधर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संसद में गतिरोध को खत्म करने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से बात की, लेकिन विपक्ष मणिपुर मामले पर पीएम के बयान पर अड़ा हुआ है। इस बीच गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में कहा कि सरकार मणिपुर के विषय पर चर्चा के लिए तैयार है। विपक्ष से आग्रह है कि वे चर्चा होने दें और सच्चाई सामने आने दें। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता चल रहा है कि विपक्ष संसद में चर्चा क्यों नहीं होने दे रहा है। (शेष पेज 11 पर)

### राजनाथ और खड़गे बातचीत विफल



संसद के दोनों सदनों में जारी गतिरोध खत्म करने के लिए केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से फोन पर बात की, लेकिन कांग्रेस अध्यक्ष ने पहले मणिपुर पर सदन के अंदर प्रधानमंत्री के बयान की शर्त रखी। खड़गे ने सिंह से कहा कि मणिपुर हिंसा बर्दाश्त नहीं की जा सकती और पीएम को सदन के अंदर बयान देना चाहिए। सोमवार सुबह खड़गे के नेतृत्व में कांग्रेस ने मणिपुर हिंसा पर विस्तृत चर्चा की मांग को लेकर संसद में महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास विरोध-प्रदर्शन भी किया। उन्होंने कहा, हम सभी विपक्षी दल राज्यसभा के सभापति और लोकसभा अध्यक्ष से मांग कर रहे हैं कि पीएम को सदन के अंदर आना चाहिए और मणिपुर की वास्तविक स्थिति के बारे में बयान देना चाहिए।

मासिक धर्म स्वच्छता नीति पर राज्यों को शीर्ष कोर्ट की चेतावनी

## सभी 31 तक जवाब दें या कानूनी कार्रवाई झेलें

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय ने सोमवार को उन राज्यों को चेतावनी दी, जिन्होंने स्कूलों में पढ़ने वाली लड़कियों के लिए मासिक धर्म स्वच्छता पर एक समान राष्ट्रीय नीति बनाने पर अभी तक केंद्र को अपना जवाब नहीं सौंपा है। इसने कहा कि अगर वे 31 अगस्त तक ऐसा करने में विफल रहे तो उन्हें कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने सीजआइ डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ को बताया कि केवल चार राज्य सरकारों- हरियाणा, दिल्ली, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश ने अब तक अपना जवाब दाखिल किया है। कोर्ट ने आदेश की एक प्रति शेष राज्यों के मुख्य सचिवों को अनुपालन के लिए उपलब्ध करायी जाये, पीठ मामले में अगली सुनवाई नवंबर के दूसरे सप्ताह में करेगी। प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने जवाब न देने वाले राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को 31 अगस्त तक हर हाल में उत्तर देने का निर्देश दिया। (शेष पेज 11 पर)

## चांद की तरफ बढ़ रहा चंद्रयान, आज 5वीं कक्षा में पहुंचेगा

23 या 24 अगस्त के आसपास चंद्रमा पर पहुंचने की उम्मीद

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत का चंद्रयान-3 मून मिशन लगातार प्रगति कर रहा है। चंद्रयान ने चौथे ऑर्बिट की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने पुष्टि की है कि अंतरिक्ष यान अब पृथ्वी के चारों ओर 71351 किमी गुणा 233 किमी की कक्षा में है। 25 जुलाई को दोपहर 2 बजे से 3 बजे के बीच चंद्रयान-3 पांचवीं कक्षा में प्रवेश करेगा। यह मिशन का बड़ा महत्वपूर्ण चरण है। मिशन का उद्देश्य चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट-लैंडिंग और रोबोटिक रोवर संचालित करने की भारत की क्षमता का प्रदर्शन करना है। मिशन सुचारु रूप से आगे बढ़ रहा है, प्रत्येक कक्षा के साथ आगे बढ़ाने को योजना के अनुसार क्रियान्वित किया जा रहा है। इसके 23 या 24 अगस्त के आसपास चंद्रमा पर पहुंचने की उम्मीद है। (शेष पेज 11 पर)

### चंद्रयान-3 पर बोले विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री, जितेंद्र सिंह ने कहा कि चंद्रयान, 31 जुलाई को अपना ट्रांसलूनर इंजेक्शन (टीएलआई) बर्न शुरू करेगा। इसके बाद, यह चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उपयुक्त लैंडिंग स्थान की खोज करेगा और 23 अगस्त तक ऑपरेशन को अंजाम देगा।



> चंद्रयान -3 चंद्रमा के रास्ते पर है और अगले कुछ दिनों में यह चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग करेगा। मुझे यकीन है कि जहां तक विज्ञान का सवाल है, आपको इस (चंद्रयान-3) मिशन के माध्यम से कुछ बहुत महत्वपूर्ण मिलेगा। 31 जुलाई से 1 अगस्त के आसपास यह चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश करेगा। - **एस सोमनाथ, इसरो के चेयरमैन**

## झारखंड की फिल्म को है नेशनल अवार्ड का इंतजार

- सच्ची घटना पर बनी है फिल्म गिलुआ, रांची में शीघ्र रिलीज होगी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में सच्ची घटना पर बनी फिल्म गिलुआ को नेशनल अवार्ड का इंतजार है। फिल्म के निर्देशक राजीव सिन्हा इसे नेशनल अवार्ड के लिए भेजने की तैयारी कर रहे हैं। वहीं रांची के लोगों के लिए यह फिल्म जल्द ही पर्दे पर आने वाली है। बच्चों पर आधारित इस फिल्म को राजीव सिन्हा ने बनाया है। फिल्म में जितने भी कलाकार हैं, सभी झारखंड फिल्म एंड थियटर एकेडमी के छात्र हैं। फिल्म के डायरेक्टर राजीव सिन्हा ने कहा कि 2019 में हमने इसकी प्लानिंग की थी और उसी वर्ष अक्टूबर-नवंबर महीने में इसकी




शूटिंग की। उन्होंने कहा कि हमने इस फिल्म की शूटिंग के लिए दस दिनों का शेड्यूल तैयार किया था, लेकिन पांच दिन के अंदर ही फिल्म की शूटिंग पूरी हो गई।

**नेशनल अवार्ड के लिए भेजने की तैयारी :** राजीव सिन्हा ने कहा कि फिल्म को बेचने में दिक्कत आ रही है। (शेष पेज 11 पर)

# सीसीएल बेरमो कोयला क्षेत्र के तीन खदानों से 16 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कोल इंडिया के निर्देश पर सीसीएल ने इस वर्ष तीन खदानों से 16 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य रखा है। इसके लिये सीसीएल ने तैयारी भी शुरू कर दी है। ये तीन खदान बोकारो के बेरमो कोयला क्षेत्र के कारगली, ड़ोरी, और कथारा खदान है। बता दें कि पिछले कुछ समय से कोयला मंत्रालय देश में कोयला उत्पादन बढ़ाने पर कार्यरत है। जिससे देश में कोयला की खपत के अनुसार उत्पादन हो सके। इसके लिये कुछ खदानों के विस्तारीकरण पर भी काम किया जा रहा है। साथ ही नयी खदानें



खोलने पर भी काम किया जा रहा है। जहां खदानों से उत्पादन बढ़ायी जा सकें। नयी खदानें खुलेंगी और माइंस के विस्तार से क्षेत्र के लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। इसमें करगली माइंस को 90 लाख टन, ढोरी एरिया को 46 लाख टन और कथारा एरिया को 27 लाख टन का लक्ष्य मिला है।

**पांच साल में 65 मिलियन टन उत्पादन**

बेरमो क्षेत्र में सीसीएल के करगली, ढोरी और कथारा एरिया से पिछले पांच साल में 65 मिलियन टन से ज्यादा कोयला का खनन किया गया है। लगभग 45 मिलियन टन कोयला रेल मार्ग से और 15-20 मिलियन टन कोयला सड़क मार्ग से डिस्पैच किया गया है। आने वाले समय में तीनों एरिया में कई नयी माइंस खुलने की संभावना है। फिलहाल तीनों एरिया की रेलवे साइडिंगों से प्रतिदिन छह-सात रेलवे रैक कोयला डिस्पैच किया जा रहा है।

## राज्य के 24 नये आईपीएस अधिकारियों को सीएम हेमंत सोरेन ने बैच लगाया

# ईमानदारी व निष्ठा से कार्य करें पदाधिकारी : सीएम

सिपाही से अधिकारी तक का सफर एक माईल स्टोन है

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि राज्य के नव प्रोन्नत आईपीएस ईमानदारी व निष्ठा के साथ कार्य करें। श्री सोरेन सोमवार को झारखंड मंत्रालय में आयोजित पिपिंग सेरेमनी के दौरान नव प्रोन्नत 24 आईपीएस को बैच लगा रहे थे। उन्होंने कहा कि ये एक सुनहरा और ऐतिहासिक क्षण है। मैंने पहले कई बार अधिकारियों की फाइल देखी, तो मैंने पूछा इतना विलंब क्यों



हो रहा है। मैंने पूछा था कि कितनी बार फाइल में साइन करना होगा। कहीं सांप-सीढ़ी वाला हाल ना हो जाये। लेकिन, एक लंबे इंतजार के बाद आज अधिकारियों को प्रमोशन मिला है। आईपीएस अधिकारी सरोजनी लकड़ा और अमेल्डा एक्का का जिक्र करते हुये सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि सिपाही से लेकर अधिकारी बनने का सफर तय किया। ये झारखंड के इतिहास में पहली बार हुआ है। ये एक माइल स्टोन की तरह है। इस दौरान मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, डीजीपी अजय कुमार, सीएम के सचिव विनय चौबे, गृह सचिव अभिनाश कुमार समेत कई वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य में 158 पद आईपीएस के स्वीकृत हैं। जिसमें से 110 पद सीधे आईपीएस और 48 राज्य पुलिस से जाते हैं। आज उसी 48 में 24 को आईपीएस बनने का मौका मिला है। राज्य में विधि-व्यवस्था और पुलिसिंग में पदाधिकारी की कमी को भरने में सहायता मिलेगी। कई संवर्ग में लोग प्रभारी के रूप में काम करते-करते रिटायर हो जाते हैं। व्यवस्था को सुधारने में समय लग रहा है। उन्होंने पुरानी पेंशन का जिक्र करते हुये कहा कि देश का पहला राज्य झारखंड है, जहां हमने पुरानी पेंशन को लागू किया है। अभी कुछ अधिकारी सेवानिवृत्त होंगे, उन्हें खुशी है कि हमें भी पुरानी पेंशन मिलेगी। हमारा वो प्रयास रहता है कि हमारे कर्मचारियों का स्वाभिमान बना रहे।

# हाई कोर्ट ने उमाशंकर मालवीय का पासपोर्ट रिलीज करने का दिया आदेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में फंसे पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही के तत्कालीन निजी सचिव उमाशंकर मालवीय के पासपोर्ट रिलीज कराने को लेकर दायर क्रिमिनल रिवीजन की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने कुछ शर्तों के साथ उमाशंकर मालवीय का पासपोर्ट रिलीज करने का निर्देश दिया। विदेश से लौटने पर उन्हें निचली अदालत में अपना पासपोर्ट जमा करना होगा। उन्होंने कोर्ट से दिसंबर के अंतिम सप्ताह से लेकर मार्च के अंतिम सप्ताह तक के लिए पासपोर्ट रिलीज करने का आग्रह किया था। जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया।

हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने मामले की सुनवाई की। दरअसल ईडी के विशेष न्यायाधीश की कोर्ट ने पासपोर्ट रिलीज करने के उमाशंकर मालवीय की याचिका को खारिज कर दिया था, जिसे उन्होंने हाईकोर्ट में चुनौती दी है। याचिका में कहा गया है कि उनकी बेटी लंदन में हुल यूनिवर्सिटी में लॉ की पढ़ाई कर रही है इसलिए वह लंदन उससे मिलने जाना चाहते हैं। ऐसे में ईडी की अदालत में जमा उनके पासपोर्ट को रिलीज करने का आदेश दिया जाए। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने मामले की सुनवाई की। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार सिन्हा एवं अधिवक्ता निरुपमा ने पैरवी की।

गौरतलब है कि उमाशंकर मालवीय पर पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही के द्वारा अर्जित की गई करोड़ों रुपए की अवैध संपत्ति को मनी लॉउड्रिंग करने में सहयोग करने का आरोप है। बता दें कि विजिलेंस थाने में तत्कालीन विधायक भानु प्रताप शाही की आय से अधिक संपत्ति को लेकर दर्ज कांड संख्या 9/2009 के आधार पर सीबीआई ने एक प्राथमिकी दर्ज की थी। सीबीआई ने तत्कालीन विधायक भानु प्रताप शाही के खिलाफ 13 मार्च 2005 से 24 जुलाई 2009 की अवधि को चेक पीरियड मानते हुए उनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज कराया था। बाद में सीबीआई की इसी प्राथमिकी के आधार पर ईडी ने भानु प्रताप शाही, उनके तत्कालीन ओएसडी उमाशंकर मालवीय एवं अन्य के खिलाफ मनी लांड्रिंग का मामला दर्ज किया है।

## हाईकोर्ट ने उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर 16 अगस्त तक रोक जारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अगस्त 2022 में सांसद निशिकांत दुबे को प्लेन से दिल्ली जाने के क्रम में देवघर एयरपोर्ट में रोकने के खिलाफ दिल्ली में दर्ज जीरो एफआईआर को निरस्त करने को लेकर देवघर के डीसी मंजूनाथ भजंत्री की याचिका की आंशिक सुनवाई सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में प्रार्थी की ओर से समय की मांग की गई जिसके बाद कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 16 अगस्त निर्धारित की। बता दें कि पिछली सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से बताया गया था कि दिल्ली में दर्ज कराया गया जीरो एफआईआर झारखंड पुलिस को सौंप दिया गया है। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति संजय प्रसाद की कोर्ट ने मामले की सुनवाई की। कोर्ट ने प्रार्थी मंजूनाथ के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक अगली सुनवाई तक जारी रखी है। प्रतिवादी निशिकांत दुबे की ओर से पार्थ जालान और अमित सिन्हा ने पैरवी की।

**क्या है मामला**

पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि निशिकांत दुबे ने आरोप लगाया है कि 31 अगस्त 2022 को शाम में जब वह प्लेन से दिल्ली जा रहे थे तो तत्कालीन देवघर उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के कहने पर सुरक्षाकर्मियों ने देवघर एयरपोर्ट पर उन्हें रोका और जान से मारने की धमकी भी दी। उनके सरकारी कार्य में बाधा डालने का भी निशिकांत दुबे ने आरोप लगाया है। प्रार्थी का कहना था कि उनके खिलाफ लगाए गए सारे आरोप निराधार है, इसलिए इससे संबंधित जीरो एफआईआर को रद्द किया जाए।

# बिहार के दो पूर्व सीएम समेत सैकड़ों को 52 चारा घोटाले में हुई सजा

**आरसी 48ए/96 मामले में 28 जुलाई को आरोपियों के भाग्य का होगा फैसला**

उदय चौहान

**रांची।** बहुचर्चित चारा घोटाले के 52 मामलों में अबतक बिहार के दो पूर्व सीएम समेत सैकड़ों घोटालेबाजों को जेल की सजा हुई है। इनमें मुख्य रूप से बिहार के दो पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद व जगन्नानथ मिश्र(स्व.) पूर्व सांसद डॉ आरके राणा, जगदीश शर्मा, पूर्व मंत्री विद्यासागर निषाद(स्व.) पांच आईएएस के अरुमुगम, फूलचंद सिंह, बेक जुलियस, महेश प्रसाद, सजल चक्रवर्ती(स्व.) श्रीपति नारायण दुबे शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार सीबीआई की विशेष अदालतों ने लगभग 571 करोड़ रुपए के घोटाले में यह सजा सुनायी है। 1991 से 1995 के बीच लगभग 950 करोड़ का चारा घोटाला हुआ था। इसमें से सीबीआई लगभग 300 करोड़ रुपये जब्त कर चुकी है। सीबीआई की विशेष अदालत में वर्तमान में अंतिम मामले में फैसला 28 अगस्त को आयेगा। पूर्व सीएम लालू प्रसाद से जुड़े सभी पांच मामलों में फैसला आ चुका है।

**पहला फैसला आया था मार्च 2004 में**

चारा घोटाले में पहला फैसला 31 मार्च 2004 में आया था। सुनायी गयी 52 मामलों में से पांच मामले आय से अधिक सम्पत्ति रखने का था। वर्ष 2004 में तीन मामलों में 18, वर्ष 2005 में पांच मामलों में 52, वर्ष 2006 में आठ मामलों में 178, वर्ष 2007 में सात मामलों में 252, वर्ष 2008 में पांच मामलों में 164, वर्ष 2009 में छह 208, वर्ष 2010 में तीन मामलों में 75, वर्ष 2011 में एक मामले में 62, वर्ष 2012 में पांच मामलों में 255, वर्ष 2013 में दो मामलों में 55, वर्ष 2014 व 2015 में एक-एक मामले में 48, वर्ष 2016 में एक मामले में 42, वर्ष 2017 में एक मामले में 16 एवं वर्ष 2018 में तीन मामले में 106 अभियुक्तों को सजा सुनायी गयी थी। 2019 में 16 अभियुक्तों को एवं 2022 में 75आरोपियों को सजा हुई। इस साल 2023 में 125 आरोपियों के भाग्य का फैसला 28 जुलाई को होना है। इस तरह पिछले चार दशक से चर्चित चारा घोटाले में सुनवाई पूरी हो रही है।

## 3 बच्चों को सातवीं में नामांकन करने का नेतरहाट विद्यालय प्रबंधन को निर्देश

मेडिकल बोर्ड ने छठी कक्षा के लिए इनकी आयु पर उठाए थे सवाल, नामांकन किया था रद्द

**रांची।** वर्ष 2020-21 में छठी कक्षा में नामांकन के लिए 3 बच्चों की आयु सीमा को मेडिकल बोर्ड द्वारा गलत बताते हुए नामांकन रद्द किए जाने के खिलाफ दाखिल 3 बच्चों की याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को हुई। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की कोर्ट ने मेडिकल बोर्ड द्वारा इन बच्चों की आयु सीमा ज्यादा बताकर नामांकन खारिज करने का आदेश रद्द कर दिया। कोर्ट ने नेतरहाट विद्यालय में इन 3 बच्चों का एडमिशन सातवीं कक्षा में लेने का निर्देश दिया।

इससे पूर्व डीसी धनबाद को कोर्ट ने 3 सदस्य समिति गठित कर इन तीन बच्चों की आयु के दस्तावेज की जांच करने का निर्देश दिया था। इसमें डीसी ने पाया गया कि राज्य सरकार द्वारा जारी किए गए इन बच्चों का आयु प्रमाण पत्र सही है। दरअसल, मेडिकल बोर्ड ने इन बच्चों की उम्र सीमा 13- 14 वर्ष बताई थी और इनका नामांकन नेतरहाट आवासीय विद्यालय में लेने से मना कर दिया था, क्योंकि नामांकन के लिए उनकी उम्र 12 वर्ष से नीचे होनी चाहिए थी। जिन बच्चों ने हाईकोर्ट में नेतरहाट विद्यालय द्वारा नामांकन रद्द किए जाने को चुनौती दी थी उनमें सुमित राय आयुष ग्रुप रोहित टुडू शामिल है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शुभाशीष रसिक सोरेन, नेतरहाट विद्यालय की ओर से अधिवक्ता राजेश लाला ने पैरवी की।

## दुमका में 27 और 28 जुलाई को माकपा राज्य कमेटी की बैठक

## आगामी चुनाव को लेकर होगी चर्चा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** माकपा राज्य कमेटी की बैठक 27 और 28 जुलाई को दुमका में होगी। पार्टी के पोलित ब्यूरो सदस्य और पूर्व सांसद डॉ. रामचंद्र डोम बैठक में दिशा निर्देश के लिए उपस्थित रहेगें। इसकी जानकारी देते हुए पार्टी के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने बताया कि लोकसभा चुनाव के लिए चिन्हित सीटों पर चर्चा कर उसकी सूची अंतिम निर्णय के लिए पार्टी के केन्द्रीय कमेटी को भेजी जाएगी। इसके अलावा बैठक में झारखंड के राजनीतिक घटनाक्रम, वाम कंवेंशन से तय किये गये निर्णयों का कार्यान्वयन और राज्य के ज्वलंत मुद्दों जिसमें पिछले दो सालों से समुचित वर्षा नहीं होने के कारण राज्य के अधिकांश क्षेत्रों



में सूखे की स्थिति, एसएआर कोर्ट की ओर से वैसी जमीन जिस पर नाजायज कब्जा हटने का आदेश दिया गया है, वैसे किसानों और अन्य गरीबों की हड़पी जमीन की वापसी की मांग को लेकर तेज आंदोलन शुरू किए जाने की कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया जायेगा।

प्रकाश विप्लव ने बताया कि राज्य कमेटी में विस्थापितों की समस्या, मनरेगा, खाद्य सुरक्षा और वन अधिकार अधिनियम मे मोदी सरकार की ओर से कार्पोरेट पक्षीय संशोधनों के खिलाफ चरण बद्ध आंदोलनों की श्रंखला शुरू करने का भी फैसला लिया जायेगा। झारखंड मे जमीन के रिकार्ड का डिजिटलीकरण किए जाने के बाद हुई त्रुटियों को अविलंब दुरुस्त किये जाने की मांग और राज्य में कानून व्यवस्था की खास्ता हालत के खिलाफ विरोध कार्रवाईयों के लिए आह्वान किया जायेगा।

## शादी का झांसा देकर यौन शोषण के आरोपी दोषी करार

**रांची।** अपर न्यायायुक्त दिनेश कुमार की अदालत ने सोमवार को शादी का झांसा देकर लगातार शारीरिक संबंध बनाने के जुर्म में टाटीसिल्व के टाटी निवासी अजित महतो को दोषी करार दिया है। साथ ही, उसकी सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिये 31 जुलाई की तारीख निर्धारित की है। शादी से मुकरने के बाद पीड़िता ने उसके खिलाफ 24 अक्तूबर 2019 को टाटीसिल्वे थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी के दूसरे दिन ही अभियुक्त को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया था। पीड़िता ने आरोप लगाई है कि अजित महतो कॉल करके अपने बेडरूम में बुलाता और शारीरिक संबंध बनाता था। इस दौरान वह गर्भवती भी हो गई थी। इसके बाद वह शादी से मुकर गया।

## खबर एक नजर में

### अफीम के साथ चतरा का युवक गिरफ्तार

**700 ग्राम अफीम बरामद**

**रांची।** नशा कारोबार के खिलाफ रांची पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। एसएसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पंडरा ओपी की पुलिस ने आईटीआई बस स्टैंड से गुड्डू कुमार यादव को 700 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। युवक कमर में अफीम लपेट कर बस पकड़ने आईटीआई बस स्टैंड जा रहा था। इससे पहले पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। गुड्डू मूल रूप से चतरा जिले के जोरी थाना स्थित सैलया पोतसिया गांव का रहने वाला है।

### बेहतर ट्रैफिक सुधार के लिए कोलकाता जाएंगे अफसर

**रांची।** झारखंड में ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसी क्रम में झारखंड पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर बेहतर ट्रैफिक व्यवस्था कैसी बनाई जाए, इसकी जानकारी लेने के लिए झारखंड पुलिस के दो आईपीएस और एक डीएसपी दो दिवसीय दौरे पर कोलकाता जाएंगे। साथ ही वहां के सीनियर अफसरों के साथ ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने से संबंधित जानकारी लेंगे। इसके अलावा वहां किस तरह से ट्रैफिक व्यवस्था को संचालित किया जा रहा है, इसे भी देखेंगे। कोलकाता जाने वाले अधिकारियों में आईपीएस अखिलेश कुमार झा, सुनील भास्कर और डीएसपी जीतवाहन उरांव शामिल हैं।

### नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के तीन अभियुक्तों को 20-20 साल कैद की सजा

**रांची।** नाबालिग युवती से सामूहिक दुष्कर्म करने के जुर्म में दोषी तीन दोस्तों को पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने सोमवार को 20-20 साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने अभियुक्त हेम सिंह महतो उर्फ राहुल, नवकिशोर सिंह मुंडा एवं 17 वर्ष के किशोर को सजा के साथ 10-10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। अदालत ने तीनों को उक्त आरोप में 15 जुलाई को दोषी पाया था। घटना को लेकर पीड़िता ने महिला थाना रांची में 12 सितंबर 2018 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप है कि नाबालिग लड़की और दोषी करार किशोर के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। जब पीड़िता रांची आई तो उसे बुंडू ले जाया गया। जहां सभी मिलकर उसे जंगल की ओर ले गये और घटना का अंजाम दिया। पुलिस ने अभियुक्तों को 14 सितंबर 2018 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामले में सुनवाई के दौरान एपीपी परमानंद यादव ने पीड़िता समेत पांच गवाहों को प्रस्तुत किया था। जिसके आधार पर अदालत ने दोषी पाया।

### तत्कालीन प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को एसीबी कोर्ट से दो वर्ष की सजा

**रांची।** रिश्वत मामले के अभियुक्त बुंडू के तत्कालीन प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अश्विनी कुमार सहाय को एसीबी के विशेष न्यायाधीश प्रकाश झा की अदालत ने 11 साल पुराने में दोषी पाकर दो साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही, उस पर 30 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। निगरानी टीम ने बीएसओ को 11 हजार रुपये रिश्वत लेते 18 मई 2012 को गिरफ्तार किया था। वह बुंडू थाना क्षेत्र निवासी चौधरी महतो से जनवितरण प्रणाली दुकान का आवंटन के नाम पर 15 हजार रुपये घूस ले रहा था। इसकी शिकायत एसीबी के तत्कालीन एसपी से 14 मई 2012 को की थी। इसके बाद गठित धावा दल ने बीएसओ को 11 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। सूचक ने इसके पहले भी 14 हजार घूस की राशि दे चुका था। दोबारा रिश्वत की मांग की जा रही थी। सुनवाई के दौरान अभियुक्त ने सूचक चौधरी महतो को अपने पक्ष में मिलाने की हर संभव कोशिश की थी। एसीबी के विशेष लोक अभियोजक एके गुप्ता ने उसकी इस कोशिश पर पानी फेर दिया। अदालत के समक्ष कई रूलिंग का हवाला दिया। जिसके आधार पर अदालत ने अभियुक्त को दोषी पाकर सजा सुनाई।

### मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना पर सीएम ही गंभीर नहीं : कुणाल षाडंगी

**रांची।** भाजपा ने राज्य सरकार के गरीब कल्याण निमित्त इच्छाशक्ति पर सवाल खड़े किये है। प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता कुणाल सारंगी ने बताया कि सरकार की मंशा सेवा नहीं बल्कि सत्ता का मजा लेने भर है। राज्य में गरीब कल्याण योजनाओं का बुरा हाल है और जिम्मेदार लोग संवेदनशून्य हैं। मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के आशय में विभिन्न अस्पतालों से सरकार की एमओयू खत्म हो चुकी है। इसका खामियाजा गरीब और बीमारों को भुगतना पड़ रहा है।

## सांसद संजय सेठ के सवाल पर केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री का जवाब

# झारखंड के 8700 से अधिक लोग विदेशों में कर रहे हैं काम

विगत 3 वर्षों में झारखंड के 91 श्रमिकों की विदेशों में हुई मौत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** वर्तमान समय में विदेशों में झारखंड के 8700 से अधिक लोग काम कर रहे हैं। उक्त आशय की जानकारी केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री बी मुरलीधरण ने लोकसभा में दी। दरअससल, सांसद संजय सेठ ने लोकसभा में सवाल पूछा था। उन्होने जानना चाहा था कि झारखंड के कितने श्रमिक विदेशों में कार्य कर रहे हैं। इसके जवाब में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत के 1 करोड़ 30 लाख लोग विदेशों में काम कर रहे हैं। जिसमें श्रमिक, पेशेवर और विभिन्न प्रकार के विशेषज्ञ शामिल है। जिसका रिकॉर्ड भारत का विदेश मंत्रालय रखता है। वर्तमान समय में विदेशों में झारखंड के 8700 से अधिक लोग काम कर रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि किसी प्रवासी कामगार की दुर्घटना में मृत्यु होने पर विदेश मंत्रालय उनके परिजनों से संपर्क कर उन्हें तत्काल सहायता प्रदान करता है। न्यायालय, बीमा एजेंसी, संबंधित देशों के प्रशासन सहित कई क्षेत्रों में समन्वय का कार्य विदेश मंत्रालय के द्वारा किया जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रवासी भारतीयों के लिये भारत सरकार एक बीमा योजना चलाती है, जो अनिवार्य बीमा योजना है। इसके तहत 3 वर्षों के लिए सिर्फ ?375 की राशि ली जाती है और 10 लाख रुपये तक का बीमा व अन्य लाभ प्रदान किया जाता है। श्री सेठ के सवाल के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि ई माइग्रेट पोर्टल पर जो आंकड़े उपलब्ध है, उनके अनुसार अठारह ईसीआर देशों में झारखंड के जो नागरिक काम कर रहे हैं।

## कांग्रेस का मतलब भ्रष्टाचार और घोटाले की गारंटी : बाबूलाल मरांडी

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस पार्टी पर कड़ा हमला बोला है। श्री मरांडी ने छत्तीसगढ़ में हुए गोबर घोटाले पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है। कांग्रेस का मतलब भ्रष्टाचार और घोटाले की गारंटी है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में हुये 246करोड़ के गोबर घोटाले ने कांग्रेस के चरित्र को उजागर किया है। उन्होंने कहा कि इसके पूर्व राज्य में कोयला और शराब के घोटाले उजागर हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि लालू राज में जैसे कागज पर फर्जी बिल बनाकर करोड़ों रुपये चारा के नाम पर लूटे गये थे। उसी प्रकार छत्तीसगढ़ की बघेल सरकार ने कागज पर ही गोबर की खरीद बिक्री दिखाकर जनता की गाढ़ी



कमाई के करोड़ों रुपए लूट लिये ।

उन्होंने कहा कि तीन महिलाओं से 2,82,000 किलो गोबर खरीद के बाद उन्हें 5,65,000रूपये का भुगतान भी किया गया। जबकि सच्चाई यह है कि उन तीनो महिलाओं के पास गाय तक नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कभी भी भ्रष्टाचार मुक्त नहीं हो सकती।

## तिलैया बाईपास के लिए अब तक नहीं हुआ जमीन का सीमांकन

**रांची।** नेशनल हाइवे-31 में बरही-कोडरमा फोरलेनिंग कार्य में अब तिलैया बाईपास के लिए पूरी तरह से जमीन डिमारकेशन का कार्य पूरा नहीं हो पाया है। जिला प्रशासन कोडरमा को जल्द इस कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया गया है। एनएचएआई यह प्रयास कर रहा है कि डिमारकेशन का काम पूरा हो ताकि बाइपास निर्माण में तेजी लायी जा सके। हालांकि, प्रशासन ने तिलैया बाइपास में जामखोड़ी विलेज में जमीन की समस्या का निदान कर दिया गया है। वहीं, 21 करोड़ रुपये का बकाया मुआवजा भुगतान भी रैयतों के बीच में किया गया है। इस वजह से अब करीब आधा किमी कैरिवेजवे और आधा किमी सर्विस रोड का निर्माण का भी रास्ता साफ हो गया है।

# कांग्रेस नेताओं में दिल्ली की राजनीति करने की इच्छा मारने लगी है हिचकोले

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अगामी लोकसभा चुनाव और टिकट बंटवारे को लेकर झारखंड प्रदेश कांग्रेस में अभी से ही मंथन शुरू हो गया है। पार्टी के कई नेताओं ने प्रदेश नेतृत्व को चुनाव लड़ने की अपनी इच्छा जता दी है। कांग्रेस के कई नेता भी अपनी तैयारी में जुट गये है। ऐसे नेताओं में दिल्ली की राजनीति करने की इच्छा हिचकोले मारने लगी है। पार्टी के कई विधायक, पूर्व विधायक,



सांसद, पूर्व सांसद के साथ-साथ जिलाध्यक्ष और अलग-अलग विभागों के अध्यक्ष ऐसे हैं, जिन्होंने प्रदेश नेतृत्व से मिलकर लोकसभा चुनाव लड़ने की इच्छा भी जताई है।

मालूम हो कि झारखंड में लोकसभा की सिर्फ 14 सीटें हैं। उसमें से सहयोगी दल झारखंड मुक्ति मोर्चा और राष्ट्रीय जनता दल के साथ टिकटों का बंटवारा भी होना है। इससे यहां कांग्रेस कोटे की सीट भी काफी कम ही होगी। ऐसे में प्रदेश कांग्रेस ने नेताओं के परफॉर्मेंस को टिकट बंटवारे का आधार तय किया है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने साफ कर दिया है कि टिकट वितरण में उन्हें ही प्राथमिकता दी जायेगी, जिन नेता और कार्यकताओं ने कांग्रेस के कार्यक्रमों और राहुल गांधी की विचारधारा को जनता तक पहुंचाने में जी तोड़ मेहनत की है।

**पार्टी कार्यक्रमों में भागीदारी भी होगा एक पैमाना :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पूर्व केंद्रीय और राज्य स्तर पर प्रदेश कांग्रेस द्वारा जितने कार्यक्रम किये गए, उसमें कांग्रेस के नेताओं की भागीदारी कितनी रही, इसका भी आकलन किया जाएगा। उन्होंने कहा है कि भारत जोड़ो यात्रा की बात, आम आदमी के साथ, प्रखंड स्तरीय जनसंवाद यात्रा, कांग्रेस ऑनलाइन-ऑफलाइन सदस्यता अभियान, महंगाई-बेरोजगारी, हिंडेनबर्ग रिपोर्ट के बाद हुए कांग्रेस के धरना प्रदर्शन में किस नेता ने कितना योगदान दिया, इसका भी आकलन किया जाएगा।

इधर प्रदेश कांग्रेस की सूत्रों की माने तो 37 नेताओं ने प्रदेश नेतृत्व के समक्ष लोकसभा चुनाव लड़ने की इच्छा जता चुके है। इनमें कई वर्तमान विधायक और सांसद के अलावा पूर्व विधायक, सांसद और कई जिलाध्यक्ष शामिल हैं। ऐसे में प्रदेश कांग्रेस ने टिकट पाने का एक पैमाना तय कर दिया है। अब देखना होगा कि इस कसौटी पर खड़ा उतरने वाले ही टिकट पाने के योग्य समझे जाते हैं या फिर विनिंग फैक्टर सब पर हावी हो जाता है।

ज्ञात हो कि लोकसभा चुनाव 2019 में कांग्रेस ने महागठबंधन के तहत सात लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किए थे। झामुमो ने चार, झाविमो ने 02 और राजद ने 02 पर उम्मीदवार उतारे थे।



# सोमवारी पर बोल बम के जयकारों से गूंजे शिवालय

**रांची।** राजधानी रांची के सभी शिव मंदिरों में सावन की तीसरी सोमवारी पर भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। शहर के प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर में दिन भर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। सावन की सोमवारी पर ऊँ नमः शिवाय, हर हर महादेव की गूंज पहाड़ी मंदिरों में सुनाई पड़ रही थी। मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिला और शिवालय बोल बम के जयकारों से गूंज रहे थे । सुबह से ही श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए पहाड़ी मंदिर पहुंच रहे थे। शहर के कई मंदिरों में महादेव का दूध, दही, शहद, घी फलों के रस शक्कर से भी अभीषेक किया गया । राजधानी के चुटिया स्थित सुरेश्वर महादेव मंदिर, मोराबादी स्थित शिव मंदिर,कोकर शिव मंदिर समेत कई शिवालयों में श्रद्धालुओं ने भगवान भोले बाबा पर जलाभिषेक किया। कई शिवालयों में संगीतमय भजनों का आयोजन भी किया गया जहां की बाबा भोले शंकर पर आधारित भजन प्रस्तुत पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। वैसे तो राजधानी के सभी शिवालयों में भीड़ देखा गया पर सबसे ज्यादा भीड़ पहाड़ी मंदिर में देखने को मिला। उधर, सावन को देखते हुए सभी प्रमुख शिवालयों में सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मंदिर परिसर की निगरानी सीसीटीवी कैमरों से की जा रही है। इसके अलावा मंदिर के बाहर से लेकर अंदर तक पुलिस का सख्त पहरा है। बैरिकेडिंग कर महिला और पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग लाइन लगवाई गई। पहाड़ी मंदिर पर कोषाध्यक्ष उत्तम कुमार अपने मित्र राजीव केसरी रणविजय सिंह और श्रीनिवास राय के परिजनों के साथ बाबा पर जल अर्पण किया

**सुरेश्वर महादेव मंदिर में भी भक्तों की भीड़ उमड़ी**

स्वर्णरेखा नदी तट पर स्थित सुरेश्वर महादेव मंदिर चुटिया में सावन के तीसरे सोमवार को सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी मंदिर का पट खुलते ही शिवलिंग पर जलाभिषेक शिव भक्तो ने किया। शिवभक्तों की कतार तड़के सुबह एक किलोमीटर तक पहुँच गयी थी। इन शिवभक्तों की गूंज से पुरे वातावरण शिवमय हो गया और सभी कांवरिया कतारबद्ध हो कर बाबा का जयघोष करते हुए जलार्पण हेतु आगे बढ़ते हुए बाबा मंदिर के गर्भ गृह में जलार्पण किये।











# डीसी ने किया सिविल सर्जन कार्यालय का निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने सोमवार को जिल कुष्ठ निवारण केन्द्र, यक्ष्मा केन्द्र व सिविल सर्जन कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान सिविल सर्जन (सदर) डॉ विनोद कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी रांची, डॉ शशि भूषण खलखो एवं जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी एआर मुस्तफी, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डा साबरी, डीआरसीएचओ अमिम मांझी और डीपीसी राकेश राम एवं संबंधित सभी अधिकारी/कर्मी मौजूद थे।

**सिविल सर्जन कार्यालय के निरीक्षण क्रम में सभी शाखाओं का किया अवलोकन**

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा सिविल सर्जन कार्यालय के निरीक्षण क्रम लेखा शाखा, आयुष्मान शाखा, पीसीपीएन डीटी शाखा, गंभीर बीमारी सेल, स्थापना शाखा जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, दिव्यांग शाखा का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारी से विस्तृत जानकारी लेते हुए सभी संबंधित अधिकारी को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।



उपायुक्त ने गंभीर बीमारी से संबंधित जितने मामलें सिविल सर्जन कार्यालय में आते हैं, उसपर त्वरित कार्रवाई करते हुए वैसे मरीजों को ससमय लाभ मिल सकें इसपर विशेष ध्यान देने को कहा।

**प्रज्ञा केंद्र में कार्य संबंधित दर लगाने का निर्देश**

उपायुक्त सिविल सर्जन कार्यालय स्थित प्रज्ञा केंद का निरीक्षण करते हुए यहां के कार्य को देखते हुए प्रज्ञा केंद्र के संचालक से कहा कि कार्य संबंधित दर का बोर्ड बाहर अनिवार्य रूप से बाहर लगाए ताकि सभी को इसकी जानकारी रहें किस कार्य के लिए कितनी राशि ली जाती हैं।

**स्वास्थ्य शिविर लगाने का निर्देश**

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा ओल्ड एज होम, अनाथालय, कस्तूरबा विद्यालय, बालिका आवासीय विद्यालय आदि में स्वास्थ्य शिविर लगाते हुए सभी बीमारियों की पहचान कर ससमय उपचार करने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया गया। ताकि इसका लाभ उन्हें सीधा तौर पर मिलें। वे सभी इसका लाभ उठा कर अपना स्वास्थ्य अच्छा रख सकें।

# स्वास्थ्य विभाग की गतिविधियों से अवगत हुए गवर्नर सीपी राधाकृष्णन



**रांची।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता सोमवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से राजभवन में मिले। इस दौरान मंत्री ने राज्यपाल को स्वास्थ्य विभाग की गतिविधियों से अवगत कराया। साथ ही विभाग की भविष्य की कार्य योजनाओं की जानकारी दी। बन्ना ने राज्यपाल को कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग सीमित संसाधन के बावजूद सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवा का लाभ पहुंचाने के लिए काम कर रहा है।

**स्वास्थ विभाग की समीक्षा बैठक की दी जानकारी**

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने राज्यपाल को बीते दिनों मुख्यमंत्री के साथ विभाग की समीक्षा बैठक की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सीएम ने राज्य के मेडिकल अस्पतालों में 24 घंटा और सातों दिन चिकित्सा व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया है।

**स्वास्थ्य सेवा को सुधारने का राज्यपाल का निर्देश**

स्वास्थ्य मंत्री ने सीपी राधाकृष्णन को बताया कि कालाजार उन्मूलन, स्किल सेल एनीमिया, सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन, टीबी मुक्त के लिए काम किया जा रहा है। राज्यपाल ने मंत्री की बातों को गंभीरता पूर्वक सुना और स्वास्थ्य सेवा को सुधारने के लिए विशेष दिशा निर्देश दिये।

## खबर एक नजर में

### ट्रांसफर के दो माह बाद भी पुरानी जगह में लौटने की जुगत लगा रहे कुछ कर्मचारी

**रांची।** डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने जिला मुख्यालय से कई कर्मचारियों का तबादला कर दिया। ये वैसे कर्मचारी थे जिन्होंने पांच साल से एक ही जगह पर जमे थे। उस ट्रांसफर के अभी दो माह ही हुए हैं कि कुछ लोग अपनी पुरानी जगह पर आने की तैयारी शुरू कर दी है। जिनकी जैसी पहुंच है उसका इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। अपनी पुरानी जगह पर आने के लिए लगातार जुगाड़ पर जुगाड़ लगा रहे हैं। बताया जा रहा है कि दो माह पहले जो ट्रांसफर किये गये हैं उनमें कुछ पुराने चेहरे भी हैं जिनका पहले प्रखंड में ट्रांसफर हो चुका था। यही नहीं कुछ ऐसे भी कर्मचारी हैं जिन्हें केवल एक ही विभाग में मन लगता है, दूसरे कार्यालय में रहना नहीं चाहते हैं। चर्चा यह है कि पुरानी जगह पर आने के लिए हर तरह का हथकंडा अपना रहे हैं।

### राज्यपाल से मिले सेना के अधिकारी

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से ब्रिगेडियर अश्विनी नायर और कर्नल एके सिंह ने सोमवार को राजभवन में भेंट की। बताया गया कि यह एक शिष्टाचार भेंट थी।

### बच्चे की मौत, परिजनों ने कहा, डॉक्टर की लापरवाही

**रांची।** सोमवार को इलाज के दौरान अली खान की मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया है कि बच्चे की मौत डॉक्टर की लापरवाही से हुई है। अली की मां रेशमा का कहना है कि उसके बच्चे का पांव टूट गया था। उसके इलाज के लिए वह डॉ एस अली के अस्पताल में आई थी। ऑपरेशन से पूर्व दो बार एनेस्थीसिया का डोज दिया गया, इसके बाद बेटा कोमा में चला गया। डॉक्टर ने रेशमा को बेटे से मिलने नहीं दिया। जब मामला बिगड़ने लगा तो उसे किसी प्राइवेट अस्पताल में ले जाने की बात कही। फिर, बच्चे को रिम्स ले जाने की सलाह दी। रिम्स में बच्चे की मौत हो गई। इधर, डॉ एस अली का कहना था कि बच्चे की मौत उनकी लापरवाही से नहीं हुई है। डॉक्टर ने कहा कि ऑपरेशन के दौरान मरीज स्पाइनल शॉक में चला गया। यह काफी गंभीर होता है। इस वजह से मौत हो गई।

### रिम्स में मारपीट घटना की जांच को 6 सदस्यीय अनुशासन कमेटी गठित

**रांची।** रिम्स में बीते दिनों हुई मारपीट घटना की जांच को 6 सदस्यीय अनुशासनात्मक कमेटी का गठन किया गया है। टीम में डॉ शिव प्रिये, डॉ शीतल मलुआ, डॉ मनोज कुमार और डॉ बेला रोज एक्का शामिल हैं। यह टीम डॉ विद्यापति के नेतृत्व में रिम्स मारपीट घटना की जांच करेगी। मालूम हो कि बीते दिन रिम्स में सीनियर और जूनियर छात्रों के बीच हुए मारपीट की घटना के बाद मेडिकल कॉलेज का माहौल तनावपूर्ण हो गया था। मामले को देखते हुए रिम्स प्रबंधन ने 19 जुलाई को एमबीबीएस/बीडीएस की कक्षाओं को रद्द करते हुए 20 जुलाई को हॉस्टल खाली करवा दिया है। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए निदेशक डॉ आरके गुप्ता ने छह सदस्यीय अनुशासनात्मक कमिटी का गठन किया है। डीन एकेडमिक डॉ विद्यापति की अध्यक्षता में घटना की जांच की जाएगी। वहीं कमेटी में डीन छात्र कल्याण डॉ शिव प्रिये, सर्जरी विभाग के एचओडी डॉ शीतल मलुआ, माइक्रोबायोलॉजी विभाग के एचओडी डॉ मनोज कुमार और बायोकेमेस्ट्री विभाग की एचओडी डॉ बेला रोज एक्का, डेंटल के एचओडी डॉ एन सिंह समिति में शामिल हैं। कमेटी के सदस्य को जल्द ही मामले की जांच कर रिपोर्ट निदेशक को सौंपने का निर्देश दिया गया है। इसके बाद रिम्स प्रबंधन द्वारा घटना में शामिल छात्रों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### रांची नगर निगम की नई बिल्डिंग से टाइल्स का बड़ा टुकड़ा गिरा, बाल-बाल बची निगम की कर्मचारी

**रांची।** नगर निगम की नई बिल्डिंग के सबसे ऊपरी मंजिल का एक टाइल्स अचानक गिर गया। इससे निगम की एक कर्मचारी बाल-बाल बच गई। एक बड़ा हादसा होते होते रह गया। दरअसल, नगर निगम के पार्किंग एरिया के पास नगर निगम के वाटर डिपार्टमेंट में काम करने वाली कर्मचारी अपनी गाड़ी लगा कर वापस लौट रही थी। इसी दौरान एक टाइल्स का टुकड़ा तेज आवाज के साथ जमीन पर गिर गया। अगर महिला एक से दो सेकंड की भी देरी करती तो शायद वह टाइल्स का बड़ा टुकड़ा महिला के शरीर पर गिरता। इससे बड़ी अनहोनी हो सकती थी। घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई। आवाज सुन कर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। महिला ने बताया कि वह गाड़ी लगाकर जैसे ही लौटने लगी कि अचानक टाइल्स का टुकड़ा उसके पैरों के पास आ गिरा। इससे वह डर कर वहां से भाग गई। वहां पर मौजूद लोगों ने बताया कि जिस तरह से टाइल्स के गिरने की आवाज हुई। उससे आसपास के लोग सकते में आ गए और आनन-फानन में नगर निगम कार्यालय के पास पहुंचे। आने पर उन्होंने देखा कि जमीन पर टाइल्स का टुकड़ा बिखरा पड़ा है और महिला डरी सहमी हुई थी। बगल के बिल्डिंग में सिक्योरिटी का काम करने वाले एक गार्ड ने बताया कि टाइल्स आए दिन गिरते रहते हैं और इससे कई बार लोग घायल होने से बचे हैं।

**निगम ने बताई जुडको की लापरवाही**

वहीं पूरे मामले पर हमने जब नगर निगम के पदाधिकारी रजनीश कुमार से बात की तो उन्होंने कहा कि यह पूरा बिल्डिंग जुडको के द्वारा बनाया गया है। जुडको की लापरवाही की वजह से आज बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। इसे लेकर लिखित शिकायत जुडको के अधिकारियों को किया जा रहा है।

# संपत्ति हड़पने को भाई ने रची थी भाई के हत्या की साजिश

## चार गिरफ्तार, हथियार बरामद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पंडरा ओपी क्षेत्र स्थित बाजार समिति के दुकानदार दीपक कुमार गुप्ता की उसके बड़े भाई ने हत्या की साजिश रची थी। एसएसपी किशोर कौशल को मिली गुप्त सूचना के आधार पर डीएसपी प्रकाश सिंह के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई की है। पुलिस ने घटना में शामिल दीपक कुमार गुप्ता के बड़े भाई राधानगर निवासी आनंद कुमार गुप्ता, पुंदाग आईएसएम चौक निवासी अल्तनत खां, रवि स्टील निवासी रितेश वर्मा, और हिंदपीढ़ी कब्रिस्तान लेन निवासी शाहबाज खान को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने दो देसी पिस्टल, सात जिंदा गोली समेत कई अन्य सामान बरामद किया है।

**हत्या के लिए मोहल्ला में रेकी कर रहे थे अपराधी :** दीपक कुमार गुप्ता की हत्या करने के लिए उनके ही मोहल्ले में अपराधी रेकी कर रहे थे। इसकी सूचना एसएसपी को मिली। जिसके बाद पुलिस टीम का गठन किया गया. पुलिस की टीम जैसे ही राधानगर रोड नंबर 2 पहुंची तो, पुलिस को देख दो शूटर भागने का प्रयास करने लगे। जिसके बाद पुलिस की टीम ने रितेश वर्मा और अल्तनत खां को पकड़ा। दोनों के पास से लोडेड देशी पिस्टल और गोली बरामद किया गया। दोनों अपराधियों से पूछताछ के बाद मिली जानकारी के आधार पर पुलिस की टीम ने इस हत्याकांड की सुपारी देने वाले दीपक कुमार गुप्ता के भाई आनंद कुमार गुप्ता को उनके घर से गिरफ्तार किया। साथ ही इस घटना में शामिल एक अन्य अपराधी शाहबाज खान को हिंदपीढ़ी से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार सभी अपराधियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है।



**बड़े भाई की संपत्ति को हड़पने के लिए हत्या की साजिश रची थी**

पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि दीपक कुमार गुप्ता अपने कारोबार में काफी आगे बढ़ गए थे। उन्होंने कई जगह जमीन भी ले ली थी। लेकिन छोटा भाई आनंद का कारोबार कुछ खास नहीं चल रहा था। इसी को लेकर उसने अपने की भाई की हत्या की साजिश रच डाली, ताकि उसकी सारी संपत्ति पर वह कब्जा कर ले।

# पहले कर दी युवक की हत्या, फिर स्कॉर्पियो किराए ले चला ठिकाने लगाने

- स्कॉर्पियो में लाश होने की सूचना ड्राइवर ने ही दी एसएसपी को
- बंगाली युवती के साथ शादी रचा कर पुरूलिया में रह रहा था अश्विनी



**रांची।** खरसीदाग ओपी पुलिस ने सोमवार को जंगल से 30 वर्षीय युवक का शव बरामद किया है। युवक की पहचान अश्विनी कुमार मिर्धा के रूप में की गई है। वह लोअर बाजार के चडरी का रहनेवाला है। बताया जाता है कि अश्विनी ने दो माह पूर्व बंगाल की युवती से शादी की थी। शादी करने के बाद वह पुरूलिया में ही रह रहा था। दो माह के बाद वह अपनी पत्नी को कहा कि वह रांची मोबाइल खरीदने के लिए जा रहा है। वह ट्रेन से शनिवार को रांची आ रहा था। लेकिन, वह अपने चडरी स्थित घर नहीं पहुंचा।

सोमवार की सुबह जंगल में शव पाए जाने की सूचना एसएसपी किशोर कौशल को मिली। किशोर कौशल को स्कॉर्पियो के ड्राइवर ने फोन कर सूचना दी। ड्राइवर निखिल ने पुलिस को बताया कि फोन के माध्यम से उसके स्कॉर्पियो को उदय मुंडा नामक युवक बुक किया था। बुक करने के बाद उसे इटकी रोड के मेजर कोठी में बुलाया गया। उदय मुंडा दो तीन सहयोगियों के साथ स्कॉर्पियो पर अश्विनी कुमार मिर्धा को बीमार बता कर चढ़ा।

रास्ते में निखिल को पता चला कि वह लाश लेकर जा रहा है। इस पर उसने विरोध किया। विरोध करने पर उदय मुंडा ने कहा कि चलो जंगल में ही लाश को फेंक देते हैं। इसके बाद लाश को जंगल में फेंक दिया गया। बाद में निखिल ने एसएसपी को फोन कर पूरे मामले की जानकारी दी।

**पंडरा पुलिस कर रही है पूछताछ**

पंडरा पुलिस शव और स्कॉर्पियो ड्राइवर निखिल को अपने साथ ले गई। जहां पंडरा ओपी में पूछताछ की जा रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि अश्विनी घर की बजाय मेजर कोठी कैसे पहुंचा और उसकी हत्या क्यों की गई। पुलिस उदय मुंडा की तलाश में संभावित स्थानों पर छापेमारी कर रही है।

# बांग्लादेशी घुसपैठ से बदल रही झारखंड की डेमोग्राफी, सरकार गंभीरता से ले : राज्यपाल



**रांची।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ को लेकर चिंता जतायी है। उन्होंने न्यूज एजेंसी एएनआई को दिए बयान में कहा है कि यह एक खतरनाक स्थिति है। बांग्लादेशी घुसपैठ के कारण आदिवासियों की सभ्यता और संस्कृति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ये घुसपैठिये आदिवासी युवतियों से विवाह भी कर रहे हैं, हमें इसके प्रति सचेत होना होगा। राज्यपाल ने कहा कि इस मुद्दे पर उन्होंने मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव से भी बात की है। झारखंड की डेमोग्राफी विदेशी घुसपैठ से बदलनी नहीं चाहिए। हमें इसके लिए गंभीरता से विचार करना होगा। राज्यपाल के बयान के बाद राज्य के भाजपाईयों ने भी सरकार को घेरना शुरु कर दिया है।

# राज्य के इंजीनियरिंग कॉलेजों में 31 तक लिए फर्स्ट राउंड में दाखिले

## सेकेंड राउंड के लिए 3 से च्वाइस फिलिंग और 12 अगस्त से मिलेगा दाखिला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के इंजीनियरिंग कॉलेजों में सोमवार से दाखिले की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। सभी उम्मीदवारों का डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन का काम 31 जुलाई तक होगा। ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जामिनेशन-मेन रैंक के आधार पर राज्य इंजीनियरिंग काउंसलिंग के जरिए छात्र-छात्राओं का एडमिशन लिया जा रहा है। राज्य इंजीनियरिंग कॉलेज में एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त कुल 5126 सीटें हैं, जिसमें आरवीएस इंजीनियरिंग कॉलेज, बीए इंजीनियरिंग कॉलेज, मैरी लैंड समेत कोल्हान के अन्य कॉलेजों के साथ ही बीआइटी सिंदरी की 680 सीटें भी शामिल हैं।




**तीन राउंड में होगा एडमिशन**

मालूम हो कि झारखंड कंबाइंड एंट्रेंस कॉम्पिटिटिव एग्जामिनेशन बोर्ड (जेसीईसीई बोर्ड), जी-मेन 2023 रैंक के आधार पर राज्य इंजीनियरिंग काउंसलिंग के जरिए बीई और बीटेक में एडमिशन के लिए आवेदन ले रहा है, जो फर्स्ट, सेंकेंड और थर्ड, तीन राउंड में होगा। जो भी स्टूडेंट्स जेसीईसीई बोर्ड के जरिए झारखंड के इंजीनियरिंग कॉलेजों में एडमिशन लेना चाहते हैं, वे जेसीईसीई बोर्ड की ऑफिशिय वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**सेकेंड राउंड की तारीखें**

कब तक होगा आवेदन- 25 से 27 जुलाई तक

कब और कहां जारी होगी मेरिट लिस्ट- 1 अगस्त को जेसीईसीईबी की आधिकारिक वेबसाइट पर सीट अलॉटमेंट के लिए रजिस्ट्रेशन एवं च्वाइस फिलिंग की प्रक्रिया- 3 से 7 अगस्त के बीच होगी। बोर्ड की ओर से प्रोविजनल सीट अलॉटमेंट लेटर- 11 से 19 अगस्त तक जारी किया जाएगा। दस्तावेजों की जांच और संबंधित संस्थान में प्रवेश - 12 से 19 अगस्त के बीच।

**झारखंड के इंजीनियरिंग कॉलेजों में बढ़ीं 598 सीटें**

एडमिशन से संबंधित अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार झारखंड कंबाइंड एंट्रेंस कॉम्पिटिटिव एग्जामिनेशन बोर्ड का अधिकारिक वेबसाइट देख सकते हैं। हाल ही में जेसीइसीइबी ने राज्य के 16 इंजीनियरिंग कॉलेजों का सीट मैट्रिक्स जारी किया है। इस पिछले वर्ष की तुलना में 598 सीटें बढ़ायी गयी हैं और इनको एआइसीटीइ से मान्यता भी मिल गयी है। जेइइ मेन के रिजल्ट पर राज्य के विभिन्न इंजीनियरिंग कॉलेजों में काउंसेलिंग प्रक्रिया से कुल 5496 सीटों पर विद्यार्थियों का नामांकन होगा। वहीं बीते वर्ष 4898 सीट पर नामांकन हुआ था।

# ड्यूटी पर सोना मना है, सोए तो हो जाओगे निलंबित, करेंगे कार्रवाई : डीआइजी

**रांची।** सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रांची पुलिस सख्त है। इसको लेकर राजधानी के विभिन्न चौक चौराहों पर एंटी चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। डीआईजी अनूप बिरथरे और एसएसपी किशोर कौशल भी पुलिस मुस्तैदी और सतर्कता परखने के लिए प्रतिदिन बाहर निकल रहे हैं। कई थाना का जायजा लेने के बाद डीआइजी ने पाया कि पेट्रोलिंग कर रहे पीसीआर के जवान ड्यूटी के दौरान सो रहे हैं। डीआइजी ने एसएसपी को तत्काल प्रभाव से तीनों पुलिसकर्मियों को सस्पेंड करने का आदेश दिया। आदेश मिलने के बाद एसएसपी ने तीनों को सस्पेंड कर दिया।

**सिटी एसपी, डीएसपी व इंस्पेक्टर को सौंपे टास्क :** डीआइजी ने कहा कि रात में बार खुलने का जो समय निर्धारित है, उस समय पर ही बार खुले और बंद हो। यदि इलाके के थानेदार इस पर पाबंदी नहीं लगाते हैं तो उनके विरूद्ध भी कार्रवाई की जाएगी। शहर में अपराध और उसकी रोकथाम के लिए डीआइजी ने सिटी एसपी, डीएसपी व इंस्पेक्टर को रात 12 बजे तक थाना न छोड़ने की हिदायत दी है।

**विधि व्यवस्था पर सीएम ने जताई थी नाराजगी :** राज्य में लॉ एंड ऑर्डर को लेकर बीते 21 जुलाई को हुई उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नाराजगी जतायी थी और डीजीपी अजय कुमार सिंह को क्राइम कंट्रोल के लिए 15 दिनों की मोहलत दी।

# बंगाल की खाड़ी में बन रहा निम्न दबाव सबकुछ ठीक रहा तो जमकर होगी बारिश

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के अनुसार बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बन रहा है। अगले चार दिनों में यह एक्टिव हो जाएगा। इसके बाद 28 जुलाई से जमकर बारिश हो सकती है। मौसम विभाग की मानें तो अगले चार दिनों में मॉनसून अपनी रफ्तार पर होगा। ऐसे में झमाझम बारिश राज्य के कई हिस्से में हो सकती है। बताया जा रहा है कि बंगाल की खाड़ी में बन रहा निम्न दबाव का क्षेत्र झारखंड होकर गुजरेगा। इसलिए अच्छी बारिश हो सकती है। मॉनसून के झारखंड में प्रवेश के बाद से अब तक महज 236.3 मिमी बारिश हुई है। यह सामान्य से 46 फीसदी कम है।

**28 से बारिश की पूरी संभावना :**



मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के मुताबिक बंगाल की खाड़ी के उत्तरी भाग में निम्न दबाव का क्षेत्र बन रहा है। यह इस सीजन का पहला निम्न दबाव क्षेत्र है। इसी वजह से अंदाजा लगाया जा रहा है कि झारखंड को इसका लाभ मिलेगा। उत्तरी खाड़ी से इसके पश्चिमोत्तर दिशा में बढ़ने की संभावना है। इस कारण इसके झारखंड से होकर गुजरने की संभावना बढ़ गयी है। इसके प्रभाव से झारखंड में 28 जुलाई से बारिश की गतिविधि बढ़ेगी।

**निम्न दबाव में तब्दीली नहीं हुई इस वजह से बारिश में कमी आयी :** बीते दो दिनों में भी साइक्लोनिक सकुर्लेशन का असर राज्य में पड़ा था। यही वजह है कि राजधानी रांची सहित राज्य के कई जिले में रूक-रूक कर बारिश होती रही। 16 और 20 जुलाई को भी खाड़ी में बने साइक्लोनिक सकुर्लेशन के निम्न दबाव क्षेत्र में तब्दील होने की संभावना थी, पर 20 जुलाई को बनने वाला निम्न दबाव का क्षेत्र आंध्र प्रदेश के उत्तरी और ओडिशा के दक्षिणी तट के पास बना। इससे ओडिशा के बाद छत्तीसगढ़ में अच्छी बारिश हुई।

## राज्य का बड़ा भू-भाग इस बार भी सुखाड़ की दहलीज पर



रांची। राज्य में देर से मानसून आने के बाद यह उम्मीद जगी थी कि जुलाई महीने में अच्छी वर्षा होगी और स्थितियां अनुकूल हो जाएगी। जुलाई महीने में सामान्यतः 319.4 मिलीमीटर वर्षा होती है, लेकिन इस बार सिर्फ 108.5 मिली मीटर वर्षा हुई है। यानी सामान्य से 66% कम वर्षा। मौसम केंद्र रांची के अनुसार 25 जुलाई तक सूबे बहुत अच्छी बारिश की उम्मीद भी नहीं है। झारखंड जिस तरह लगातार दूसरी बार सुखाड़ की दहलीज पर खड़ा है इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि वर्ष 2022 में जब राज्य में 226 प्रखंड सूखे की चपेट में थे उस समय 22 जुलाई तक सामान्य से 51% कम वर्षा रिकॉर्ड की गई थी। इस वर्ष भी अभी तक सामान्य से 46% कम मानसून की वर्षा हुई है। यह आंकड़े बताते हैं कि राज्य का बड़ा भूभाग इस बार भी अच्छी मानसूनी बारिश से वंचित है और राज्य के किसान परेशान हैं। अच्छी वर्षा की उम्मीद में धान का बिचड़ा लगाने वाले किसान अभी तक किसी तरह पानी की व्यवस्था कर बिछड़े को बचा कर रखा है परंतु अब उनमें निराशा के भाव आने लगे हैं। खेत की जुताई निकाली से लेकर खाद्य बीज की व्यवस्था करने में पूंजी लगा चुके किसानों को अब लगने लगा है कि इस बार भी खेतों में लगाई पूंजी अब लौटने वाली नहीं है। यह और बात है कि झारखंड कृषि निदेशालय तथा कृषि विभाग की नजर 31 जुलाई तक राज्य में होने वाले वर्षा की स्थिति और खेतों में धान, मक्का, तिलहन, दलहन के आच्छादन की स्थिति पर टिका हुआ है।

## किशोरों में शारीरिक एवं भावनात्मक बदलाव पर चर्चा



खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। नीरजा सहाय डीएवी में सोमवार को बालकों एवं बालिकाओं के लिए तरुण अवस्था में आने वाले शारीरिक एवं भावनात्मक बदलाव की परिचर्चा की गई। विद्यालय के शिक्षक अवधेश कुमार सिंह, अनामिका हर्षवर्द्धन एवं सुषमा प्रिया ने विद्यार्थियों को इस अवस्था में होने वाले बदलाव एवं अन्य साफ-सफाई के बारे में चर्चा की। प्राचार्य किरण यादव ने भावनात्मक झंझावात युक्त इस अवस्था में विद्यालय की ओर से मिलने वाली हरएक सहायता का भरोसा दिया एवं कहा कि माता - पिता भी बच्चों को भावनात्मक सहयोग करें एवं उनसे वातालार्प करें। मौके पर शिक्षक एवं शिक्षिकेतर कर्मचारी उपस्थित थे।

## लगन और अनुशासन के संगम वाला व्यक्तित्व ही विद्यार्थी है : मनीष अरविंद

### डीएवी बरियातू का 34वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातू का 34वां स्थापना दिवस सोमवार को मनाया गया। 24 जुलाई 1990 को स्थापित विद्यालय डीएवी के ज्ञान और विज्ञान के उद्देश्य के पथ पर मूल्यपरक शिक्षा प्रदान करते हुए एकेडमिक और को-करिक्युलर गतिविधियों में कई सफलताएं एवं उपलब्धियां हासिल की है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य वन संरक्षक कुमार मनीष अरविंद थे। मौके पर 2023 की बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक लाने वाले तथा आईआईटी, नीट, क्लैट में क्वालीफाई करने वाले तथा सीयूईटी-2023 के नेशनल टॉपर कात्यायनी मदेति को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डीएवी बरियातू की अध्यक्ष सुशीला गुप्ता, आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष शत्रुघ्न लाल गुप्ता, डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड जोन भी के सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी



एमके सिन्हा, डीएवी पब्लिक स्कूल गांधीनगर कांके के प्राचार्य एसके सिन्हा, डीएवी पुंदाग के प्राचार्य संजीत कुमार मिश्रा, डीएवी. हेहल के प्राचार्य एसके मिश्रा थे। अतिथियों का स्वागत करते हुए प्राचार्य विनय कुमार पाण्डेय विद्यालय के इतिहास और इसके इसकी उपलब्धियों की जानकारी दी।

**सत्य और अच्छाई का रास्ता न छोड़ें बच्चें :** मुख्य अतिथि कुमार मनीष अरविंद ने विद्यालय की उपलब्धियों पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में चार मुख्य बातों के अनुसरण का सलाह दिया। पहला कि जीवन में कभी भी सत्य और अच्छाई का रास्ता मत छोड़ना। विद्या अर्जन स्वयं एक संस्कार है। विद्यार्थी अर्थात लगन और अनुशासन के संगम वाला व्यक्तित्व। दूसरा कभी किसी भी प्रकार के दुगुर्णों तथा नशा की पहली सीढ़ी पर भी कदम नहीं रखना।?तीसरा कि यह ध्यान रखना कि एक उपलब्धि के बाद दूसरी उपलब्धि के लिए पुनः प्रयास लगाना अनिवार्य होता है। और चौथा कि हमेशा अपने माता पिता एवं गुरुजनों की बताई गई बातों का अनुसरण करना। उन्होंने प्रत्येक कार्यक्रम की तारीफ की कि पढ़ाई के साथ -साथ एक स्मरणीय कार्यक्रम की तैयारी की। उन्होंने नर्सरी के बच्चों द्वारा जंगल जंगल पता चला है गीत पर नृत्य को खूब सराहा और उसे मनमोहक बताया।

## शिक्षक पर छात्रा के साथ छेड़खानी का आरोप

रांची। पिठोरिया थाना एरिया में स्थित एक स्कूल के शिक्षक पर छात्राओं के साथ छेड़खानी,गलत तरीके से शरीर पर हाथ फेरने समेत कई मामलों की शिकायत पाई गई है। इस बाबत अभिभावकों ने स्कूल के शिक्षक रंथू मिश्रा पर प्राथमिकी दर्ज करने के लिए पहुंचे। अभिभावकों का कहना है कि स्कूल के शिक्षक के द्वारा छात्राओं के साथ दिनदाहाड़े छेड़खानी की जाती है। छेड़खानी से आहत एक छात्रा ने स्कूल के शिक्षक के खिलाफ परिजनों को जानकारी दी। जानकारी मिलने के बाद अभिभावक पिठोरिया थाना पहुंचे और शिक्षक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराया। पिठोरिया थाना प्रभारी अभय कुमार ने कहा कि पूरे मामले की छानबीन चल रही है। शिक्षक के खिलाफ शिकायत आई, शिकायत की पुष्टि होने पर शिक्षक को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## साथी रिटायरमेंट प्लानिंग प्रोग्राम का आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। सीएमपीडीआई के ''कोयल हॉल'' में 24 एवं 25 जुलाई, को दो-दिवसीय साथी-रिटायरमेंट प्लानिंग प्रोग्राम का शुभारंभ सोमवार को किया गया। इसके तहत मुख्यालय से सेवानिवृत्त अधिकारियों के लिए ''साथी-सबसे खुशहाल व्यक्ति के रूप में सेवानिवृत्त'' विषयक दो-दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की परिकल्पना सेवानिवृत्ति के बाद भावनात्मक कल्याण और उचित वित्तीय प्लानिंग प्रदान करने के उदेश्य से किया गया है। कार्यक्रम का उद्घाटन सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने किया। इस अवसर पर उन्होंने सेवानिवृत्त अधिकारियों को सेवानिवृत्ति के बाद उचित वित्तीय प्लानिंग, शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य आदि के महत्व के बारे में प्रकाश डाला। इस अवसर पर सीएमपीडीआई



के निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) एसके गोमास्ता एवं महाप्रबंधक व विभागाध्यक्षगण उपस्थित थे। मौके पर सेल के भूतपूर्व महाप्रबंधक (मानव संसाधन विकास) एवं लाइफ-कोच पी. शॉ ने सेवानिवृत्ति के बाद विभिन्न मनोवैज्ञानिक और शारीरिक मुद्दों से निपटने के तौर-तरीकों के बारे में बताया। दोपहर के सत्र में सेवानिवृत्ति के उपरांत वित्तीय सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जाए आदि विषयों पर चर्चा की गयी। मालूम हो कि 25 जुलाई दिन मंगलवार को पेंशन दावों, भविष्य निधि, चिकित्सा दावों जैसे टर्मिनल लाभों पर चर्चा की जाएगी।

## हेहल सीओ के खिलाफ फूटा गुस्सा सड़क पर उतरे लोग, जलाया पुतला



रांची। सोमवार को राजधानी में आक्रोशित लोगों ने हेहल अंचल के सीओ ओमप्रकाश मंडल पर पंजी टू में छेड़छाड़ का आरोप लगाया, बल्कि सीओ के खिलाफ काफी संख्या में लोग इटकी रोड में एकत्रित हुए। आक्रोशित लोगों ने नारेबाजी की और हेहल सीओ का पुतला फूंका। विरोध करने वाले लोगों का आरोप था कि सीओ जमीन के कागजात में हेराफेरी कर भू-माफि याओं की मदद करते हैं और गरीबों के जमीन पर गलत लोगों को कब्जा दिलवाने का काम करते हैं। उन पर पंजी टू में भी छेड़-छाड़ करने का आरोप लगाया गया। हालांकि, इस संबंध में सीओ ओमप्रकाश मंडल ने बताया कि जो भी काम अंचल में होता है, नियम के अनुरूप होता है। उनके पास पंजी टू में छेड़छाड़ से संबंधित न तो आवेदन आया है और न ही किसी व्यक्ति ने व्यक्तिगत तौर पर जमीन के मामले में गलत होने की जानकारी दी है।

## मशाविरत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष से मिला मुस्लिम मजलिस का प्रतिनिधिमंडल

रांची। मुस्लिम मजलिस उलेमा झारखंड का एक प्रतिनिधिमंडल मुफ्ती अब्दुल्ला अजहर कासमी के नेतृत्व में सोमवार को ऑल इंडिया मुस्लिम मजलिस मशाविरत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष फि रोज अहमद अंसारी से मुलाकात की। उनके रांची पहुंचने पर प्रतिनिधिमंडल ने गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर हजरत मौलाना मुफ्ती अब्दुल्लाह अजहर कासमी ने राज्य के मुस्लिम मुद्दों पर विस्तार से बताया और यहां के राजनीतिक और सामाजिक कार्यों के बारे में भी बताया। जिस पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष फि रोज अहमद अंसारी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि वह मशाविरत के माध्यम से हर संभव सहायता प्रदान करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में हजरत मौलाना तौफीक अहमद कादरी, शहर काजी मुफ्ती कमर आलम कासमी, शहर काजी कारी जान मुहम्मद मुस्तफी,खुर्शीद हसन रूमी, अब्दुल मनान, मोहम्मद इम्तियाज, सैयद आलम, आदिल रशीद शामिल थे।

## शांति समिति की बैठक



रांची। रांची डोरंडा थाना क्षेत्र मे थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत के नेतृत्व मे मुहर्रम पूर्व को आपसी सौहार्द और भाईचारगी के साथ मानने को लेकर डोरंडा थाना परिसर मे सोमवार को शांति समिति का बैठक आयोजित की गई। बैठक मे डोरंडा सेंट्रल मुहर्रम कमिटी के अध्यक्ष अशरफ अंसारी सहित कमिटी के सभी सदस्य ,डोरंडा महावीर मंडल के अध्यक्ष संजय पोद्दार सहित कमिटी के सभी सदस्य बैठक मे विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही बैठक मे डोरंडा के सभी अखाड़ा के खलीफा एवम समाजसेवी भी मौजूद थे। बैठक में मुहर्रम जुलूस को अच्छे तरीके से निकालने को लेकर थाना प्रभारी के समक्ष सभी अखाड़ा धारियों ने अपनी-अपनी बातें रखी। थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत ने सभी को आश्वस्त किया कि प्रशासन हर पल आप के साथ खड़ी है। साथ ही सभी अखाड़ा धारी अपने अपने जुलूस को सरकार और प्रशासन के गाईड लाइन का पालन करते हुए जुलूस निकालने का भरोसा दिलाया।

## नियोजन नीति और स्थानीय नीति परिभाषित नहीं होने से मूलवासी सदान को सबसे ज्यादा नुकसान : मोर्चा

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय समिति की ओर सदानी झंडा लगाओ अभियान सह विचार गोष्ठी का आयोजन सोमवार को जामताड़ा के फतेहपुर में किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि बालबच्चों के भविष्य को बचाना है तो मूलवासी सदानों के बीच राजनीतिक चेतना जगाना होगा। राज्य में बनने वाली सरकारों ने मूलवासी सदानों की अधिकार को छीनने का काम किया है और अब हमारी पहचान को मिटाने का साजिश हो रही है। उन्होंने कहा कि झारखण्ड में बाहरी लोगों को लोकसभा और विधानसभा में राजनीतिक दल उम्मीदवार बनाकर सांसद विधायक बना रहे हैं। इससे मूलवासी सदानों की राजनीतिक उपेक्षा हो रही है। उन्होंने कहा कि मूलवासी सदानों की आबादी 65% है। उन्होंने कहा



कि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने पिछड़ी जाति को 36से पच्चास प्रतिशत तक आरक्षण देने की अनुशंसा की है सरकार पहल करे। प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदान समुदाय से आने वाले सवर्णों को 10% मिलने वाले आरक्षण का लाभ झारखंड के सदान स्वर्ण को मिले। वहीं, असीम मंडल ने कहा कि सदान मोर्चा जाति की नहीं, जमात की बात करता है। हिंदू और मुस्लिम दोनों सदान समुदाय से आते हैं ऐसे में दोनों समुदाय धर्म के नाम पर आपस में कभी ना उलझे। बल्कि अपने अधिकार के लिए सदान मोर्चा के आह्वान पर हमेशा सड़क पर उतरें।

## झारखंड चैंबर और बिजनेस कल्स्टर ऑफ इंडिया की संयुक्त बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज और बिजनेस कलस्टर ऑफ इंडिया की संयुक्त बैठक सोमवार को चैंबर भवन में हुई। बैठक में रेफरल बिजनेस को बढ़ावा देने और महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करने पर वृहद् चर्चा हुई। व्यापारियों ने ऑनलाइन ट्रेड के बढ़ते प्रचलन से स्थानीय स्तर पर व्यापारियों को होनेवाली कठिनाई पर चिंता जताई और ऑनलाइन ट्रेडिंग को बहिष्कृत करने की मुहिम में झारखण्ड चैंबर को शामिल होने को जरूरी बताया जिसपर चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने सहमति जताते हुए सहयोग के लिए आश्वस्त



किया। ई-कॉमर्स की मनमानियों पर आपत्ति जताते हुए चैंबर अध्यक्ष ने कहा कि कहा कि स्थानीय स्तर पर व्यापारियों का संरक्षण जरूरी है। ई-कॉमर्स की मनमानी पर नियंत्रण हेतु सरकार को कडे कदम उठाने चाहिए। उद्यमिता के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी पर वृहद् रूप से चर्चा हुई। स्टार्टअप्स और एमएसएमई के क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं को किस प्रकार आगे बढ़ाया जाय, सरकार की योजनाओं का लाभ कैसे सुगमतापूर्वक मिले, इस बात पर भी बैठक में चर्चा की गई। इस दौरान कुछ महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। बैठक में बिजनेस कलस्टर ऑफ इंडिया के विस्तार पर भी चर्चा की गई। बैठक में चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, सह सचिव रोहित पोद्दार, प्रवक्ता ज्योति कुमारी, बिजनेस कलस्टर ऑफ इंडिया के अध्यक्ष धीरज ग्रोवर, सचिव सुजीत कुमार, डायरेक्टर अजय कुमार, एडमिनिस्ट्रेटर डॉ प्रदीप कुमार, कोषाध्यक्ष रमेश कुमार, सदस्य हीमानी गुप्ता, जुली कुमारी, आशीष अग्रवाल, डॉ संजीत कुमार, अमित सिन्हा, दीप्सी रंजन, सारेंदु कुमारी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### सीआइटी के पांच विद्यार्थियों का कैंपस सेलेक्शन



रांची। सीआइटी के पांच विद्यार्थियों का कैंपस सेलेक्शन कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के पांच विद्यार्थियों का कैंपस सेलेक्शन शिक्षा जगत से जुड़ी दो नामचीन कंपनियों ने किया है। नोएडा की कंपनी वाइहिल्स एडुटेक प्रा. लि. में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के विद्यार्थी कुमारी निकिता, सानिया राज सिन्हा, आशुतोष तिवारी व ईसीई ब्रांच की कस्तूरी पल्लवी का चयन किया गया है। जबकि बैंग्लोर की कंपनी विस्पार्क इनोवेशन लर्निंग प्रा. लि. में सीएसई ब्रांच के मोजामिल साहब का चयन किया गया है। इनका चयन बिजनस डेवलपमेंट एसोसिएट के पद पर किया गया है। टीएनपी प्रो. इंचार्ज डॉ के पी दत्ता ने बताया की चयनित विद्यार्थियों को सात लाख का सालाना पैकेज मिलेगा। सभी सफल विद्यार्थियों को प्रभारी प्राचार्य प्रो. अर्शद उस्मानी ने बधाई दी है।

### आजसू की आरएलएसवाई कॉलेज कमिटी गठित



रांची। अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) की ओर से सोमवार को रामलखन सिंह यादव कॉलेज (आरएलएसवाइ) कमिटी गठन किया गया। इस कमिटी में प्रशांत कुमार को प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह अमर कुमार गुप्ता को अध्यक्ष, रानी महतो को कार्यकारी अध्यक्ष, गोलू सिंह और पूजा गुप्ता को वरीय उपाध्यक्ष, विकास कुमार और पूजा कुमारी को उपाध्यक्ष, मिथलेश कुमार को महासचिव, खुशी कुमारी को कोषाध्यक्ष, अजय महतो को सह कोषाध्यक्ष और राहुल कुमार को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। कार्यक्रम में मुख्य प्रदेश सचिव ओम वर्मा, चेतन प्रकाश, प्रशांत कुमार कुमार, इत्यादि उपस्थित थे ।

### डोमिसाइल शहीदों को सरना समिति ने किया नमन



रांची। केन्द्रीय सरना संघर्ष समिति के तत्वावधान में 24 जुलाई 2002 मे डोमिसाइल आंदोलन में शहीद विनय तिग्गा, संतोष कुकल, कैलाश कुजूर के पूण्यतिथि कार्यक्रम में शहीद के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी । इस मौके पर केन्द्रीय सरना संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष शिवा कच्छप ने कहा कि डोमिसाइल नीति की लड़ाई अभी अधुरी है ।शहीदों का सपना का पूरा करना है, जबतक डोमिसाइल नीति लागू नही होती तबतक संघर्ष जारी रहेगा । इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनिता उरांव, सती तिर्की, कुलदीप उरांव, निलम उरांव, रीता खलखो , मीणा गाड़ी, मंगरी उरांव, राधा उरांव, पर्वती लकड़ा, बसंती कुजूर, कुईली उरांव, राजेश कुजूर, अरविंद बखला, विजय कच्छप , संजय तिग्गा , भानू उरांव आदि उपस्थित थे।

### पहाड़ी मंदिर परिसर में समर्पण शाखा ने किया जूस का वितरण



रांची। तिसरी सोमवारी के मौके पर मारवाड़ी युवा मंच राँची समर्पण शाखा ने पहाड़ी मंदिर में भोले बाबा के भक्तों के बीच गन्ने जूस का वितरण किया । सभी बोल बम का नारा लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे काफी संख्या में शिव भक्त पधारे थे । इसकी दानदाता पूर्व अध्यक्ष किरण खेतान थी , कार्यक्रम को सफल बानाने में जन सेवा प्रभारी शुभा अग्रवाल एवं संयोजिका कविता सोमानी, सरिता बथवाल ने विशोष योगदान दिया। इनके अलावा कार्यक्रम में रेखा रायेका, दीपिका मोतिका, रितु पोद्दार, कविता जालान ,प्रीति अग्रवाल शामिल थी।

### बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का किया वितरण



रांची। गुरु नानक सेवक जत्था द्वारा सोमवार को ओरमांझी के गांवों में बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान गांव में बच्चों के बीच कॉपी ,किताब ,पेंसिल, रबर ,कटर, ड्राइंग कॉपी समेत अन्य पाठक सामग्रियों के पैकेट का वितरण किया गया। स्थानीय समाजसेवी दीपा चौरसिया के सहयोग से गांव के सभी बच्चों को एक जगह एकत्रित कर उनके बीच 50 पैकेट पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। मौके पर गांव के लोगों ने गुरु नानक सेवक जत्था के सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत किया। जत्था के सूरज झंडई ने बताया कि जत्था द्वारा समय समय पर विभिन्न गांवों में जाकर गरीब बच्चों को उनकी जरूरत का सामान नि:शुल्क उपलब्ध कराया जाता है और यह सेवा अभियान अन्य बचे गांवों में भी चलाया जाएगा। गुरुनानक देव जी के असहाय लोगों की सेवा करने के संदेश से अन्य लोगों को भी प्रेरित होना चाहिए। इस सेवा अभियान में गुरु नानक सेवक जत्था के सूरज झंडई,आयुष पपनेजा,हर्ष सरदाना,वंश डावरा,कशिश नागपाल,करण अरोड़ा,रौनक ग्रोवर,आयुष गांधी,अमन डावरा,अमन सचदेवा, इनिश कठपाल,पीयूष मिढ़ा समेत अन्य शामिल थे।

### शहादत दिवस पर मृत साथियों को दी श्रद्धांजलि

रांची। 1932 खतियान आधारित डोमिसाइल विरोधी खेमा ने अपने आंदोलन के 21वें शहादत दिवस पर सोमवार को मृत साथियों दीपक, बबलू और आरके सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित किया। अखिल भारतीय भोजपुरी, मगही, मैथिली, अंगिका मंच द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मंच के नेता कैलाश यादव ने कहा कि राज्य गठन के बाद प्रथम सीएम बाबूलाल मरांडी ने 1932 डोमिसाइल नीति लागू की थी। वर्तमान सरकार भी इसी राह पर चल रही है। इसलिए 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति नहीं नहीं चलेगी। इसका आधार राज्य गठन की तिथि 15 नवंबर 2000 होनी चाहिए। राज्य में रहने वाले सभी साढ़े तीन करोड़ लोग झारखंडवासी हैं। कहा कि सरकार के मुखिया द्वारा बिहार, यूपी या अन्य राज्यों के प्रति वैमनस्यता व भेदभाव बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

**मौके पर मौजूद थे :** इस मौके पर संटू यादव, अभय झा, रामजी पांडे, अनिल तेली, राजकिशोर सिंह, मैनेजर राय, सुनील पांडेय, नीलम, नंदन यादव, सुधीर गोप,अंशु कुमार, राजेश कुमार, अनिल तिवारी, बिरजू पासवान, राम बड़ाइक, उपेंद्र सिंह, दिलीप सिंह, राम इकबाल चौधरी, सुनील यादव, प्रदीप तिवारी, पिंटू सिंह, लोकनाथ कुमार, चंदन यादव, कमल पांडे, सुनील पांडेय, सुबोध ठाकुर, कृष्ण कुमार, सीडी चौधरी, बबिता देवी, इंदु देवी, मंजू देवी, सावित्री देवी सहित कई उपस्थित थे।

### मुहर्रम के पांचवी का निशान खड़ा किया गया



रांची। सोमवार को मुहर्रम के पांचवी के मौके पर शहर के सभी इमामबाडे मे फातिहा के बाद अखाड़ों में निशान खड़ा किया गया। रांची सेन्ट्रल मुहर्रम कमेटी के अंतरगर्त धौताल अखाड़ा का निशान रात्रि 9:00 बजे ग्वालटोली में सरपरस्त हाजी साहब अली, खलीफा रोजन गद्दी, सचिव जमील गद्दी के नेतृत्व में खड़ा किया जाएगा। इमाम बख्श अखाड़ा का निशान प्रमुख खलीफा मोहम्मद सईद, खलीफा मोहम्मद महजूद, आफताब आलम, अकील उर रहमान के नेतृत्व में सेंट्रल स्ट्रीट हिंदपीढ़ी के मुख्य इमामबाड़े में निशान खड़ा किया गया। लीलू अली अखाड़ा का निशान लेक रोड स्थित इमामबाड़े में खलीफा मोहम्मद शहजाद, अब्दुल वाहिद खान के नेतृत्व में खड़ा किया गया। इस दौरान अस्त्र शास्त्र खेल का प्रदर्शन भी किया गया। वहीं डोरंडा सेन्ट्रल मुहर्रम कमेटी के नेतृत्व में सभी महोल्लें के इमाम बाडों में फातिहा नेयाज के बाद निशान खड़ा किया गया और सभी महोल्लें का अखाड़ा खेल का प्रर्दशन करते हुए डोरंडा युनूस चौक पहुंचा ।उक्त जानकारी सेंट्रल मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष के अध्यक्ष जावेद गद्दी, महासचिव अकील उर रहमान और मोहम्मद इस्लाम ने दिया ।

# ब्रिक्स से उम्मीद

आर्थिक गठबंधन और एशियाई देशों के साथ संबंधों के लिए जिम्मेदार दक्षिण अफ्रीका के राजदूत अनिल सुकलाल ने कहा कि 40 से अधिक देशों ने ब्रिक्स में शामिल होने में रुचि दिखाई है।आरटी की रिपोर्ट के अनुसार, राजनयिक ने जोहान्सबर्ग में कहा कि 22 देशों ने औपचारिक रूप से समूह में शामिल होने के लिए आवेदन किया है, जबकि ₹इतनी ही संख्या में₹ राज्य अनौपचारिक रूप से ब्रिक्स सदस्य बनने के बारे में पूछ रहे हैं। सुकलाल ने ब्रिक्स को एक समावेशी संगठन बताया जो बड़े वैश्विक समुदाय के साथ बातचीत के लिए हमेशा खुला रहा है।आरटी की रिपोर्ट के अनुसार, इस समूह में इस समय ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं और वैश्विक आबादी का 40 प्रतिशत से अधिक और दुनिया की जीडीपी का लगभग एक चौथाई हिस्सा है।ब्रिक्स ग्लोबल नॉर्थ और ग्लोबल साउथ के बीच अंतर नहीं करता है और किसी भी ऐसे देश से बात करने के लिए तैयार है, जिसका अधिक समावेशी और न्यायसंगत वैश्विक व्यवस्था के लिए समान दृष्टिकोण है, जहां हम दुनिया के बड़े हिस्से को हाशिए पर नहीं रखते हैं, जिसमें कई विकासशील देश भी शामिल हैं। राजनयिक ने बताया कि हालांकि संयुक्त राष्ट्र ने अभी तक व्यापक सुधार शुरू नहीं किए हैं, जो उभरते देशों को एक बड़ी आवाज देगा, ब्रिक्स ने स्थिति को सुधारने के लिए अपना रास्ता तैयार किया है। हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ब्लॉक एक प्रमुख आर्थिक शक्ति बनने का प्रयास नहीं करता है₹, बल्कि परिवर्तन के लिए काम करने के लिए समावेशी तरीके से एक बड़ा प्रभाव₹ रखना चाहता है।"हम ऐसी दुनिया नहीं चाहते, जहां हमारे पास एक या दो वैश्विक आधिपत्य हों।" उन्होंने बताया कि सत्ता का ऐसा वितरण वैश्विक समुदाय में विभाजन पैदा करता है।

# लंबित मामलों के कारण

केंद्र सरकार द्वारा गुरुवार को राज्यसभा में बताया गया कि शीर्ष अदालत में सत्तर हजार, उच्च न्यायालयों में साठ लाख से अधिक तथा जिला और अधीनस्थ अदालतों में 4.4 करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं। निस्संदेह, लंबित मामलों में वृद्धि के अनेक कारण हैं। जिनमें न्यायाधीशों और न्यायिक अधिकारियों की अपर्याप्त संख्या, मामलों के निपटान के लिये निर्धारित समय सीमा का अभाव, बार-बार स्थगन और सुनवाई मामलों की निगरानी व ट्रैक करने के लिये प्रभावी व्यवस्था की कमी प्रमुख हैं। इसके बावजूद इन मुकदमों के लंबित होने के मुख्य कारण को भी तलाशना जरूरी है ताकि न्याय की राह सुगम हो। विगत में पूर्व मुख्य न्यायाधीश एन.वी. रमना ने देश की अदालतों में मुकदमों की लंबी फेहरिस्त के लिये विधायी कर्मियों के साथ-साथ कार्यपालिका की निष्क्रियता को भी दोषी ठहराया था। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 में पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने देश की विभिन्न अदालतों में पचास फीसदी से अधिक लंबित मुकदमों के लिये राज्य मशीनरी की चूक या लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया था। वहीं दूसरी ओर केंद्र सरकार की दलील है कि अदालतों में लंबित मामलों का निस्तारण न्यायपालिका का कार्यक्षेत्र है। बहरहाल, तार्किक बात तो यह है कि सभी पक्षों को मिलकर मुकदमों का भारी-भरकम बोझ दूर करने के लिये दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय देना चाहिए निस्संदेह, सरकारों के स्तर पर भी नियुक्तियों को लेकर की जाने वाली देरी को भी बड़ी बाधा के तौर पर देखा जाता रहा है। इसमें दो राय नहीं कि न्यायाधीशों की रिक्तियों को भरने में होने वाली देरी से न्याय की राह में बाधा उत्पन्न होती है। यह भी हकीकत है कि उच्च न्यायपालिका में न्यायाधीशों की नियुक्ति कार्यपालिका और न्यायपालिका के सहयोग से चलने वाली प्रक्रिया है।

# राष्ट्रीय जल नीति में बड़े बदलाव से बढ़ती उम्मीद





**- मिहिर शाह**

> नई राष्ट्रीय जल नीति प्रधानमंत्री द्वारा सुझाए गए पांच प्रमुख जल सुधारों से भी दिशानिर्देश लेती रही है। पहला, भंडारण के लिए इस्तेमाल होने वाले विशाल जलाशयों को तोड? की जरूरत है। दूसरा, जल की योजना बनाते समय भारत के गहरी विविधता का सम्मान करना होगा। तीसरा, जल के प्रबंधन एवं वितरण पर ज्यादा ध्यान देना होगा।

**जलशक्ति** मंत्रालय ने 5 नवंबर, 2019 को नई राष्ट्रीय जल नीति (एनडब्ल्यूपी) का मसौदा तैयार करने के लिए समिति गठित की थी। इसके पहले वर्ष 1987, 2002 और 2012 की जल नीति पूरी तरह से सरकारी व्यवस्था के भीतर ही बनाई गई थीं। यह पहला अवसर है कि सरकार ने जल नीति बनाने के लिए स्वतंत्र विशेषज्ञों की एक समिति गठित की। मुझे 2019 में गठित समिति की अध्यक्षता करने का बड़ा सम्मान दिया गया। इस समिति के सदस्यों में विभिन्न पृष्ठभूमि से आने वाले अग्रणी जल विशेषज्ञ, पहले सरकार के भीतर अहम पदों पर रह चुके लोगों के अलावा अकादमिक पेशेवर एवं नागरिक समाज के लोग भी शामिल हैं।

इस समिति की एक साल से ज्यादा समय में 16 बैठक हुईं। इस दौरान संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञों, अकादमिक विद्वानों, कार्यकताओं एवं अन्य हितधारकों ने 124 सुझाव पेश किए। इनमें 21 राज्यों एवं पांच केंद्रशासित प्रदेशों की सरकारों के अलावा केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों की प्रस्तुतियां भी शामिल हैं। हमें केंद्र एवं राज्य सरकारों से लेकर गैर-सरकारी हितधारकों के नजरिये एवं सुझावों में व्यापक सहमति दिखी। ऐसी स्पष्ट स्वीकृति दिखाई देती है कि हमारे समक्ष उत्पन्न जल संकट सही मायने में अभूतपूर्व है और हमें जल प्रबंधन एवं शासन के संदर्भ में जमीनी हकीकत एवं 21वीं सदी में पानी को लेकर बदलती समझ के बारे में एकदम नए प्रतिमान गढ? की जरूरत है।

एक प्रारूप समिति के तौर पर हम सरकार के शीर्ष स्तर से जल संकट एवं उसके प्रबंधन को लेकर बार-बार दिए जा रहे संदेशों से खासे प्रभावित थे। भारत के राष्ट्रपति ने भी कोविड-19 महामारी के संदर्भ में कहा था, 'प्रकृति को सम्मान देने का संदेश शायद हमारे लिए निहित है। एक असामान्य संकट की स्थिति में अधिकतर लोग स्वार्थी होना चाहते हैं लेकिन यह ऐसा संकट है जो हमें दूसरों के बारे में भी समान रूप से सोचना सिखाता है।

प्रकृति हमें विनम्रता के साथ अपनी उत्कृष्ट समानता एवं परस्पर-निर्भरता को स्वीकार करने की याद दिलाती है।' इसी तरह से उप-राष्ट्रपति ने भी कहा, 'प्रकृति के संरक्षण को महत्ता देने, विकास के मॉडलों एवं उपभोक्तावाद से संचालित जीवनशैली को नए सिरे से निर्धारित करना होगा। हम एक अंतर-संबद्ध विश्व में रह रहे हैं और विकास एवं आधुनिकता की चाहत में पुरानी सोच के साथ आगे नहीं बढ़ सकते हैं क्योंकि हमारा हर कदम पर्यावरण को प्रभावित करता है।'

जल नीति के लिहाज से इन वक्तव्यों के तात्कालिक एवं दूरगामी निहितार्थ हैं। आजादी के बाद से ही हमारी जल नीति प्रकृति के बारे में 'कमान एवं कंट्रोल' वाले दृष्टिकोण से निर्धारित होती रही है। यह उस व्यापक विकास प्रतिमान में अंतर्निहित है जो इस तथ्य को अपनाने में नाकाम रहा है कि अर्थव्यवस्था वृहत पारिस्थितिकी का ही एक छोटा हिस्सा है। हमें इस दुनिया की अंतर्संबद्धता और अंतर्निर्भरता वाले चरित्र को स्वीकार करने की जरूरत है। इसके अलावा प्राकृतिक व्यवस्थाओं को वाजिब सम्मान देते हुए विनम्र बने रहने की भी जरूरत है। यह भाव 'प्रकृति रक्षति रक्षिता' (यानी प्रकृति उन्हीं का संरक्षण करती है जो उसकी सुरक्षा करते हैं) को आत्मसात करता है।

नई राष्ट्रीय जल नीति प्रधानमंत्री द्वारा सुझाए गए पांच प्रमुख जल सुधारों से भी दिशानिर्देश लेती रही है। पहला, भंडारण के लिए इस्तेमाल होने वाले विशाल जलाशयों को तोड़ने की जरूरत है। दूसरा, जल की योजना बनाते समय भारत के गहरी विविधता का सम्मान करना होगा। तीसरा, जल के प्रबंधन एवं वितरण पर ज्यादा ध्यान देना होगा। चौथा, पानी के पुनर्चक्रण एवं दोबारा इस्तेमाल को प्राथमिकता दी जाए। पांचवां, जल प्रबंधन के बारे में जन जागरूकता और जन भागीदारी बढ़ाना।

समिति ने जल शक्ति मंत्री के उस सुझाव से सहमति जताई कि अतीत की जल नीतियों के उलट नई राष्ट्रीय जल नीति सिर्फ पवित्र मंशाओं को दशार्ने वाला महज बयान और कागजी पुलिंदा भर न रह जाए बल्कि इसे जमीन पर भी उतारना होगा। इस तरह नई जल नीति विशिष्ट रणनीतियों का उल्लेख करने के साथ एक तय समयसीमा का भी उल्लेख करती है जिसमें इसके प्रमुख प्रावधानों को लागू किया जाएगा। राष्ट्रीय जल नीति को सार्वजनिक पटल पर रखकर लोगों से राय लेने की परंपरागत रवायत के साथ ही जल शक्ति मंत्री ने इस नीति के विभिन्न पहलुओं के बारे में हितधारकों के साथ खुलकर चर्चा करने के लिए मुक्त कार्यशालाओं के आयोजन की भी बात कही है। यह कदम स्वतंत्र विशेषज्ञों की समिति द्वारा तैयार राष्ट्रीय जल नीति पर भारत सरकार के कोई अंतिम फैसला लेने के पहले उठाया जाएगा। स्थापित प्रक्रिया के तहत जल नीति को अंतिम स्वीकृति देने का अधिकार राष्ट्रीय जल संसाधन परिषद के पास होता है। प्रधानमंत्री इस परिषद के अध्यक्ष होते हैं और सभी राज्यों के मुख्यमंत्री इसके सदस्य होते हैं।

यह प्रक्रिया जारी रहने के बीच मैं आने वाले समय में कई लेखों के जरिये पाठकों के समक्ष नई राष्ट्रीय जल नीति के अहम बिंदुओं और नीति में उन्हें शामिल करने के पीछे की सोच से अवगत कराने की कोशिश करुंगा। मैं अतीत से काफी अलग नजर आने वाली नीति के महत्त्वपूर्ण पहलुओं को रेखांकित करने की भी कोशिश करुंगा ताकि यह पता चल सके कि नई सोच की जरूरत क्यों थी और इन्हें जमीन पर किस तरह लागू किया जाना है?

मुझे उम्मीद है कि जल प्रबंधन से जुड़े तमाम हितधारक इस नीति पर होने वाली चचाओं में खुलकर शिरकत करेंगे ताकि नई राष्ट्रीय जल नीति में प्रस्तावित सिद्धांतों, दृष्टिकोण, प्रभाव बिंदुओं एवं दिशा को लेकर गहरी समझ पैदा हो सके।

(लेखक शिव नाडर यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर हैं। वह नई राष्ट्रीय जल नीति का खाका तैयार करने वाली समिति के प्रमुख हैं)

## खास बात

### क्यों टूट रहे हैं परिवार

**अनुष्का चौधरी**

**आज** सभी को एक संस्था के रूप में पारिवारिक मूल्यों और परिवार के बारे में सोचने-समझने की बेहद सख्त जरूरत है और साथ ही इन मूल्यों की गिरावट के कारण ढूंढकर उनको दुरुस्त करने की भी जरूरत है। इसके लिए समाज के कर्णधार कवि/लेखकों/गायकों/नायक/नायिकाओं/शिक्षक वर्गों और अन्य सामाजिक कार्यकताओं के साथ-साथ राजनीतिज्ञों को एक संस्था के रूप में परिवार के पतन के निहितार्थ के बारे में भी लिखना और सोचना चाहिए. खुले मंचो से इस बात पर चर्चा होनी चाहिए कि इस गिरावट के कारण क्या है? और इस गिरावट से कैसे उभरा जा सकता है? युवा कवयित्री प्रियंका सौरभ ने इस स्थिति को अपने शब्दों में कहते हुए सही लिखा है कि-टूट रहे परिवार हैं, बदल रहे मनभाव ! प्रेम जताते गैर से, अपनों से अलगाव !!

परिवार, भारतीय समाज में, अपने आप में एक संस्था है और प्राचीन काल से ही भारत की सामूहिक संस्कृति का एक विशिष्ट प्रतीक है। संयुक्त परिवार प्रणाली या एक विस्तारित परिवार भारतीय संस्कृति की एक महत्वपूर्ण विशेषता रही है, जब तक कि शहरीकरण और पश्चिमी प्रभाव के मिश्रण ने उस संस्था को झटका देना शुरू नहीं किया। परिवार एक बुनियादी और महत्वपूर्ण सामाजिक संस्था है जिसकी व्यक्तिगत और साथ ही सामूहिक नैतिकता को प्रभावित करने में महत्वपूर्ण भूमिका है। परिवार सांस्कृतिक और सामाजिक मूल्यों का पोषण और संरक्षण करता है।

यह कानून का पालन करने वाले नागरिकों को प्रोत्साहन देकर समाज को स्थिरता प्रदान करता है। यह व्यक्ति में सामूहिक चेतना के निर्माण में मदद करता है। परिवार प्रणाली एक एकल, शक्तिशाली किस्में है जो सदियों से है, और विविधता के साथ समृद्ध, सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करती है समाजीकरण में यह भावनात्मक संबंध का प्रमुख स्त्रोत है, समाजीकरण और नैतिकता को आकार देने के तरीके से सही और गलत की भावना उत्पन्न करता है। बच्चों को उनके माता-पिता, उनके साथियों और उनके समाज के सामाजिक सम्मेलनों के अनुसार नैतिक निर्णय लेने के रूप में देखा जाता है।

**हमारे** अनेक मंदिरों में प्रतिदिन लाखों लोगों का खाना बनता है, सभी को बिना भेदभाव एक साथ बैठ कर खिलाया जाता है।

पूरे देश में बड़े मंदिरों में नियमित भंडारे चलते है। इपमें किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होता।

**- आदित्यनाथ योगी**

## आपके ट्वीट

**अन्नेन** जातानि जीवन्ति। अन्नं प्रयन्त्यभिसंविशन्तीति। तद्विज्ञाय। पुनरेव वरुणं पितरमुपससार। अधीहि भगवो ब्रह्मेति। तं होवाच। अन्न ब्रह्म है!

**- स्वामी अवधेशानंदगिरी**





**लाखों** युवाओं को हुनरमंद बनाने और बेरोजगारी भत्ता देने वाले वादे की हुई शुरूआत। मुख्यमंत्री सारथी योजना अंतर्गत बिरसा केंद्र शुरू। रोजगार प्रोत्साहन भत्ता। साथ ही घर से केंद्र आने-जाने के लिए मिलेगा परिवहन भत्ता।

**- हेमंत सोरेन**

# आत्मविश्वास

## धर्म-प्रवाह

**श्रीराम शर्मा आचार्य**

**जब** निराशा को अपने चारों ओर मँडराते देखो तो समझो कि तुम्हारा चित्त स्थिर नहीं, तुम अपने ऊपर विश्वास नहीं करते।

वर्तमान दशा से छुटकारा नहीं हो सकता जब तक कि अपने पुराने सड़े-गले विचारों को बदल न डालो। जब तक यह विश्वास न हो जाए कि तुम अपने अनुकूल चाहे जैसी अवस्था निर्माण कर सकते हो तब तक तुम्हारे पैर उन्नति की ओर बढ़ नहीं सकते। अगर आगे भी न सँभलोगे तो हो सकता है कि दिव्य तेज किसी दिन बिलकुल ही क्षीण हो जाए। यदि तुम अपनी वर्तमान अप्रिय अवस्था से छुटकारा पाना चाहते हो तो अपनी मानसिक निर्बलता को दूर भगाओ। अपने अंदर आत्मविश्वास जागृत करो। क्या करें, परिस्थितियाँ हमारे अनुकूल नहीं हैं, कोई हमारी सहायता नहीं करता, कोई मौका नहीं मिलता आदि शिकायतें निरर्थक हैं। अपने दोषों को दूसरों पर थोपने के लिए इस प्रकार की बातें अपनी दिल जमाई के लिए कही जाती हैं। लोग कभी प्रारब्ध को मानते हैं, कभी देवी-देवताओं के सामने नाक रगड़ते हैं। इस सबका कारण है अपने ऊपर विश्वास का न होना ।

दूसरों को सुखी देखकर हम परमात्मा के न्याय पर उँगली उठाने लगते हैं। पर यह नहीं देखते कि जिस परिश्रम से इन सुखी लोगों ने अपने काम पूरे किए हैं, क्या वह हमारे अंदर है ? ईश्वर किसी के साथ पक्षपात नहीं करता। उसने वह आत्मशक्ति सबको मुक्त हाथों से प्रदान की है जिसके आधार पर उन्नति की जा सके।

## कॉटून वर्ल्ड

प्रदूषण की मार झेलती दुनिया



## लेटर टू एडिटर

### डॉकघर में हो रजिस्ट्री

**पलामू** जिला अधिवक्ता संघ ने डाक अधीक्षक पलामू से पलिखकर कचहरी डाकघर से रजिस्ट्री कार्य बंद रहने के कारण हो रहे परेशानियों से अवगत कराया है। पोस्ट ऑफिस से डाक रजिस्ट्री बंद रहने के कारण लोगों को काफी परेशानी झेलना पड़ रहा है। न्यायालय से संबंधित भी रजिस्ट्री कार्य समय पर नहीं हो पा रहा है। इस पर सरकार ध्यान दें।

**-संतोष पाण्डेय, मेदिनीनगर**

### कोरोना से लड़ें

कोरोना भारत में कम हो रहा है लेकिन यूरोप ऐसी खबर है कि विपक्षी पार्टियां संसद में एकजुट होकर आक्रामक रुख अपनाएंगी। सभी विपक्षी पार्टियां वैश्विक महामारी कोरोना से लड़ने में भी एकजुटता दिखाएं। अगर ऐसा होता है तो वह मानवता, देशहित व लोक कल्याण के लिए बहुत बड़ी बात होगी। वैसे दिल्ली में कोरोना बढ़ने के कारण परेशानी बढ़ी है।

**-प्रदीप दुबे, खूंटी**

# देश के 62 लाख बच्चे और चार करोड़ लोग ले रहे हैं भांग- कोकिन

**सुधांशु कुमार**

**गृह मंत्रालय** में राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने मंगलवार को लोकसभा में एक सवाल के जवाब में जानकारी दी कि दस से 17 वर्ष की आयु के बीच के 20 लाख बच्चे, भांग का सेवन करते हैं। 40 लाख बच्चे, ओपिओइड का इस्तेमाल करते हैं। दो लाख बच्चे ऐसे मिले हैं, जिन्हें कोकीन की लत पड़ चुकी है देश में नशे की आदत, न केवल बच्चों को, बल्कि दूसरे आयु वर्ग के लोगों को भी अपनी चपेट में ले रही है। देश में करीब 62 लाख बच्चे यानी जिनकी आयु 10 से 17 वर्ष के बीच है, वे भांग, ओपिओइड व कोकीन का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसके अलावा 18 से 75 वर्ष की आयु के लगभग चार करोड़ लोग भी ऐसे ही नशे के जाल में फंसे हैं। केंद्र सरकार ने 8000 से ज्यादा युवा स्वयंसेवकों को शामिल कर एक वृहत सामुदायिक आउटरीच कार्यक्रम शुरू किया है। इसके तहत देश के 272 अत्यधिक संवेदनशील जिलों में 'नशा मुक्त भारत अभियान' शुरू किया गया है।

**दो लाख बच्चों को कोकीन की लत**

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने वर्ष 2018 के दौरान एम्स दिल्ली के नेशनल ड्रग डिपेंडेंस ट्रीटमेंट सेंटर के माध्यम से भारत में मादक पदार्थ के इस्तेमाल की सीमा और पैटर्न के संबंध में व्यापक राष्ट्रीय सर्वेक्षण किया है। इसकी रिपोर्ट 2019 में जारी की गई थी।

## समस्या

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने मंगलवार को लोकसभा में एक सवाल के जवाब में यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया, दस से 17 वर्ष की आयु के बीच के 20 लाख बच्चे, भांग का सेवन करते हैं। 40 लाख बच्चे, ओपिओइड का इस्तेमाल करते हैं। दो लाख बच्चे ऐसे मिले हैं, जिन्हें कोकीन की लत पड़ चुकी है।

**दो करोड़ 90 लाख लोग लेते हैं भांग**

अगर नशे की इन्हीं श्रेणियों में 18 से 75 साल तक के लोगों की बात करें तो भांग लेने वालों की संख्या दो करोड़ 90 लाख रही है। एक करोड़ 86 लाख ओपिओइड का इस्तेमाल कर रहे हैं। सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक, 94 हजार लोग कोकीन का सेवन करते हैं। भारत सरकार ने नशे की लत छुड़ाने के लिए 350 एकीकृत पुनर्वास केंद्रों का रखरखाव, जो न केवल मादक पदार्थों का इस्तेमाल करने वाले लोगों का इलाज करते है।

संवेदनशील और जोखिम की स्थिति वाले बच्चों व किशोरों पर ध्यान देते हुए 53 समुदाय आधारित पीयर लेड इंटरवेशन केंद्र स्थापित किए गए हैं। इसके तहत जागरूकता पैदा करने और जीवन कौशल गतिविधियों के लिए पीयर एजुकेटर्स बच्चों को शामिल करते हैं। इसकी रिपोर्ट 2019 में जारी की गई थी। गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने मंगलवार को लोकसभा में एक सवाल के जवाब में यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया, दस से 17 वर्ष की आयु के बीच के 20 लाख बच्चे, भांग का सेवन करते हैं। मादक पदार्थों का इस्तेमाल करने वाले व्यक्तियों को सुरक्षित और संरक्षित जगह उपलब्ध कराने के लिए स्क्रीनिंग, मूल्यांकन और परामर्श के प्रावधान के साथ 73 आउटरीच व ड्रॉप इन केंद्रों 'ओडीआईसी' की स्थापना की गई है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, मादक पदार्थों का इस्तेमाल करने वाले लोगों को टेली परामर्श प्रदान करने के लिए एक राष्ट्रीय टोल फ्री हेल्पलाइन 14446 भी संचालित की जा रही है।

(संसद में जबाव पर आधारित आलेख है।)

# जनसंख्या विस्फोट का अभिप्राय और दुश्वारियां

**गिरीश्वर मिश्र**

**आजकल** जनसंख्या का आधिक्य या विस्फोट चर्चा का विषय बना हुआ है। यह निश्चय ही एक अवांछनीय स्थिति होती है जब धरती की धारण शक्ति या क्षमता की अपेक्षा उस पर रहने वाले मनुष्यों की संख्या बढ़ जाती है । आज तकनीकी प्रगति ने जीवन की प्रत्याशा को बढ़ाने में विशेष मदद की है। मानव इतिहास में जन्म और मृत्यु दर एक दूसरे को संतुलित करते रहे हैं और ऐसी जनसंख्या वृद्धि हो जो टिकाऊ हो। आज के दौर में विकासशील देश विकसित देशों की तुलना में जनसंख्या की वृद्धि से अधिक प्रभावित हो रहे हैं। विकसित श्रेणी में आने वाले देशों में थोड़ी-थोड़ी जनसंख्या के साथ यूरोप और अमेरिका के क्षेत्रों में ऐसे अनेक देश हैं जो आर्थिक, शैक्षिक और तकनीकी विकास की सीढ़ी पर ऊंचे पायदान पर पहुंचे हुए हैं। उदाहरण के लिए इजरायल जैसे छोटे से देश को लें जो एक नया देश बना और देखते-देखते अपनी पुरानी भाषा हिब्रू के साथ ज्ञान-विज्ञान में उपलब्धि के शिखर पर है। उसकी आबादी एक करोड़ के करीब है। जनसंख्या की दृष्टि से स्वीडेन एक करोड़, जर्मनी नौ करोड़, फ्रांस सात करोड़, रूस चौदह करोड़, जापान बारह करोड़ के आसपास हैं। वस्तुतः अनेक विकसित देश हैं जहां से हमें और अन्य देशों को आयात करना पड़ता है। प्रौद्योगिकी, साजो-सामान और

## सामयिक

अन्न आदि खरीदने पड़ते हैं। दूसरी ओर जनसंख्या की दृष्टि से भारी भरकम देशों की स्थिति अक्सर खराब होती है। हालांकि छोटी जनसंख्या वाले खस्ताहाल देश भी हैं और अधिक जनसंख्या को संभाल कर चीन जैसे देश प्रगति पथ पर आगे बढ़ रहे हैं।

आज की कटु वास्तविकता यही है कि यदि किसी देश की जनसंख्या में ज्यादातर लोग अयोग्य और अकुशल की श्रेणी में में हैं तो यह जन समुदाय एक दुरूह भार जैसा हो जाएगा और देश की खुशहाली और समग्र स्वास्थ्य पर उसका नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा । वहां कुंठा, कलह और भ्रष्टाचार अधिक होगा । हर कदम पर परेशानी होगी, समाज में अस्थिरता होगी और जीवन की गुणवत्ता के साथ समझता होता रहेगा। इस तरह किसी देश की जनसंख्या का बल एक दुधारी तलवार जैसा होता है। उसका लाभ लेते हुए यदि प्रगति हो सकती है तो उसका भार ढोते हुए किसी देश की दुर्गति भी हो सकती है ।

इस तथ्य के बावजूद यह भी गौर किया जाना मुनासिब है कि चीन आर्थिक समृद्धि में बढ़त की दृष्टि से विश्व में एक विलक्षण उदाहरण साबित हुआ है । उसकी कायापलट करने वाली उपलब्धि बेहद चौंकाने वाली है । यह सब पिछले कुछ दशकों में चीन द्वारा अपनाई गई की नीति पर चलने का परिणाम है । गौरतलब है कि चीन में लोकतंत्र की जगह साम्यवादी सरकार है और वहाँ के सरकारी निर्णयों को लागू करने की रीति-नीति पर किसी तरह की असहमति को कोई स्थान नहीं है । वहां पर बड़ी कड़ाई से 'एक परिवार एक बच्चा' वाली जनसंख्या-नीति पर ठोस अमल किया गया और जनसंख्या वृद्धि पर कठोरता से काबू पाया गया । साथ ही शिक्षा और स्वास्थ्य के मोर्चों पर भी बढ़त हासिल की गई । प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में चीन की प्रगति सर्वविदित है और आर्थिक दृष्टि से उसकी मजबूती और पकड़ भी अविश्वसनीय रूप से बढ़ी है। अमेरिका समेत दुनिया के हर देश के बाजार में चीन में बने सामानों की धूम मची हुई है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 9570848433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

### झरपो में सोमवार को सैकड़ों महिलाओं ने किया शिवालय में जलाभिषेक

**टाटीझरिया।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत झरपो में उषा रानी के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाएं झरपो देवी मंडप में पूजा अर्चना कर और मैया दुर्गा की भजन कीर्तन कर अपने अपने हाथ में कलश लेकर ॐ नमः शिवाय और बोलबंब की जयकारे के साथ झरपो क्षेत्र का भ्रमण करते हुए करीझरनाचट्टान धाम पहुंची वहां से जल उठाकर झरपो स्थित दक्षिण टोला शिव मंदिर में भगवान भोले को जलाभिषेक कर पूजा अर्चना किया और अपने अपने परिवार के लिए सुखसमृद्ध की कामना भोलेनाथ से किया इस अवसर पर उषा रानी, सुनीता देवी, बेबी देवी, यशोदा देवी पुनिया देवी सहित सैकड़ों महिलाएं पूजा में भाग लिया।

### पथ निमार्ण में बरती गई अनियमितता

**दारू।** प्रखंड अंतर्गत रामदेव खरिका पंचायत के झुमरा चौक से रामदेव खरिका जानेवाली गली का निर्माण 15 वीं वित्त योजना से पीसीसी पथ का निर्माण कराया गया है। लेकिन निर्माण कार्य पूर्ण होने के तुरंत बाद से ही इस पथ पर दरार पड़ने शुरू हो गए । इस पथ का ढलाई कार्य 19 /07/2023 को किया गया था। इस पथ के निर्माण में बरती गई अनियमितता को लेकर रामदेव खरिका निवासी निरंजन कुमार पिता कालीचरण प्रसाद ने बीडीओ को आवेदन दिया है। उन्होंने अपने आवेदन में कहा है कि पथ निर्माण में अनियमिता बरतने के कारण पथ पर दरार पड़ गया और गड्ढा रह गया है जहाँ जल जमाव हो गया है। इससे लोगो को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### परकोलेशन टैंक (तालाब) निर्माण का शिलान्यास

**कुजू।** 4 लाख 30 हजार रुपए की लागत से कुजू दक्षिणी पंचायत के कुंदरिया में भूमि संरक्षण सर्वे रामगढ़, हजारीबाग के द्वारा परकोलेशन टैंक (तालाब) निर्माण कराया जा रहा है. जिसका शिलान्यास कुजू दक्षिणी पंचायत मुखिया राकेश कुमार रॉक ने विधिवत पूजा अर्चना व नारियल फोड़कर किया। उक्त तालाब का निर्माण दशाराम माँझी के जमीन किया जा रहा है। मौके पर मुखिया ने कहा कि तालाब के निर्माण से ग्रामीणों को सिंचाई सहित अन्य कार्य करने में काफी सुविधा होगी। मौके पर कुंदरिया ग्राम प्रधान जोधन माँझी, उप प्रधान करमचंद मुर्मू, सावित्री देवी आदि मौजूद थे।

### कोरियाघाटी में दो बाइक की टक्कर में चार घायल

**कुजू।** क्षेत्र के नयामोड़ कोरियाघाटी में दो बाइक की टक्कर में चार युवक घायल हो गये। सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने एक की हालत को गंभीर देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार पेटरवार निवासी मोतीलाल टुड्डू(20वर्ष) व अजीत मुर्मू(20वर्ष) बाइक संख्या जेएच9एजेड-7281 पर सवार होकर जा रहे थे। इस बीच कोरियाघाटी में उक्त बाइक की एक अन्य बाइक से टक्कर हो गई। जिसमें मोतीलाल, अजीत व दूसरी बाइक पर सवार रौनक कुमार(23वर्ष)कदमा व विकास कुमार(21वर्ष) हजारीबाग निवासी घायल हो गये। जिसमें रौनक की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### विद्यालयों के उत्क्रमण को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन

**रामगढ़।** रामगढ़ जिला अंतर्गत सरकारी विद्यालयों के उत्क्रमण को लेकर सोमवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम के द्वारा उपायुक्त को जानकारी दी गई कि वर्तमान में प्रखंड स्तरीय समिति द्वारा जिले के कुल पांच विद्यालयों के उत्क्रमण हेतु प्रस्ताव भेजा गया है। वहीं, उन्होंने क्रमवार सभी प्रस्तावों एवं उत्क्रमण हेतु निर्धारित मापदंडों के संबंध में भी उपायुक्त को जानकारी दी। इस संबंध में उपायुक्त ने प्रस्तावों पर चर्चा करते हुए विद्यालयों के उत्क्रमण हेतु प्रस्ताव राज्य स्तर पर भेजने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### एक करोड़ 28 लाख की विकास योजना का किया उद्घाटन- शिलान्यास

# जनभावना के अनुरूप जनसेवा में सक्रिय रहना ही हमारी प्राथमिकता : विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** सदर विधायक मनीष जायसवाल ने सोमवार को सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग और कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र का सघन दौरा किया। इस दौरान विधायक मनीष जायसवाल ने विभिन्न मदों के करीब एक करोड़ 28 लाख की विकास योजनाओं का उद्घाटन शिलान्यास किया। विधायक मनीष जायसवाल ने अपने दौरे की शुरूआत कटकमदाग प्रखंड क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड अंतर्गत अड़रा पंचायत के ग्राम बेंदी में टोला महरनिया गढ़ा में 02 एकड़ भूखंड में तालाब जीर्णोद्धार कार्य का विधिवत उद्घाटन शिलापट्ट का अनावरण कर और नारियल फोड़कर किया। इस तालाब का निर्माण जिला परिषद्, हजारीबाग के 15 वें वित्त आयोग के मद से हुआ है। यहां उद्घाटन के अवसर विशेषरूप से जिला परिषद अध्यक्ष



सदर विधायक व अन्य

उमेश प्रसाद मेहता, स्थानीय जिला परिषद सदस्य जीतन राम, स्थानीय विधायक प्रतिनिधिअजय कुमार साहू सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें। यहां से कटकमदाग प्रखंड के सुल्ताना शिवपुरी चौक पर शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित श्री श्री 1008 श्री श्री त्रिदिवसाय रुद्र महाअनुष्ठान के समापन के अवसर पर विधायक मनीष जायसवाल शामिल हुए और अनुष्ठान स्थल पर माथा टेककर बाबा भोलेनाथ से क्षेत्र की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

तत्पश्चात सामाजिक वानिकी प्रमण्डल, हजारीबाग द्वारा हजारीबाग रेलवे स्टेशन परिसर में आयोजित 74 वां वन महोत्सव-सह-वृक्षारोपण कार्यक्रम 2023 में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए और स्कूली बच्चों संग अपने हिस्से का वृक्ष लगाया। स्कूली बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का भी प्रयास किया। यहां विभाग द्वारा यहां करीब 2000 पौधे लगाएं जाने का लक्ष्य है। इसके बाद कटकमसांडी प्रखंड अंतर्गत रोमी पंचायत के ग्राम छड़वा में अतिया तालाब गहरीकरण एवं सुंदरीकरण एवं जीर्णोद्वार कार्य का उद्घाटन विधायक मनीष जायसवाल ने जिला परिषद् अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, स्थानीय जिला परिषद सदस्य मंजू नंदनी, स्थानीय भाजपा मंडल अध्यक्ष जीवन मेहता, स्थानीय विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा सहित अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति में शिलापट्ट का अनावरण कर और फीता काटकर किया। जिला परिषद के 15 वें वित्त आयोग के मद करीब 12 लाख रुपए की लागत से 1.52 एकड़ तालाब का जीर्णोद्धार हुआ है। इससे तालाब के आसपास के कृषि योग्य भूमि सिंचित होगा और किसानों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। यहां से विधायक मनीष जायसवाल कटकमसांडी हाई स्कूल मोड़ पहुंचे तो स्थानीय भाजपा कार्यकताओं और लोगों ने गाजे- बाजे के साथ फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। यहां डीएमएफटी मद के करीब 01 करोड़ 02 लाख रुपए की लागत से कटकमसांडी प्रखंड अंतर्गत आदर्श मध्य विद्यालय, कटकमसांडी के उन्नयन हेतु विविध कार्य का शिलान्यास उन्होंने जिला परिषद् अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव और स्थानीय जिला परिषद सदस्य लक्ष्मी कुमारी, कटकमसांडी सीओ अनिल कुमार सहित अन्य लोगों की उपस्थिति में शिलापट्ट का अनावरण किया। कार्यक्रम के अंत में यहीं पर विधायक मद की राशि 3 लाख रुपए से कटकमसांडी में हॉस्पिटल के बगल में सार्वजनिक स्थल में पेवर्स ब्लॉक एवं सौंदरीकरण कार्य का विधिवत उद्घाटन शिलापट्ट का अनावरण कर उन्होंने किया।

एक नजर में

### दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी से दस पैकेट गांजा बरामद, प्राथमिकी दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता



दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी में बरामद गांजा का पैकेट

**बरही।** अंतर्गत करसो नेशनल हाइवे-33 में डस्टर गाड़ी संख्या जेएच 05 बीई 2463 अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। बरही पुलिस सूचना के सत्यापन को लेकर घटना स्थल पर पहुंचकर डुमरडीह मोड के पास हजारीबाग से बरही आने वाली एनएच 33 मुख्य सडक पर एक डस्टर गाडी जिसका पंजीयन संख्या जेएच 05 बीई 2463 दुर्घटना ग्रस्त हुई है। आस पास के लोगो द्वारा बताया गया कि उक्त गाडी का चालक अपनी गाडी को काफी तेजी से चलाते हुए ट्रेलर गाडी में पीछे से धक्का मार दिया है।

जिससे डस्टर गाडी का आगे का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है।गाड़ी का चालक डस्टर गाडी को वहीं पर छोड़कर भाग गया है। गाडी का तालाशी लेने पर पाया गया कि डस्टर गाडी के पीछे डिक्की में भूरा रंग के प्लास्टीक के टेप में लिपटा मादक पदार्थ रखा हुआ है। जिसकी सूचना वरीय पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी को दी गयी। तत्पश्चात अंचलाधिकारी बरही अरिवन्द देवाशीष टोप्पो द्वारा विधिवत डस्टर गाडी संख्या जेएच 05 बीई 2463 के डक्की से 10 पैकेट गांजा (प्रत्येक पैकेट का वजन करीब 01 किलोग्राम) कुल वजन 10 किलोग्राम को विधिवत जप्ती सूची तैयार कर जप्त किया गया।

इस सम्बंध में बरही थाना कांड संख्या 339/23 धारा 21 (3) 22/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत डस्टर के मालिक, चालक एवं गांजा तस्कर के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

## प्रेस क्लब, चौपारण के अध्यक्ष बने शंकर यादव

### सचिव बीरेंद्र शर्मा व कोषाध्यक्ष किशोर कुमार



शंकर यादव, प्रेस क्लब उपाध्यक्ष अभय सिंह व संयुक्त सचिव नविन सिन्हा

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** प्रेस क्लब, हजारीबाग की प्रखंड इकाई चौपारण का चुनाव सोमवार को एसबीआई परिसर में संपन्न हो गया। प्रेस क्लब चौपारण का चुनाव निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में निर्वाचन पदाधिकारी उमेश पासवान व अजय ठाकुर ने अहम भूमिका निभाई। पर्यवेक्षक के रूप में प्रकाश पाण्डेय व मो. शमीम अहमद मौजूद थे। मतों की गिनती के पश्चात शंकर यादव अध्यक्ष, बीरेंद्र शर्मा उपाध्यक्ष और डी मुन्ना सचिव पद के लिए निर्वाचित घोषित किए गए। इस चुनाव में 30 पत्रकारों ने अपने-अपने मतों का प्रयोग किया। अध्यक्ष शंकर यादव को 30 मतों के मुकाबले 21 मत प्राप्त हुए जबकि निकटतम प्रतिद्वंद्वी हरेंद्र राणा को 09 मत प्राप्त हुए। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए बीरेंद्र कुमार शर्मा को 22 मत जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी प्रमोद कुमार स्वर्णकार को 08 मत प्राप्त हुए। सचिव पद के लिए भी डी मुन्ना को 22 जबकि मुकेश कुमार सिंह को 08 मतों से ही संतोष करना पड़ा। इसी तरह सह सचिव विजय मधेशिया, कोषाध्यक्ष किशोर कुमार राणा, केंद्रीय सदस्य चन्दन गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्यों में दुर्गेश पांडेय, फैजान अहमद, अरविंद कुमार सिंह, संतोष विश्वकर्मा और कृष्णा पासवान निर्विरोध निर्वाचित हुए। मौके पर चौपारण प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रेमचंद कुमार सिन्हा व थाना प्रभारी शंभूनंद ईश्वर पर पहुंच कर सभी विजयी प्रत्याशियों को बधाई दी और इनके अगुवाई में प्रेस क्लब, चौपारण पत्रकार हितों की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहे, इसकी उम्मीद जताई। विजयी उम्मीदवारों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। प्रेस क्लब, हजारीबाग के अध्यक्ष उमेश प्रताप, सचिव मिथिलेश मिश्र समेत प्रेस क्लब के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकारणी सदस्यों ने सभी विजयी प्रत्याशियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## पांच दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**इचाक।** जीएम इंटर महाविद्यालय, इचाक के द्वारा खेलो झारखंड के तहत आज कॉलेज के मैदान में पांच दिवसीय खेल कूद का समापन किया गया जिसमे आज के समापन समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता सह बरकट्ठा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी बटेश्वर प्रसाद मेहता,जुबली कॉलेज भुरकुंडा के भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ.एस.पी. पांडे,संत कोलंबा कॉलेज हजारीबाग के भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ.अमित सोरेन, हदारी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य रेणु देवी, जीएम कॉलेज के प्रभारी पंकज कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत किया।

आज का अंतिम फुटबॉल मैच इंटर और बीए के विद्यार्थियों के बीच खेला गया जिसमें बीए के विद्यार्थियों ने 2-1से बढ़त बनाते हुए खिताब पर कब्जा जमा लिया आज के रेफरी निशांत राज थे।बटेश्वर प्रसाद मेहता ने बच्चों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि आज हमारा जीएम जीएम कॉलेज के विद्यार्थी पूरे राज्य स्तर से लेकर देश स्टार तक लोहा मनवाया है,जो शिक्षा के क्षेत्र हो या खेल कूद का या फिर सांस्कृतिक का क्षेत्र हो सभी स्थानों में अपने दम पर लोहा मनवाया है।आज पूरे झारखंड 13वीं राइफल शूटर प्रतियोगिता हुई जिसमें इसी महाविद्यालय के राहुल कुमार दास



उपस्थित छात्र

ने गोल्ड मेडल जीत कर पूरे झारखंड का मान को बढ़ाया और अब आगे देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। डॉ.एस.पी. पांडे सर ने कहा कि जो विद्यार्थी तृतीय श्रेणी या द्वितीय श्रेणी में इस खेल में आए है असली जीत उनके पास ही है क्यों की हर हाल में वह विद्यार्थी पूरा प्रयास करता है की हमसे कौन सी भूल हुई जो आज हम सबसे आगे नहीं निकल सके और आगे इस भूल को सुधार करने का भरपूर प्रयास करता है और एक दिन अपनी मंजिल पाकर रहता है। आज के विजेता 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में प्रथम स्थान प्रिंस कुमार द्वितीय स्थान आशीष कुमार और तृतीय स्थान रवि कुमार 100 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में प्रथम स्थान अंजली कुमारी द्वितीय स्थान शिवानी कुमारी और तृतीय स्थान अंजली कुमारी,लंबी कूद बालक वर्ग में प्रथम स्थान दयानंद कुमार द्वितीय स्थान मुनाजिर अंसारी और तृतीय स्थान रोहित,लंबी कूद बालिका वर्ग में प्रथम स्थान शिवानी कुमारी द्वितीय स्थान अंजली कुमारी और तृतीय स्थान अंजली कुमारी, ऊंची कूद बालक वर्ग में प्रथम स्थान दयांद कुमार द्वितीय स्थान प्रिंस कुमारी और तृतीय स्थान रोहित कुमार,ऊंची बालिका वर्ग में प्रथम स्थान अंजली कुमारी द्वितीय स्थान शिवानी कुमारी और तृतीय स्थान लक्ष्मी कुमारी, भाला फेक बालक वर्ग में प्रथम स्थान प्रिंस कुमार द्वितीय स्थान नितेश कुमार और तृतीय स्थान मुनाजिर अंसारी,गोला फेंक में बालिका वर्ग में प्रथम स्थान राधा कुमारी द्वितीय स्थान रुचिका कुमारी और तृतीय स्थान अंजली कुमारी,गोला फेंक में बालक वर्ग में प्रथम स्थान प्रेम कुमार द्वितीय स्थान रवि कुमार और तृतीय स्थान प्रिंस कुमार, कब्बड़ी में बालिका वर्ग विजेता 12 वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने बाजी मारी बालक वर्ग में बीए के विद्यार्थियों ने बाजी मारा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में खेल कूद प्रभारी रत्नेश कुमार राणा, शिक्षक दीपक प्रसाद,आशीष पांडे, संगम कुमारी,रियाज अहमद,अजीत हंसदा,संजीत कुमार,राजकुमार, प्रणत कुमार, विनोद कुमार मेहता, कृष्णा कुमार मेहता, प्रिया कुमारी,राजकुमार सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

## युवा साथी दल के अध्यक्ष विकास सिंह ने किया लाठी का वितरण



लाठी वितरण करते युवा साथी दल के सदस्यगण

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** सामाजिक संस्था युवा साथी दल के अध्यक्ष विकास सिंह ने विभिन्न क्लबों के युवाओं के बीच करतब दिखाने के लिए लाठी का वितरण किया। विकास सिंह ने बताया कि मुहर्रम मुस्लिम समुदाय का पर्व होने के साथ एक सामाजिक पर्व भी है। इस पर्व को हिन्दू एवं मुस्लिम दोनों धर्म के लोग मिलकर मनाते हैं और नौजवान लोग अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न तरह के करतब दिखाते हैं। यह पर्व मुस्लिम समाज ही नहीं बल्कि सभी धर्मों के लिए प्रेरणादायी है। विकास सिंह ने मुहर्रम मनाने वाले सभी युवाओं, क्लबों एवं अखाड़ा कमिटियों से शांतिपूर्ण एवं परंपरागत रूप से पर्व मनाने का अपील किया है। लाठी का वितरण चांद क्लब लस्करी, स्टार क्लब छोटकी बरही, चांद क्लब रसोइया धमना, हुसैनी क्लब वारसिया मुहल्ला, ताज क्लब मदीना नगर एवं के.जी.एन क्लब अंसार नगर में किया गया। जिससे युवाओं में काफी उत्साह है। लाठी वितरण कार्यक्रम में राजा, अहमद, अल्ताफ, आजाद, शारूफ, बाबू, शमशेर, सोनू, शहाबुद्दीन, मुस्ताक, सरफराज, छोटू, दीपेश, रिंकू, कलाम, वसीम, रियाज, अरशद, दीपू, सरफराज खान, प्रेम, इश्तेयाक, इनामुल, राजेश, मनान आदि लोग उपस्थित थे।

## बिजली विभाग की लापरवाही के कारण चतरो कई दिनों से अंधेरे में

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत चतरो गांव में कई दिनों से ट्रांसफार्मर के जल जाने के कारण पूरा गांव अंधेरे में है। बिजली नही रहने के कारण सभी चीजों में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बता दे की ग्राम चतरो में लगभग 15 दिनों से ट्रांसफॉर्मर जला हुआ है लेकिन अभी तक इसे बनाने के दिशा में कोई पहल नही किया गया है। इस बाबत ग्रामीणों ने बताया की बिजली विभाग से कई बार गुहार लगा चुके है पर कोई सुनवाई नही हो रही है। इस बाबत मिलकर एक एक ग्रामीण जनप्रतिनिधियों को आवेदन देकर गुहार लगा चुके है, लेकिन कोई सुनवाई नही हो रही है। जिससे हम सभी ग्रमीण अंधेरे में रहने पर विवश हैं। हम सभी ग्रामवासी एक बार पुनः दैनिक समाचार के माध्यम से उक्त सभी जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों को अपनी समस्या से अवगत करवाते हुए इसका निदान का अपील किया है।

### अंतर सदनीय क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित ए ला एंग्लाइज सीनियर सेकंडरी विद्यालय में चल रहे अंतर सदनीय क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच 12वीं कक्षा के देखरेख में हुरूमगढ़ा कूप मैदान में खेला गया। फाइनल मैच विद्यालय के बाल्मीकि सदन और टैगोर सदन के बीच खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए बाल्मीकि सदन की टीम 95 रनों का लक्ष्य विपक्षी टीम को दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टैगोर सदन की पूरी टीम 35 रनों पर ढेर हो गई। तस तरह बाल्मीकि सदन की टीम मैच को 60 रनों से जीतकर विजेता बना। बेहतर प्रदर्शन के लिए हर्ष कुमार भुईयां को मैन अफ द मैच चुना गया। विजेता एवं उपविजेता टीम को जवाहर नगर पंचायत की मुखिया फुलमती देवी व विद्यालय के प्राचार्य विजयंत कुमार ने विजेता टीम के कप्तान चंदन को विनर व उपविजेता टीम के कप्तान राहुल मुंडा को रनर ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। अंपायर की भूमिका में भौतिक विज्ञान के शिक्षक गौरव कुमार साहू और खेल शिक्षक कंचन कुमार सोनी ने योगदान दिया। मौके पर प्राचार्य विजयंत कुमार ने कहा कि हार-जीत खेल का हिस्सा है। हार से कभी घबराना नहीं चाहिए और जीत होने पर कभी भी अपने लक्ष्य से भटकना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन में टीमवर्क और लीडरशिप के गुण अवश्य होनी चाहिए।

## विधायक अंबा ने समर्थकों के साथ किया रुद्राभिषेक

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** सावन मास के तृतीय सोमवारी के उपलक्ष्य पर बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने बरही प्रखंड परिसर में स्थित प्राचीन मनोकामनेश्वर शिव मंदिर में रुद्राभिषेक पूजा सह हवन किया। इस दौरान विधायक ने सैकड़ों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में पूजा, अर्चना एवं जलाभिषेक कर पुरे राज्य समेत बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में शांति और मानव कल्याण के निमित मनोकामनेश्वर शिव मंदिर बरही पहुंचकर रुद्राभिषेक पूजन किया।

पूजा अर्चना करने के पश्चात विधायक ने मौजूद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का भी वितरण किया। विदित हो कि इसके पहले विधायक अंबा प्रसाद पहली सोमवारी को बड़कागांव स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर और द्वितीय सोमवारी को हजारीबाग शहर स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर में क्षेत्र की जनता के साथ रुद्राभिषेक कर चुकी है। अंबा प्रसाद श्रावन मास के अंतिम सोमवारी तक अनेकों प्राचीन मंदिरों में रुद्राभिषेक में भाग लेगी। साधु संतो के सानिध्य में विद्वान पंडितों द्वारा पूजा-अर्चना किया जा रहा है। इस अवसर पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि आदि देव महादेव की कृपा सभी पर बरसे और क्षेत्र समेत राज्यवासियों का कल्याण हो इसके लिये शिवालयों में पूजा-अर्चना का आयोजन किया जा रहा



रुद्राभिषेक करती विधायक अम्बा प्रसाद व अन्य

है। उन्होंने कहा कि देश में सहिष्णुता कायम हो और शोषण मुक्त समाज का निर्माण हो इसकी कामना को लेकर रुद्राभिषेक का आयोजन किया जा रहा है वहीं उन्होंने क्षेत्र वासियों के सुख-समृद्धि व तरक्की हेतु प्रार्थना व कामना की।

कांग्रेस ओबीसी जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने कहा कि विधायिका अम्बा प्रसाद के द्वारा जिले में प्राचीन मंदिरों में जा जाकर इस तरीके से पूजा पाठ करके पूरे जिले के वासियों के लिए सुख शांति समृद्धि मांग रही है, जिससे यहां के लोगों को के जीवन में खुशहाली हमेशा बनी रहें। इस दौरान मुख्य रूप से स्थानीय नेता सह कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष दीपक कुमार गुप्ता, प्रखंड उपाध्यक्ष यमुना यादव, साहू समाज के अनुमंडल अध्यक्ष अमित कुमार साव, बरही के स्थानीय मुखिया छोटन ठाकुर, हरियाली दुत दिनेश साव, संतोष रजक, रघुनंदन गोप,अमर कुमार, पंकज सिंह, कुणाल सिन्हा, धर्मजीत कुमार अमर कुमार, मोती सिंह, सुबोध केशरी, कैलाश साहु, लोकनाथ साहु, कमलदेव कुमार, बिनोद साहु, रामचंद्र साहु, बलराम केशरी, सुभाष बरनवाल, शिवकुमार गुप्ता समेत सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

### बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के खिलाफ जनता में आक्रोश

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** आजसू पार्टी ने आगामी 4 अगस्त को निर्धारित हल्ला बोल कार्यक्रम को लेकर सोमवार को रिवर साइड भुरकुंडा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया। प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा के नेतृत्व में चले इस अभियान के दौरान आमंत्रण देकर क्षेत्र के आमलोगों से भी हल्ला बोल कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की गई। मौके पर प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा ने कहा की मौजूदा राज्य सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार चरम पर है। युवा रोजगार को तरस रहे हैं। रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में पलायन को मजबूर हो रहे हैं। महिलाएं असुरक्षित महसूस कर रही हैं। अपराध का ग्राफ बढ़ा है। उन्होंने कहा कि प्रखंड सह अंचल कार्यालय में विभिन्न योजनाओं के लिए आमजनता को परेशान किया जा रहा है। विकास कार्य ठप है। श्री सिन्हा ने कहा कि विधायक अंबा प्रसाद सिर्फ विस्थापितों के नाम पर दिखावे का हल्ला करने में व्यस्त हैं। विस्थापितों को उनका उचित मुआवजा, स्थायी रोजगार तक नहीं दिलवा पा रहीं हैं। सिर्फ वादों की पोटली लेकर घूमने वाली विधायक हो गई हैं। उन्होंने कहा कि दिन भर विधायक के कार्यकर्ता किसी उद्घाटन अथवा शिलान्यास कार्यक्रम के शिलापट्ट में स्थानीय विधायक का नाम बड़ा कराने के लिए जोर आजमाइश करते दिख जायेंगे।

## गोलीबारी के आरोप में साला इंद्रनील बनर्जी गिरफ्तार



जानकारी देते

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** रजरप्पा थाना क्षेत्र में सीसीएलकर्मी आशीष मुखर्जी पर फायरिंग की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मामले में सीसीएलकर्मी आशीष मुखर्जी के साले इंद्रनील बनर्जी को पुलिस ने धनबाद से गिरफ्तार किया है। सोमवार को एसपी पीयूष पांडेय ने प्रेस वार्ता में बताया कि बीते 16 जुलाई को सीसीएलकर्मी आशीष मुखर्जी पर हुई फायरिंग में वे घायल हो गए। उनका रांची में इलाज चल रहा है। घटना को लेकर रजरप्पा थाना में कांड संख्या 110/23, धारा 341/307/34 भादवि और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले के अनुसंधान के क्रम में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कांड के मुख्य अभियुक्त इंद्रनील बनर्जी को धनबाद के सुदामडीह थाना क्षेत्र के लोको बाजार, पाथरडीह से गिरफ्तार किया गया। एसपी पीयूष पांडेय ने बताया कि इंद्रनील बनर्जी घायल सीसीएलकर्मी आशीष बनर्जी का साला है। अपने स्वीकारोक्ति बयान में उसने कांड में संलिप्तता स्वीकार की है। बताया है कि उसकी बहन बबीता बनर्जी और जीजा आशीष बनर्जी के बीच घरेलु विवाद चल रहा है। मामला न्यायालय में भी विचाराधीन है। कलह से अजीज आकर इंद्रनील ने पांच अन्य लोगों के सहयोग से घटना को अंजाम दिया है। आरोपी इंद्रनील एसबीआई बैंक के मैनेजेरियल पोस्ट पर कार्यरत हैं। एसपी पीयूष पांडेय ने बताया की घटना में शामिल इंद्रनील बनर्जी के पांचों सहयोगियों के धरपकड़ के लिए पुलिस अभियान चला रही है।

## स्पीड न्यूज

### ट्रैक्टर पलटा, दबकर चालक की मौत

**गुमला।** खेत में ट्रैक्टर से हल जोतने के दौरान ट्रैक्टर पलटने से दबकर चालक मर्चा लेटे निवासी ननकु सिंह (38) की मौत हो गयी। ननकु बसिया के जगजोर में ट्रैक्टर चला रहा था। कीचड़ में फंसने से ट्रैक्टर पलटा। घटना रविवार दोपहर की है। लेकिन पुलिस को घटना की सूचना देर से मिली।

### चेकडैम में डूबने से बच्ची की मौत

**गुमला।** बसिया थाना क्षेत्र के रामडीह निवासी स्व शयन टोपनो की पुत्री इशिता टोपनो (3) की चेकडैम में डूबने से मौत हो गयी। बच्ची की मां उसे लेकर खेत में धनरोपनी करने गयी थी। इसी दौरान बच्ची बगल के चेकडैम में चली गयी।

### करंज पेड़ से गिरकर बच्ची घायल

**गुमला।** घाघरा थाना क्षेत्र के नौडीहा महुआटोली निवासी सुनील लोहरा की पुत्री अनिता (14) करंज पेड़ से गिरकर घायल हो गयी। उसका दाहिना पैर टूट गया है। उसे गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पिता ने बताया कि सोमवार को अनिता दातुन तोड़ने करंज पेड़ पर चढ़ी थी। वहीं पैर फिसलने से वह 12 फीट नीचे जमीन पर गिर गयी।

### हाथियों ने मवेशी को कुचला, मचाया उत्पात

**सिमरिया।** हाथियों के झुंड ने रविवार की रात कसारी पंचायत के सीधा पतरा गांव में उत्पात मचाया। झुंड ने एक भैंस को मार डाला, जबकि एक भैंसा और भैंस को घायल कर दिया। उक्त मवेशी गांव के जगदीश उरांव और लालो उरांव का था। जिसमे जगदीश उरांव का एक मृत भैंस और एक भैंसा है, जबकि लालो उरांव का एक भैंस शामिल है। वही कई मवेशी हाथियों के डर से जंगल की ओर भाग गये। ग्रामीणों ने बताया कि 10 बजे रात हाथियों का झुंड आ धमके और उत्पात मचाना शुरू कर दिया।

### ट्रैक्टर पलटने से चालक गंभीर, रिम्स रेफर

**गुमला।** जारी थाना क्षेत्र के बंझर निवासी सुमन किंडो (34) खेत में फंसे ट्रैक्टर को निकालने के दौरान ट्रैक्टर पलटने से घायल हो गया। परिजनों ने बताया कि सुमन अपने खेत में सोमवार को दिन के 11 बजे के करीब जुताई कर रहा था। उसी क्रम में खेत में ट्रैक्टर फंस गया। वहीं फंसे ट्रैक्टर को निकालने के दौरान अनियंत्रित होकर पलट गया। सुमन को सीने और पीठ में गंभीर चोट लगी। परिजन उसे सदर अस्पताल गुमला लाये। उसके सीना की फसली टूट गयी है। सदर अस्पताल के डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद तत्काल उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स (रांची) रेफर कर दिया है।

### लकड़बग्घे को मारने का आरोपी गिरफ्तार

**लोहरदगा।** जिले में वन विभाग की टीम ने जंगली लकड़बग्घा का शिकार करने वाले एक व्यक्ति को धर दबोचा। वन विभाग के वनपाल जया उरांव और वनरक्षी प्रदीप साहू ने बताया कि लकड़बग्घे का शिकार कर उसका मांस पकाने की तैयारी लोहरदगा बगडू हिल की तराई पर बसे केंदटोली में किये जाने की गुप्त सूचना पर वन विभाग की टीम ने छापेमारी की। इसमें फूलचंद उरांव को पकड़ लिया गया जबकि बाकी वहां से भागने में कामयाब रहे। इनके खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम की धारा नौ के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### समाजसेवी विनय को पद्मश्री देने की मांग

**जारी।** प्रखंड के जिप सदस्य दिलीप बड़ाईक ने समाजसेवी विनय कुमार लाल को पद्मश्री सम्मान देने की मांग गुमला उपायुक्त और लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत से की है। उन्होंने कहा कि विनय जिले के एक प्रसिद्ध समाजसेवी हैं। उन्होंने अपनी समझदारी, समर्पण, और निष्ठा से अनेक समाजसेवा के कार्यों को सफलतापूर्वक संचालित किया है।

### जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग

**लोहरदगा।** भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल जिला उपाध्यक्ष नवीन कुमार टिंकू के नेतृत्व में उपायुक्त से मिलकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन देकर जिला को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग की।



कार्यकर्ताओं ने ग्रामीण क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान के माध्यम से भ्रमण के दौरान ग्रामीणों से बातचीत के क्रम में पाया लोहरदगा जिला में धान का बिचड़ा लगा। किंतु 30 दिन से ज्यादा हो जाने के बावजूद वर्षा नहीं होने से बिचड़ा सूख गया। भाजपा जिला समिति ने उपायुक्त से मिल राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंप जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में सामेला भगत, सूरज मोहन साहू, राजकुमार वर्मा, जगनंदन पौराणिक, अनिल उरांव, मीना बाखला, लक्ष्मी नारायण भगत, चैतू उरांव, यशपाल भगत, मुकेश प्रसाद आदि शामिल थे।

### बजरंग दल ने की विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

**लोहरदगा।** बजरंग दल के नेतृत्व में रामपुर गांव में एक बैठक हुई। जिसमें बजरंग दल शौर्य जागरण यात्रा को भव्य मनाने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक का नेतृत्व शाह गोरक्षा प्रमुख चंदन गोप ने करते हुए कहा कि आये दिन जिस तरह से गोवंश की हत्याएं पूरे भारत में हो रही है वह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। जिला संयोजक सचिन कुमार ने कहा कि बजरंग दल शौर्य जागरण रथ यात्रा पूरे भारत से होकर लोहरदगा जिला भी आयेगी और बड़े ही धूमधाम से रथ यात्रा को सफल बनाया जायेगा। मौके पर जिला अखाड़ा प्रमुख चंदन साहू, विकास सिंह, सुनील यादव, विक्की लोहरा, प्रकाश सिंह, सुजीत सिंह, प्रवीण कुमार सिंह, बिगन महली, महावीर लोहरा, महाली उरांव, सुनील यादव, साधनू उरांव, बिहारी सिंह आदि भी थे।

### रौशनी कन्या व रोहित तरुण भारती के पीएम

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लोहरदगा में सोमवार को पद ग्रहण समारोह में छात्र संसद के प्रधानमंत्री और मंत्रिमंडल के सदस्यों को शपथ दिलायी गयी। मुख्य अतिथि एसडीओ अरविंद लाल ने तरुण भारती के प्रधानमंत्री रोहित साहू और कन्या भारती की प्रधानमंत्री रौशनी उरांव को पद, गोपनीयता और सत्यनिष्ठा की शपथ दिलायी। एसडीओ ने कहा कि आने वाले चुनावों में चुनाव आयोग ने लक्ष्य निर्धारित किया है कि मतदान प्रतिशत 62 से बढ़कर 75 प्रतिशत से पार हो।

### सांसद की भाभी के निधन पर शोक

**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमिटी के कार्यकारिणी सदस्य और राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के बड़े भाई उदय शंकर साहू की धर्मपत्नी स्वर्गीय अरुणा साहू के निधन से लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी मर्माहत और शोकाकुल है। इनके निधन से कांग्रेस परिवार को अपूरणीय क्षति हुई है।

# ट्रेलर से टकरायी बस, 14 घायल, 6 रिम्स रेफर

### रांची से चतरा जा रही थी शिहवाहनी यात्री बस

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** एनएच-22 रांची-चतरा मुख्य पथ पर चितरपुर ग्राम के समीप सिंवाहनी बस जेएच01सीयू 9468 और ट्रेलर ओडी 14बी 8188 के बीच सोमवार की सुबह आमने सामने की भीषण टक्कर हो गयी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनो वाहने के आगे के हिस्से का परखच्चा उड़ गया व बस में सवार 14 यात्री घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल छह यात्रियों को रांची रिम्स रेफर किया गया है।

आस पास के ग्रामीणों के सहायता से सभी घायलों को आनन-फानन में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि अनुसार शिहवाहनी बस रांची से चतरा जा रहा था। सामने से आ रही टेलर से आमने सामने टक्कर हो गई। बस में सवार बिनोद शर्मा 40 वर्ष पिता कमल शर्मा ग्राम कुशीनगर उत्तरप्रदेश, सुरेन्द्र राम 30 वर्ष पिता लालू राम हरमू रांची, आदित्य कुमार 5 वर्ष पिता अर्जुन भोगता, अमीषा देवी 35 वर्ष पति अर्जुन भोगता ग्राम मालहन चंदवा, सुमन कुमारी 30 वर्ष पिता सुरेन्द्र राम रांची, शंकर उपाध्याय 58 वर्ष पिता स्व0 नवल किशोर उपाध्याय रांची, प्रदीप कुमार सिंह 48 वर्ष पिता निर्मल सिंह मधुकम राँची, सोनी खातून 27 वर्ष पति मुबारक



अंसारी द्वारिका पांकी, मो0 सालिम 42 वर्ष पिता मो. अबरार चतरा, राजा कुमार 16 वर्ष पिता महेन्द्र विश्वकर्मा धनगड्डा, पिंकी कुमारी 30 वर्ष पति डॉ. ऐतवा मिंज रांची, मो. अबुस्लाम उम्र 28 वर्ष पिता मो. मोसीर सहरसा बिहार, दीपावली देवी 34 वर्ष पति अरुण गुप्ता बरवाडीह लातेहार घायल हो गया। सभी घायलों का इलाज चिकित्सक डॉक्टर पुरुषोत्तम कुमार आयुष चिकित्सक सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक ईलाज किया गया वही चिकित्सकों ने प्राथमिकी इलाज के बाद छः लोग मो. सलीम, शंकर उपाध्याय, मो. अबुसलाम, आदित्य कुमार,अमीषा देवी की स्थिति को गंभीर देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया।

### मतदाता जागरूकता रथ को रवाना किया

**गुमला।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के मद्देनजर सोमवार को राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) के रवि कुमार ने सर्किट हाउस परिसर में मतदाता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी सुशांत गौरव, व अन्य अधिकारियों के साथ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने समीक्षा बैठक की। वहीं राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के रवि कुमार ने गुमला जिला आगमन के दौरान सिसई प्रखंड के दो मतदान केंद्रों तथा शहरी क्षेत्र के एक मतदान केंद्र के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों का स्थल भ्रमण किया।

# दोहरा हत्याकांड : दो अभियुक्त हथियार के साथ गिरफ्तार, जेल

- एक इंसास राइफल, एक देसी पिस्टल, इंसास राइफल की 4 गोली व पिस्टल की दो जिंदा गोली बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** बिशुनपुर थाना क्षेत्र के सखुवाटोली जंगल में हुए दोहरे हत्याकांड में शामिल दो अभियुक्त सोमनाथ उरांव व धनु उरांव दोनों चिरोड़ीह गांव निवासी को बिशुनपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया है। इस संबंध में गुमला एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने बिशुनपुर थाने में सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया की पुलिस अधीक्षक गुमला के द्वारा लगातार उग्रवादी व अपराध कर्मियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान 23 जुलाई को पुलिस को गुप्त सूचना मिली की चिरोडीह गांव में दो से तीन की संख्या में अज्ञात अपराध कर्मी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। इसी दौरान बिशुनपुर थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह के द्वारा टीम बनाकर तत्काल चिरोड़ीह गांव पहुंचे। जहां पर पुलिस को अपनी ओर आता देख तीन अपराध कर्मी भागने लगे। जिसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर दो आरोपियों को धर दबोचा।



गिरफ्तार अभियुक्त व बरामद हथियार के साथ एसडीपीओ, थाना प्रभारी व अन्य।

**खास बातें :** पकड़े गये आरोपियों के पास से पुलिस ने एक इंसास राइफल व एक देसी पिस्टल इंसास, राइफल का 4 गोली व पिस्टल का दो जिंदा गोली बरामद किया है। वहीं एक अन्य अपराधी अंधेरा का लाभ उठाकर जंगल की ओर भागने में सफल रहा। पूछताछ करने के दौरान पकड़े गये आरोपियों ने बताया 19 जुलाई को सखुवाटोली जंगल में दो लोगों की हत्या हुई थी। जिसमें वे दोनों शामिल थे। साथ ही उन्होंने बताया की लव चीक बड़ाइक और मृतक के बीच पैसे को लेकर विवाद हुआ था। जिसके चलते मृतक को बुलाकर लाठी-डंडे व गोली मारकर हत्या कर दिया था। इधर हत्या के आरोपी लव चीक बड़ाईक उसके अन्य साथियों की तलाश में पुलिस लगातार छापेमारी अभियान चला रही है। जल्दी अन्य आरोपियों को पुलिस पकड़ लेगी।

# भूजनिया ध्वस्त पुल का निर्माण इसी वित्तीय वर्ष में होगा : सुखदेव भगत

- सुखदेव भगत मंत्री ने आलमगीर आलम से की मुलाकात, ध्वस्त पुल के स्थान पर नया पुल बनाने को लेकर उन्हें एक पत्र सौंपा

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** सदर प्रखंड के ग्राम भूजनिया, ईटा के ग्रामीणों की शिकायत पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक सुखदेव भगत कांग्रेसियों के साथ भूजनिया गांव पहुंचकर वहां के ग्रामीणों से रूबरू हुए। ग्रामीणों ने श्री भगत को बताया कि भूजनिया बोकटा नदी में बने पुल विगत लगभग 5 वर्ष पूर्व क्षतिग्रस्त हो गया था जिसके कारण लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों द्वारा काम चलाओ ध्वस्त पुलिया के ऊपर मिट्टी भरकर काम चलाव आवागमन कर रहे हैं लेकिन यह पूल कभी भी ध्वस्त हो सकता है जिससे बड़ी दुर्घटना होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकताहै। इसलिए ग्रामीणों ने श्री सुखदेव भगत से पुल बनवाने की मांग की। श्री भगत ग्रामीणों के साथ क्षतिग्रस्त पुल का मुआयना भी किया। सुखदेव भगत ने कहा कि इस क्षेत्र से लगभगत 20-25 गांवों के लोगों का आवागमन होता है। पूल काफी जर्जर अवस्था में है यह पूल कभी भी पूरी तरह से ध्वस्त हो सकता है जिससे आवागमन पूरी तरह से ठप हो जायेगा।



जर्जर पुल का मुआयना करते सुखदेव भगत।

**ये भी रहे उपस्थित :** मौके पर लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक साहू, आदिवासी विकास परिषद के जिलाध्यक्ष फुलदेव उरांव, मुखिया वासुदेव भगत, हकीम अंसारी, भोला राम, मोजीम अंसारी, विनोद भगत, प्रदीप भगत, बृजेश उरांव, साहबीर उरांव, संजय राम, रवि राम, रामा उरांव, रामकृष्णा उरांव, मुन्ना राम, रविंदर राम, सुखू उरांव, मंसूर अंसारी, महादेव पाहन, बिहारी पाहन कपिल राम आदि थे।

# तीसरी सोमवारी: शिव मंदिरों में जलाभिषेक के लिए लगी भक्तों की कतार

- टांगीनाथ धाम व देवाकी बाबा धाम में पूजा अर्चना के लिए उमड़ी भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** हाथी न घोड़ा न पैदल ही आईबो तोर दुवारी हे भोले नाथ.. जैसे भक्ति गीतों से सावन के पवित्र माह में शिवालय गूंज रहे हैं। सावन माह के तीसरी सोमवारी पर जिले के शिवालयों में आस्था का सैलाब उमड़ा। श्रद्धालु पैदल यात्रा करते हुए पवित्र सरोवरों से जल उठाकर विभिन्न स्थानों पर शिवलिंग में जलाभिषेक के लिए पहुंचे थे। शिवालयों में जलाभिषेक के लिए दिन भर भक्तों का तांता लगा रहा। कतार बद्ध तरीके से मंदिरों में भक्तों ने जलाभिषेक किया और स्वयंभू भगवान भोलेनाथ को नारियल, बेलपत्र, भांग, ईलाईचीदाना व अन्य प्रसाद चढ़ाकर भोग लगाया। जिले के प्रसिद्ध बाबा टांगीनाथ धाम में अहले सुबह से ही जलाभिषेक के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। तीसरे सोमवारी पर टांगीनाथ धाम में छतीसगढ़ राज्य सहित झारखंड के विभिन्न जिलों से श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे थे। वहीं दूसरी ओर घाघरा प्रखंड का देवाकी बाबा धाम में भी अहले सुबह से पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी। मंदिर परिसर स्थित नदी में हजारों भक्तों ने पवित्र डूबकी लगाकर वहां से जल उठाकर शिवलिंग में जलाभिषेक किया। देवाकी बाबा धाम में पूजा अर्चना के लिए लोहरदगा, गुमला सहित कई जिलों से लोग वाहनों में सवार होकर पहुंचते हैं। शिवलिंग में जलाभिषेक कर भक्तों ने अपनी मनोकामना पूर्ति का वरदान स्वयंभू भगवान भोलेनाथ से मांगी। वहीं शहर के करमटोली स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर, पालकोट रोड स्थित शक्ति मंदिर, रौनियार मंदिर, घाटो बगीचा स्थित महावीर मंदिर, विंध्याचल नगर स्थित पंच शिव शक्ति मंदिर आदि स्थानों पर भी अहले सुबह से ही भक्तों की भीड़ पूजा अर्चना के लिए उमड़ी थी। सबसे अधिक भीड़ महिलाओं की देखी गयी।





- करमटोली स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर में कतार बद्ध तरीके से बारी-बारी से भक्तों ने शिवलिंग में जलाभिषेक किया। इसके अलावे जिले के कामडारा प्रखंड स्थित शिव मंदिर, बसिया के शिवमंदिर, विशुनपुर के शिवमंदिर, भरनो प्रखंड के शिवमंदिर, जारी व चैनपुर प्रखंड के शिव मंदिर में तीसरी सोमवारी पर पूजा के लिए भक्तों का तांता दिखा।

### कांग्रेसियों ने शिव मंदिरों में किया जलाभिषेक



**गुमला।** रायडीह प्रखंड के वासुदेवकोना में तीसरी सोमवारी पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष चैतु उरांव के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने जलाभिषेक किया। जिसमें विष्णु राम, राजीव रंजन महतो, तरुण गोप, रूपेश सन्नी शामिल थे। वहां के बाद कांग्रेसियों ने महासदा शिव मंदिर, विष्णु देव मंदिर में भी जलाभिषेक किया। मौके पर दिगंबर सिंह, महाजन सिंह राजू भगत और काफी संख्या में महादेव के भक्त उपस्थित थे।

### श्रावण की सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ी भीड़



**कैरो।** श्रावण सोमवारी पर प्रखंड मुख्यालय सहित विभिन्न गांव स्थित शिवालयों व शिव मंदिरों में सुबह से ही भक्त बम बम भोले, हर हर महादेव, ॐ नमः शिवाय के महामंत्रों के साथ जल, दुग्ध, बेलपत्र, सिंदूर, अगरबती के साथ पूजा अर्चना किये। खरता स्थित मनोकामना सिद्ध बाबा भोलेनाथ मंदिर में सुबह से ही भक्त पूजा अर्चना को लेकर कतारबद्ध अपनी बारी में पूजा अर्चना कर मनोकामना पूर्ती व बारिश की कामना किये। साथ ही महादेव मंडा गजनी, शिव मंदिर सढ़ाबे, हनहट स्थित धरहरा, नरौली शिव मंदिर, गुड़ी महादेव स्थान में भी भक्तों ने पूजा अर्चना की।

# पलामू सांसद बीडी राम ने लोकसभा में उठाया मंडल निर्माण का मामला

### निर्माण कार्य नहीं होने से फैल रही भ्रांतियां : सांसद

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में नियम 377 के तहत पलामू प्रमंडल के अति महत्वपूर्ण परियोजना उत्तरी कोयल जलाशय मंडल डैम के निर्माण कार्य पूर्ण कराने संबंधी मामले को लोक सभा में उठाया।

सांसद राम ने कहा कि उक्त परियोजना का निर्माण कार्य वर्ष 1972 में आरंभ हुआ था जो की 1993 तक कार्य जारी रहा लेकिन 1993 के बाद कतिपय कारणों से उक्त परियोजना का कार्य बंद हो गया। वर्ष 2014 में केंद्र सरकार ने 1622 करोड़ रुपए की लागत से इस परियोजना के निर्माण की स्वीकृति प्रदान किया था। परियोजना का कार्य वाप्कोस कंपनी को मिला है। उन्होंने प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पाच जनवरी 2019 को उक्त परियोजना के निर्माण की अधारशिला पलामू में जाकर किया। जिसके बाद पलामू प्रमंडल के साथ-साथ बिहार के औरंगाबाद एवं गया जिलें की जनता के मन में मंडल डैम परियोजना के निर्माण कार्य फिर से शुरू होने की आस जगी। परंतु मुआवजे और पुनर्वास की मांग को लेकर हुए आंदोलन एवं राज्य सरकारों की उदासीनता के कारण निर्माण कार्य शुरू नहीं किया जा सका है। जिससे जनता के मन में तरह-तरह की भ्रांतियां फैल रही है। आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है। कि मुआवजा की राशि प्रदान कराते हुए उक्त परियोजना का कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने की कृपा की जाये। ताकी पलामू समेत बिहार की जनता का विश्वास केंद्र सरकार पर बना रहे। इतना ही नहीं मंडल डैम के निर्माण हो जाने के कारण किसानों समेत अन्य लोगों को भी उसका भरपुर लाभ मिलता रहेगा। यह योजना जनहित में आवश्यक है।

### उप मुखिया व पंचायत सचिव के बीच झड़प

**घाघरा।** प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को नवडीहा पंचायत की उप मुखिया विनीता कुमारी व पंचायत सचिव कलेश्वर साहू के बीच जमकर झड़प हुई। उप मुखिया ने आरोप लगाया है कि पंचायत सचिव अनावश्यक परेशान करते हैं। जनप्रतिनिधि होने के नाते हमारे पास ग्रामीण कई समस्या व आवेदन लेकर आते हैं। उक्त आवेदन को जब पंचायत सचिव तक लाते हैं तो वे कहते हैं कि मैं जनप्रतिनिधि को नहीं जानता हूं। आवेदन जिसका है उस आवेदक को भेजिये। उसी को लेकर कोई बिचौलिया आये तो तुरंत काम कर देते हैं।

### कांवरिया संघ बरवाटोली लोहरदगा के बैनर तले सैकड़ों श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए पहुंचे देवाकी



**घाघरा।** लोहरदगा बरवाटोली कांवरिया संघ पैदल कांवर यात्रा लेकर सोमवार को घाघरा स्थित देवाकी बाबाधाम पहुंचा। कांवरियों का यह दल लगभग 25 किमी पैदल यात्रा की। देवाकी बाबा धाम पहुंच भक्तों ने भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग पर जलाभिषेक किया और माता पार्वती की पूजा की। वहीं भव्य झांकी निकाली गयी थी, जिसमें भगवान भोलेनाथ व माता पार्वती एवं भूत पिचाश की रूप सज्जा लोग किये हुए थे। वहीं पैदल यात्रा कर आने वाले भक्तों के लिए गम्हरिया में जय श्री राम समिति और घाघरा थाना चौक में दुर्गा पूजा समिति, बजरंग दल घघरा व बाबाधाम समिति के सदस्यों ने शर्बत पानी की व्यवस्था की। साथ ही श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा भी किया। वहीं सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस पूरी तरह मुस्तैद दिखी। मंदिर प्रबंधन समिति ने भी कांवरियों के स्वागत के लिए व्यापक इंतजाम किये थे।

# मानसून की बेरुखी से मायूस हो रहे किसान

### आधा मानसून बीत गया , नही हुई अच्छी बारिश, खेत मे खराब हो रहा है धान का तैयार बिचड़ा

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड में मानसून आने के एक माह बीत जाने के बाद भी अच्छी बारिश नही होने से किसान मायूस व हताश नजर आ रहे है। मानसून के दगाबाजी के किसानों के खेत मे लगभग तैयार हो चुका धान का बिचड़ा (बीड़ा) भी अब सूखने लगा है। वहीं किसान द्वारा किये गए मकई की भी खेती पर भी मानसून के दगाबाजी की मार देखने को मिल रही है। बता दें कि कुछ ही दिनों के बाद अगस्त माह का आगाज हो जाएगा, लेकिन अब तक बारिश का पता नहीं है। आषाढ़ व सावन का महीना अच्छी बारिश के लिए जाना जाता है, पर इस बार यह सूखा ही बीत गया। मौसम को



देख सावन की बरखा बहार भी इस बार दूर की कौड़ी नजर आ रही है। मौसम के कड़े तेवर अभी ढीले नहीं हो रहे हैं। घुमड़ते बादलों के बीच तापमान में उतार-चढ़ाव जारी है। मानसून कब अपनी रौ में आएगा, कुछ साफ नहीं। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान कोरा साबित होने लगा है। किसान इंदुभूषण पाठक, महेन्द्र प्रसाद साहू, राजेश यादव, बीरबल यादव, कुलामन साव, राहुल कुमार, राजन भगत समेत अन्य ने कहा कि बारिश के बिना धान की रोपाई संभव नहीं। तालाबो में भी प्रयाप्त मात्रा में पानी नही है जिस कारण निजी साधनों से सिचाई में मुसीबत हो ही है। इधर मौसम के जानकारों की माने तो अभी बारिश होने के आसार कम ही है। पिछले साल के सापेक्ष अबकी आषाढ़ व सावन में बारिश न के बराबर हुई है। जिस कारण धान के खेतों में नमी बनाए रखना किसानों के लिए चुनौती साबित हो रहा है। ऐसे में किसानों की आखिरी उम्मीद बारिश पर ही टिकी हुई है।

### अब हो रहा सही में विकास, पहले होता था छलावा: मिथिलेश ठाकुर

**गढ़वा।** जिले के रमकंडा प्रखंड के सड़काही नदी पर करीब ढाई करोड़ की लागत से पुल का निर्माण किया जाएगा। इस पुल के निर्माण से लगभग आधा दर्जन गांव की 15 हजार से अधिक की आबादी लाभान्वित होगी। ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार ने इसकी प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि ग्रामीण कार्य विभाग, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल गढ़वा 2 के अंतर्गत मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत जिले के रमकंडा प्रखंड में बलीगढ़ पंचायत के ग्राम कुशवार में सड़काही नदी पर दो करोड़, 45 लाख, 31 हजार, एक सौ रुपए की लागत से पुल का निर्माण किया जाएगा। इसकी प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। शीघ्र ही टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य प्रारंभ किया जाएगा। मंत्री ने बताया कि इस पुल के निर्माण से बलीगढ़ पंचायत का कुशवार, गोबरदाहा, बिराजपुर पंचायत का बैरिया, तेतरडीह होते हुए गोदरमाना, होमिया तक की सड़क जुड़ जाएगी। इसके निर्माण से लगभग 15 हजार की आबादी लाभान्वित होगी। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि इस पुल का निर्माण इस क्षेत्र के लोगों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। लंबे समय से क्षेत्र के ग्रामीण इसके निर्माण की मांग कर रहे थे। बरसात के मौसम में इन गांवों के लोगों को काफी लंबी दूरी तय कर गोदरमाना आदि क्षेत्रों में जाना पड़ता था। इसके निर्माण से ग्रामीणों को काफी सुविाा मिलेगी।

# 29 को लौह नगरी की धरती पर आ रहे परमवीर चक्र विजेता कैप्टन योगेंद्र सिंह

## पारडीह से लेकर मानगो डिमना चौक, खुदीराम बोस चौक होते हुए साकची गोलचक्कर तक होगा जगह-जगह होगा भव्य स्वागत

खुली जीप में नगर भ्रमण कर शहरवासियों का हौसला बढ़ायेंगे कैप्टन योगेंद्र और कमांडो सुरेंद्र सिंह

राजेंद्र विद्यालय सभागार में कारगिल योद्धाओं का सम्मान समारोह 30 को

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





परमवीर चक्र विजेता के नगर आगमन की जानकारी देते भाजपा व्यवसाय प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह। साथ में बैठे हैं सैल्यूट तिरंगा के रविशंकर तिवारी, पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सुशील सिंह व अन्य।

**जमशेदपुर।** सोमवार को पूर्व सैनिक सेवा परिषद, पूर्वी सिंहभूम एवं सैल्यूट तिरंगा, झारखंड की ओर से साकची स्थित होटल दयाल इंटरनेशनल में आगामी 29 जुलाई और 30 जुलाई को शहर में आयोजित होने वाले सैनिक शौर्य सम्मान सह प्रतिभा सम्मान के निमित्त प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस प्रेस वार्ता में कार्यक्रम के संयोजक नीरज सिंह, पूर्व नौसैनिक सह कार्यक्रम के सह संयोजक सुशील कुमार सिंह सैल्यूट तिरंगा झारखण्ड के कार्यकारी अध्यक्ष रवि शंकर तिवारी, पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला संयोजक राजीव रंजन और विनोद राय उपस्थित थे। मीडिया को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के संयोजक नीरज सिंह ने बताया कि आगामी 29 जुलाई 2023 को लौह नगरी की धरती पर पहली बार देश के रियल हीरो भारत माता के सपूत परमवीर चक्र से सम्मानित हॉनरेरी कैप्टन योगेंद्र सिंह यादव और एन एस जी कमांडो सुरेंद्र सिंह पूर्व विधायक दिल्ली कैंट सैल्यूट तिरंगा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश झा आ रहे हैं। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए सिंह ने कहा कि 29 जुलाई को संध्या 03 :00 बजे पारडीह स्थित काली मंदिर में योगेंद्र सिंह यादव परमवीर चक्र और कमांडो सुरेंद्र सिंह का अभिनन्दन करने के बाद शहर में भारत माता के सपूतों के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाला जायेगा। जिसमें जमशेदपुर के लोगों को पहली बार परमवीर चक्र से सम्मानित योगेंद्र सिंह यादव को देख पाएंगे और उनका स्वागत कर पाएंगे। नीरज सिंह ने बताया कि यह तिरंगा यात्रा पारडीह काली मंदिर से शुरू होकर डिमना चौक, मानगो चौक, बस स्टैंड गोलचक्कर, महाराणा प्रताप चौक,साकची गोलचक्कर जुबली पार्क होते हुए सोनारी स्थित आर्मी कैम्प में सम्पन्न होगी। जमशेदपुर स्थित सेना की यूनिट 220 फील्ड रेजिमेंट भारत माता के दोनों सपूतों का आर्मी ग्राउंड में स्वागत एवं अभिनंदन करेगी। साथ ही दिनांक 30 जुलाई 2023 को सुबह 11:00 साकची स्थित राजेंद्र विद्यालय ऑडिटोरियम में ऑनरेरी कैप्टन योगेंद्र सिंह यादव परमवीर चक्र और कमांडो सुरेंद्र सिंह जी को सुनने का सौभाग्य जमशेदपुर की आम जनता को मिलेगा। इस कार्यक्रम में जमशेदपुर के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी मेहनत और लगन के बदौलत समाज के हित में काम कर रहे लोगों को भी सम्मानित किया जायेगा। पूर्व नौ सैनिक सुशील सिंह ने कहा की यह जमशेदपुर के लोगों के लिए गौरव का पल होगा जब परमवीर चक्र से सम्मानित हॉनरेरी कैप्टन योगेंद्र सिंह यादव और एन एस जी कमांडो सुरेंद्र सिंह जी हम लोगों के बीच मौजूद रहेंगे। साथ ही सुशील कुमार सिंह ने जमशेदपुर वासियों से अपील किये लोग हजारों की संख्या में पारडीह काली मंदिर पहुंच कर भारत माता के सपूतों का अभिनन्दन करें और इस तिरंगा यात्रा में शामिल होकर जमशेदपुर के लोगों के दिलों के अंदर हमारे सैनिकों के लिए जो सम्मान है। उसे इस यात्रा के माध्यम से प्रकट कर देश भक्ति के क्षेत्र में इतिहास रचने का काम करें।

## स्पीड न्यूज

### बीए इंजी. कॉलेज के छात्र का सुभाष चंद्रा कंस्ट्रक्शन में प्लेसमेंट



जमशेदपुर। बी ए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी जमशेदपुर के सिविल इंजीनियरिंग के मेधावी छात्र हरेंद्र नाथ मार्डी का चयन जमशेदपुर की अग्रणी कंस्ट्रक्शन कंपनी मेसर्स सुभाष चंद्रा कंस्ट्रक्शन में साइट इंजीनियर के पद पर आकर्षक पैकेज में हुआ है। कंपनी के द्वारा इसका इंटरव्यू 7 जुलाई 2023 को हुआ था और ये कंपनी के जादूगोड़ा स्थित साइट में कार्यरत है। हरेंद्र नाथ मार्डी के इस चयन पर कॉलेज के चेयरमैन डॉ शिव कुमार सिंह, बिहार एसोसिएशन के के महासचिव सी पी एन सिंह, प्रभारी प्राचार्या अनुमिता सेन गुप्ता, प्लेसमेंट अधिकारी राहुल सिंह तथा कॉलेज के सभी प्रोफेसर्स ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बधाई एवं उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनायें दी हैं।

### कीताडीह में विहंगम योग समारोह सम्पन्न



जमशेदपुर। विहंगम योग टाटा संत समाज की तरफ से कीताडीह यादव क्लब में रविवार को प्रातः 9 बजे से एक कुंडीय विश्वशान्ति वैदिक महायज्ञ सह विहंगम योग समारोह का आयोजन किया गया। बनारस के आये पुरोहित महावीर विद्यार्थी जी द्वारा महायज्ञ कराया गया जिसमें यजमान शर्मिला देवी एवम सुधीर कुमार के संग 400 से अधिक भाई बहनों नें आहुतियां प्रदान की। कार्यक्रम में विहंगम योग युवा संत समाज के कोल्हान प्रमुख नीरज मिश्रा नें बताया कि मनोनिग्रह से शुरू होकर परमात्मा प्राप्ति का मार्ग है विहंगम योग, यह क्रियात्मक साधना अभ्यास पद्धति सभी वर्ग के लिए उपयोगी है। वहीं युवा प्रभारी सूरज जी एवम अनिल जी द्वारा भाजपा के शैलेश पाठक एवम केशव सिंह को विश्व की अद्वितीय आध्यात्मिक सद्ग्रंथ स्वर्वेद प्रदान की गई। प्रवचनकर्ता पंडित योगेन्द्र नाथ पाण्डेय जी ने कहा कि जीवन में सद्गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बिना सद्गुरु के जीव का कल्याण नहीं हो सकता। आयोजनकर्ता देवरती देवी, विश्राम तिवारी, रामबाबू यादव के साथ साथ मौके पर जिला संयोजक उमेश यादव, सह संयोजक बिजेन्दर उपाध्याय, युवा प्रभारी रौशन पाण्डेय, आशा पाण्डेय, रीना पाण्डेय, घनश्याम गोयल के साथ 400 से अधिक सदस्यों नें आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया।

### चांडिल : रैयतदारों ने स्टील कंपनी लगाने का किया समर्थन



**चांडिल।** नीमडीह प्रखंड के रघुनाथपुर स्थित फॉरेस्ट गेस्ट हाउस में ग्रामप्रधानों और रैयतदारों की बैठक ग्रामप्रधान बैद्यनाथ महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रखंड के सुदीडीह, सांगिरा, आदरडीह, नीमडीह, रघुनाथपुर एवं केतूंगा मौजा के ग्रामप्रधन और रैयतदार उपस्थित थे। बैठक में रैयतदारों ने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व रैयतदारों को गुमराह कर रहे है तथा ग्रामसभा की बात कर दिग्भ्रमित कर रहे है। जबकि जमिनदाता एस एम स्टील कंपनी के लगने के पक्ष में है तथा ग्रामीणों में खुशी है। कंपनी के लगने से सुदूरवर्ती गांव के बेरोजगार लोगों को रोजगार मिलेगा तथा जीवन स्तर में भी सुधार होगा। क्षेत्र में कंपनी के लगने से लोगों को रोजगार मिलेगा तथा आसपास के गांव का विकास होगा। ग्रामप्रधान बैद्यनाथ महतो ने कहा की कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा क्षेत्र को अशांत करने का प्रयास किया जा रहा है, वैसे तत्वों को रैयतदार खदेड़ने का काम करेगी। बैठक में बैजनाथ महतो, तपन महतो, मुखिया सुभाष सिंह, श्यामापदो कुम्हार, लालमोहन गोराई, श्यामल महतो, सुनील सिंह, खगेन मूदी, हाकुम कुम्हार, पूर्ण दास, रघु महतो, सुभाष गोराई, भक्त मंडल सहित कई लोग उपस्थित थे।

### 91 कांवरियों की जत्था देवघर रवाना

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा कांवरिया संघ के 91 कांवरियों की जत्था सोमवार को तीन नंबर चढ़ाई से व्यवसायी अजय सिंह के नेतृत्व में 16 वीं वर्ष देवघर के लिए रवाना हुआ। इस दौरान बोल बम के नारों से चिरकुंडा क्षेत्र गुंज उठा। रास्ते में माता कल्याणेश्वरी का भी दर्शन कर कांवरियों ने मत्था टेका। आयोजक अजय सिंह ने बताया कि हर साल झारखंड,बिहार,पूणे और बंगाल के कांवरिया आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में एक परिवार के सदस्य की तरह चिरकुंडा से देवघर में बाबा भोलेनाथ को जलार्पण करने के लिए जाते हैं। नाचते, गाते, झूमते वे सुलतानगंज से पैदल दूरी तय कर देवघर पहुंचते हैं। मौके पर अजय सिंह,कुंदन सिंह,ललिता देवी, अखिलेश सिंह,पूनम सिंह,मनोज सिंह,रीता सिंह,प्रतिभा सिंह,रेखा सिंह,शंभु झा,डिटेंशन बम,सुदेश सिंह,रुपा सिंह,आकाश सिंह, निकिता सिंह,अनीता सिंह,सुनीता देवी,महंथ यादव,सुनील भगत मौजूद थे।

## एक्सएलआरआई के पीजीडीएम की ओर से री-एनविजन 2023 का आयोजन

# आधार ने दिलाई डिजिटल पहचान : परोमा चटर्जी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** एक्सएलआरआई के पीजीडीएम (जीएम) की ओर से री-एनविजन 2023 का आयोजन किया गया जिसमें भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर व फिनटेक विषय पर मंथन किया गया। दो सत्र में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सत्र की शुरूआत एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज, एस जे ने दीप प्रज्वलित कर की। इस दौरान उन्होंने एक्सएलआरआइ द्वारा विद्यार्थियों को पठन-पाठन के दौरान ही अलग-अलग क्षेत्र के एक्सपर्ट से रूबरू करवाने की दिशा में किये जाने वाले प्रयासों की सराहना की। मौके पर मुख्य वक्ता के रूप में रिवोल्यूट कंपनी में भारत के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर परोमा चटर्जी मौजूद थी। उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर व फिनटेक के योगदान पर प्रकाश डाला। भारत के डिजिटल परिवर्तन पर अपनी बातों को रखते हुए परोमा चटर्जी ने पहला मोबाइल वॉलेट लाइसेंस बनाने, बाढ़ प्रवण क्षेत्रों में बैंक रहित लोगों को सशक्त बनाने में उनके द्वारा किये गये प्रयासों पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान उन्होंने देश में मोबेलिटी, आधार कार्ड, जनधन बैंक खाता और खाता एग्रीगेटर प्रणाली की शुरूआत को डिजिटल लेनदेन में क्रांति करार दिया। परोमा चटर्जी ने डिजिटल पहचान सत्यापन के लिए आधार की सफलता पर अपनी बातों को रखते हुए कहा कि आधार ने भारतीय को डिजिटल पहचान दी, साथ ही और छोटे पैमाने के व्यापारियों के व्यापार विस्तार पर इसके प्रभाव की जानकारी भी दी। इस दौरान एक पैनल पैनल डिस्कशन का भी आयोजन किया गया, जिसमें व अलग-अलग माध्यम से इस बात की भी चर्चा होगी कि डिजिटल पेमेंट इंफ्रास्ट्रक्चर किस प्रकार व्यक्तिगत व संस्थागत बिजनेस को बढ़ाने में कारगर साबित हो रही है। दूसरे सत्र में एक पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया जिसमें ओपन इनोवेशन के प्रमुख फिनटेक प्लेटफॉर्म बार्कलेज राइज इंडिया की लिन्सी थेराटिल ने वित्तीय समावेशन के महत्व और भारतीयों के स्थानीय समाधान के लिए तैयार किए गए बाजार के प्रभाव पर प्रकाश डाला। ट्रांसबैंक के संस्थापक एवं सीईओ वैभव तांबे ने इंडिया स्टैक को एक मजबूत बुनियादी ढांचे के रूप में रेखांकित किया और नए फिनटेक उत्पादों के महत्व पर बल दिया। वहीं, मर्चेंट लेंडिंग भारतपे के चीफ बिजनेस ऑफिसर ध्रुव धनराज बहल ने देश में विकसित हो रहे वित्त मॉडल और डेटा का उपयोग करके व्यक्तिगत कस्टमर प्रोफाइलिंग के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान टाटा डिजिटल के चीफ स्ट्रेटेजी एंड बिजनेस ऑफिसर सह संस्थापक गौरव हजरती ने भारत के समक्ष आने वाली चुनौतियां, उनके समाधान व भारत के लोगों के जीवन को प्रभावित करने में टाटा की भूमिका पर प्रकाश डाला। वॉलमार्ट ग्लोबल टेक इंडिया के प्रोडक्ट मैनेजमेंट के डायरेक्टर अभिषेक राजन ने भारतीय बाजारों के संबंध में चर्चा करते हुए अन्य अर्थव्यवस्थाओं के लिए वित्तीय उत्पाद बनाने व भारत के बढ़ते प्रभाव पर चर्चा की।

## सिंदरी फर्टिलाइजर फैक्ट्री वर्कर्स यूनियन के महासचिव गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सिंदरी।** सिंदरी पुलिस ने सोमवार की अहले सुबह लगभग तीन बजे फर्टिलाइजर फैक्ट्री वर्कर्स यूनियन महासचिव संतोष चौधरी के रांगामाटी स्थित आवास पर छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया है। वहीं जनता श्रमिक संघ संयुक्त महामंत्री गौरव वक्ष उर्फ लक्की सिंह के शहरपुरा स्थित आवास पर छापेमारी में लक्की सिंह पुलिस से बचकर निकल गए हैं। सिंदरी थाना प्रभारी प्रभात कुमार सिंह ने बताया कि सिंदरी को शांत रखने के लिए प्रशासन मुस्तैद है। विगत 25 अगस्त 2022 को सिंदरी में हुए हिंसक प्रदर्शन, तोड़फोड़ और मारपीट मामले में सुबह छापेमारी की गई है। इस सिलसिले में सिंदरी थाना में 90/22, 92/22 कांड संख्या दर्ज हुई थी। उन्होंने बताया कि संतोष चौधरी को गिरफ्तार कर पुलिस बैंक मोड़ थाना ले गई है और वहीं से उन्हें जेल भेज दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि गौरव वक्ष के आवास पर छापेमारी में उनके पिता इंद्रमोहन सिंह और अंगरक्षक को पूछताछ के लिए पुलिस लाई थी। फिलहाल उन्हें छोड़ दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी करेगी। सिंदरी में बीते 25 अगस्त को हुई हिंसक प्रदर्शन में तात्कालीन भौंरा ओपी प्रभारी हिमांशु कुमार बुरी तरह से घायल हो गए थे। दिल्ली में इलाज के बाद स्वस्थ होकर वापस लौट आए हैं। इस घटना के आरोपी बेखौफ घूम रहे थे। पुलिस के छापेमारी के बाद हड़कंप मच गया है और आरोपी छिपने के लिए विवश हो गए हैं।

## मेवाड़ यूनिवर्सिटी में 10वीं, 12वीं के विद्यार्थियों का कैरियर काउंसलिंग

### यूनिवर्सिटी में प्लेसमेंट की है सुविधा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कतरास।** रविवार को कतरास बाजार छाताबाद स्थित अटल क्लीनिक के प्रांगण में मेवाड़ यूनिवर्सिटी के द्वारा 10, 11, 12 में पढ़ने वाले बच्चों के लिए कैरियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। मेवाड़ यूनिवर्सिटी के मो आरिफ अली के द्वारा छात्र छात्राओं को विभिन्न कोर्स में एडमिशन के बारे में बताया गया। एवं बताया गया कि हंड्रेड परसेंट स्कॉलरशिप में एससी एसटी एवं अल्पसंख्यक छात्र-छात्राओं का नामांकन मेवाड़ यूनिवर्सिटी में किया जा रहा है। जबकि जनरल कैटेगरी के छात्र-छात्राओं के लिए 70 परसेंट का छूट यूनिवर्सिटी के द्वारा दी जा रही है। नामांकन के बाद छात्रों को 5000 रुपए / माह रहने एवं खाने के लिए भुगतान करना होगा। छात्र-छात्राओं का यूनिवर्सिटी में कोर्स पूरा होने के बाद भारत के जाने-माने कंपनियों में प्लेसमेंट की सुविधा भी यूनिवर्सिटी में दी गई है। मौके पर छाताबाद वार्ड संख्या 2 के पार्षद प्रतिनिधि मासूम खान समाजसेवी मोहम्मद फैयाज आदि मौजूद थे।

# बाइक की ठोकर से वृद्ध महिला की मौत, रोड जाम

### एक बाइक पर सवार चार नाबालिगों ने मारी थी टक्कर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गिरिडीह।** गिरिडीह के मुफ्फसिल थाना इलाके के सेंट्रलपीठ दुर्गा मंडप के समीप एक बाइक में सवार चार युवकों ने 67 वर्षीय महिला सीतिया देवी को जोरदार धक्का मार दिया। इससे महिला सीतिया देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को इलाज के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया गया। इधर, घटना के दूसरे दिन सोमवार की सुबह इलाज के क्रम में सीतिया देवी की मौत धनबाद में हो गया। महिला की मौत के चंद घंटे बाद ही आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने बुढियाखाद सेंट्रलपीठ रोड जाम कर दिया। और मुफ्फसिल थाना पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। हालाकि मृतका का शव फिलहाल धनबाद में ही था। परिजनों का कहना था कि शव आने के बाद रोड जाम को जारी रखा जाएगा। इस बीच रोड जाम की जानकारी मिलने के बाद मुफ्फसिल थाना प्रभारी कमलेश पासवान भी पुलिस जवानों के साथ घटनास्थल पहुंच कर आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया।

### ग्रामीणों ने बाइक चालक को पकड़ा, पुलिस ने छोड़ा

परिजनों ने पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा की जब रविवार की रात घटना के बाद एक बाइक चालक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया गया था, तो पुलिस ने आरोपी चालक को छोड़ा ही क्यों। इसी बात को लेकर जेएमएम नेता दिलीप रजक समेत इलाके के अन्य लोग पुलिस पर आक्रोशित थे। फिलहाल रोड जाम लगा हुआ था, और आवागमन ठप था। खबर लिखे जाने तक ग्रामीण चारों युवकों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क जाम किए हुए थे।

## ऑटो पर हाइवा पलटा, दो की मौत

बोकारो। स्थानीय बारी को-आपरेटिव मोड पर हुई भयंकर दुर्घटना में दो लोग मौत के शिकार हो गए। रितुडीह की तरफ से हाइवा नण जेएच 02 बीके 9889 तेज गति से आ रहा था उसके बायीं तरफ एक ऑटो आ रहा था। अचानक हाइवा बायीं तरफ पलट गया और उसके चपेट में ऑटो आ गया। ऑटो में बैठे एक व्यक्ति व चालक समेत दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। एक व्यक्ति को गंभीर स्थिति में अस्पताल पहुंचाया गया। हाइवा चालक फरार हो गया है। ऑटो चालक 35 वर्षीय मो शमीम की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। इस दुर्घटना के बाद एन एच 32 कई घंटे जाम रहा।

# सैकत चट्टोपाध्याय को मिला बेस्ट डायरेक्टर और एक्टर का खिताब

### बेस्ट एक्ट्रेस का ताज प्रिया राय को मिला

### काला हीरा पुरस्कार वितरण समारोह

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**धनबाद।** सोमवार को कोयलांचल भारत कोकिंग कोल नृत्य संगीत एवं नाट्य संघ के काला हीरा के सातवें ऑल इंडिया मल्टी लिंगुअल डांस ड्रामा एंड म्यूजिक कंपटीशन का कोयला नगर, कम्युनिटी हॉल में पुरस्कार वितरण सह सम्मान समारोह का भव्य आयोजन कर महोत्सव का समापन किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि धनबाद विधायक राज सिन्हा और बीसीसीएल के डायरेक्टर पर्सनल डायरेक्टर मुरली कृष्ण रमैया उपस्थित हुए। सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर काला हीरा टीम ने गर्मजोशी से स्वागत कर सम्मानित किया। विधायक राज सिन्हा ने काला हीरा के निर्देशक राजेंद्र प्रसाद की भूरी भूरी प्रशंसा की.उन्होंने कहा मैं काला हीरा महोत्सव की दिल से प्रशंसा करता हूं। कारण पूरे देश के कलाकार आकर यहां अपना शानदार परफॉर्मेंस देते हैं और साथ ही काला हीरा रूपी प्रतिभावान कलाकारों को इस मंच से तलाशना शुरू किया है जिसमें काला काफी सफल रहा है। उन्होंने कहा देश के कई राज्यों से आए नाट्य संस्थाएं एवं कलाकारों को बधाई देता हूं और धनबाद की धरती पर स्वागत करता हूं। धनबाद के काला हीरा के मंच पर अपनी शानदार प्रस्तुति देकर धनबाद का मान बढ़ाया है इसके लिए सभी प्रांतों के कलाकारों को हार्दिक बधाई और अभिनंदन।

### अमृत महोत्सव की दी शुभकामनाएं

उन्होंने कहा इस तरह सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन और निष्पक्ष कंपटीशन वर्तमान में बहुत कम हो गई है जिससे कलाकारों की चुनौती और सही मंच चयन करने की असमंजस बढ़ी है,लेकिन काला हीरा ने सफलतापूर्वक सारे चुनौतियों को पार करते हुए बहुत प्रयासों और हिम्मत से लगातार सातवां महोत्सव काफी सफल एवं भव्य आयोजन किया है इसके लिए मैं हार्दिक रूप से बधाई देता हूं और साथ ही काला हीरा को 25 वीं वर्षगांठ उससे आगे 50 वीं वर्षगांठ और उससे भी बढ़कर अमृत महोत्सव मानने की शुभकामनाएं देता हूं।

## खबर एक नजर में

### कान्वाई चालकों को 70 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा सुरक्षा देने की मांग



**जमशेदपुर।** कान्वाई नेता ज्ञानसागर प्रसाद ने सोमवार को डीसी को ज्ञापन सौंप कर टाटा मोटर्स के कान्वाई चालकों को ड्यूटी के दौरान 70 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा छतरी प्रदान करवाने की मांग की है। ज्ञान सागर प्रसाद ने ज्ञापन में कहा है कि टाटा मोटर्स की नई उत्पादित भारी वाहन–बस ट्रक, डंपर, फौजी गाड़ियां, टेलर एवं इनके चेचिसो को पूर भारत में विक्रय हेतु ले जाने वाले कान्वाई चालकों का का बीमा नहीं कराया जबकि वे खतरनाक मंजिल तक गाड़ियों को लेकर जाते हैं। ऐसे में ड्यूटी के दौरान दुर्घटना होने पर मृत अथवा अपंग होने पर कान्वाई चालक अथवा उसके परिवार को किसी प्रकार का मुआवजा नहीं मिलता है जो कानूनन गलत है। हाल में ही 19 जुलाई को कान्वाई चालक सत्येन्द्र प्रसाद की चेसिस ले जाने के दौरान हुई दुर्घटना में मौत हो गई किन्तु टाटा मोटर्स पर बहुत दबाव बनाने पर विधायक सरयू राय के आग्रह पर मात्र 2.30 लाख रुपये मुआवजा मिला। वहीं दूसरी ओर टाटा मोटर के एक स्थायी कर्मचारी की चेचिस से मृत्यु के उपरांत मुआवजे के रुप में एक करोड़ रुपए, एक सदस्यों नौकरी दी गई। इस लिए कान्वाई चालकों का बीमा गाड़ियों के साथ होना चाहिए किन्तु कंपनी का इस ओर तनिक भी ध्यान नहीं है।

### आम आदमी पार्टी ने मणिपुर की घटना के खिलाफ डीसी ऑफिस पर किया प्रदर्शन



जमशेदपुर। आम आदमी पार्टी आप की जिला अध्यक्ष अधिवक्ता विनीता मिश्रा के नेतृत्व में मणिपुर में महिलाओं के ऊपर अत्याचार के खिलाफ डीसी ऑफिस पर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन प्रेषित किया गया। डीसी के जरिए प्रेषित ज्ञापन में आम आदमी पार्टी ने कहा है कि मणिपुर की घटना दर्दनाक और देश को शर्मसार करने वाली घटना है। भारत सरकार तथा मणिपुर की सरकार को शर्म करनी चाहिए। महिलाओं के साथ दुष्कर्म कर और उनका वीडियो वायरल करना दु:खद है। एक ओर बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओं का अभियान चलाते है और दूसरी ओर डबल इंजन की सरकार में युवतियों के साथ इस प्रकार की वीभत्स घटनाएं मानवता को शर्मसार कर रही है। आप नेता विनीता मिश्रा ने ज्ञापन में राष्ट्रपति महोदया से मांग की है कि इस घटना पर स्वयं संज्ञान ले। हम सभी आपसे मांग करते है कि दोषियों को फांसी की सजा दी जाय।

### कारगिल दिवस पर कारगिल योद्धओं से बातचीत युवा वर्ग को सेना में शामिल करने के लिए प्रोत्साहन देना चाहते हूं : अमरेंद्र कुमार



अमरेन्द्र कुमार।

सूबेदार अमरेंद्र कुमार 27 दिसंबर 1990 को भारतीय थल सेना में बहाल हुए और राष्ट्रसेवा में अपना करियर बनाने का प्रण लिया। छोटागोविंदपुर में पले बढ़े और सेना में शामिल हुए। 3 बार काउंटर इंसर्जेंसी ऑपरेशन मे सेवा दी गई । दो बार (जम्मू–कश्मीर), 1 बार असम मे, चीन ग्लेसियर, विदेश सेवा (लेबनान में संयुक्त राष्ट्र शांति सेना के सदस्य) और सेना मुख्यालय में सेवा करने का मौका मिला। उत्कृष्ट सेवा के लिए सेना कमांडर, सेना प्रशिक्षण कमांड (शिमला) द्वारा प्रशंसा पत्र दिया गया। वर्तमान में अमरेंद्र अपने संयुक्त परिवार के साथ बिरसानगर में रहते हैं। उनके द्वारा अब युवाओं को सेना में शामिल करने के लिए प्रोत्साहन और आयुर्वेद को बढ़ावा देने का काम किया जा रहा है। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने 54 मीडियम रेजिमेंट, 193 ग्राउंड रेजिमेंट, 11 ग्राउंड रेजिमेंट, 34 नेशनल रायफल्स रेजिमेंट में अपना योगदान दिया। अपने उत्कृष्ट सेवा के लिए उन्हें ओपी रक्षक,ओपी मेघदूत, यूएनआइएफआइएल विदेश सेवा पदक, 20 वर्ष दीर्घ सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। वे 31 मार्च 2012 को भारतीय थल सेना से सेवानिवृत्त हुए।

### आज भी पाक से बदला लेने के लिए फड़क रही हैं भुजाएं : माणिक वरदा



माणिक वरदा

कारगिल युद्ध में अपने दोनो हाथ और पैर गंवाने वाले बिहार रेजीमेंट के सिपाही मानिक वरदा के हौसलों में किसी तरह की कोई कमी नहीं आयी है। उन्होंने कहा कि भले ही कारगिल युद्ध को 23 साल बीत गये हो, लेकिन उनके लिए यह कल की बात है। उनकी आखो के सामने हर एक मजर आज भी दौड़ता हुआ दिखता है। पाकिस्तान के नामो निशान मिटाने की तमन्ना उनके दिल में आज भी है। भले ही उनके हाथ–पैर नहीं है, लेकिन उनकी भुजाएं आज भी पाकिस्तान से बदला लेने के लिए फड़क उठती है। कारगिल युद्ध में मानिक वरदा झारखंड का नाम रौशन करने वाले गोविंदपुर गदरा निवासी मानिक वरदा के व्यवहार में आज भी कोई परिवर्तन देखने को नहीं मिलता। उन्होंने बताया कि कारगिल की पहाड़ियों पर पाकिस्तानी सेना और आइएस के एजेंटों की भनक भारतीय सेना को लग चुकी थी। 18 घंटे तक बर्फ में दबे रहे हवलदार मानिक वारदा अपनी टुकड़ी के साथ 1999 में कारगिल युद्ध के लिए निकले थे। कई स्थानों पर रुकते हुए उरी सेक्टर में पहुंचे जहां बर्फीली पहाड़ियों की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया। जैसे ही वे लोग पहुंचे जबर्दस्त फायरिंग शुरू हो गयी। उन्हें इस बात का एहसास हुआ कि फौजी के लिए युद्ध ही सबसे स्वर्णिम घड़ी है। किस्मतवाले फौजियों को ही अल्प समय की नौकरी के दौरान युद्ध नसीब होती है। युद्ध के दौरान जहां लगातार फायरिंग हो रही थी। वहीं बाई वाले पहाड़ भी खिसक रहे थे। इसी दौरान फीले पहाड़ ने उनके साथ चार साथियों को अपने आगोश में ले लिया। ये लोग लगभग 18 घंटे बर्फ में दबे रहे। उनकी टुकड़ी के साथियों ने उनकी खबर ली और उन्हें बहर निकाल लिया। उन्हें इस बात का अफसोस है कि वे अपना मिशन पूरा नहीं कर पाये। मानिकवरदा की पत्नी टीचर है, जबकि बड़ा बेटा दिल्ली में इंजीनियर है। छोटा बेटा जमशेदपुर मे उच्च शिक्षा हासिल कर रहा है।

### 3 दिन बिना खाए पिए लगातार की फायरिंग : विनय यादव



विनय यादव।

किसी भी फौजी के लिए सबसे खुशी का समय वह है जब उसकी छुट्टी मंजूर होना और कठिन घर से लौटकर एक सप्ताह एडजस्ट करना। कुछ ऐसा ही हुआ था भुईडीह ग्वाला बस्ती के आईडी आर्टिलरी फील्ड रेजिमेंट के बिनय कुमार यादव के साथ। 1999 में छुट्टी खत्म होने के बाद वह काफी भारी मन से अपने परिजनों से इजाजत लेकर जम्मू के अखनूर कैम्प पहुंचे। तभी उन्हें आर्डर मिला कि उनकी कंपनी एक 150 अर्टिलियारी फील्ड रेजिमेंट को मुव करना है। इसकी बाद उन्हें बताया गया कि कारगिल के द्रास सेक्टर में उन्हें दुश्मनों से मोर्चा लेना है। विनय यादव बताए कि मिलिट्री के काफिला जब तक चला तब लोगों का सड़कों पर मूवमेंट बंद करा दिया गया। जब काफिला द्रास पहुंची तो वहाँ किसी शेल्टर का ऑप्शन नहीं था। कुछ ही समय बाद वहां भगदड़ मच गया बस फिर क्या था जिस काम के लिए फौज में आए हैं वो काम शुरू हो गया । पहली जंग थी इसलिए किसी तरह का कोई आईडिया नहीं था। वे जिस गाड़ी के चालक थे उसमें फायर सिस्टम लगा हुआ था। दुश्मन से बचते हुए हर मिनट अपनी लोकेशन को बदल कर,हर मिनट पर फायर करने के जिम्मेदारी थी लगता 3 दिन बिना रुके बिना कुछ खाए पीए सिर्फ एक ही काम की गाड़ी चलाई और फायर किया। इस 3 दिन बाद जब दुश्मन की तरफ से फायर बंद हुआ तो पता चला कि मिशन फतेह हो गया। विनय यादव ने बताया कि वो दिन को याद कर आज भी आंखों में आंसू आ जाती।

# योग्यता बढ़ाये- रोजगार पायें



**नागेन्द्र सिंह**

किसी शैक्षिक संस्था में, प्रशिक्षण एवं नियोजन विभाग छात्रों को उनके जीवनवृत्त सार तैयार करने, सामूहिक विचार-विमर्श में भाग लेने, रोजगार साक्षात्कार का सामना सफलतापूर्वक करने तथा अच्छी प्रस्तुति के लिए उन्हें विशेषज्ञतापूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम देना है, ताकि प्रत्येक छात्र कार्पोरेट की आशाओं को पूरा कर सके और उन्हें प्रख्यात कंपनियों में नियोजित करा सके। इन कार्यक्रमों का लक्ष्य छात्रों को एक प्रतिस्पर्धी तीक्ष्णता प्राप्त करने में सक्षम बनाना, उनके विश्वास को बढ़ाना तथा उनके व्यक्तित्व का विकास करना है। कार्पोरेट जगत में, यह विभाग कर्मचारियों को प्रगतिशील सफल तथा कुशल बनने के लिए उन्हें कई प्रकार के तकनीकी व्यवहार संबंधी प्रशिक्षण देते हैं। यह विभाग कर्मचारियों की क्षमता तथा कौशल के आधार पर संगठन में उपयुक्त पद पर उनके विभागीय नियोजन में भी सहायता करता है।

## संभावना-क्षमताओं का संवर्धन

प्रशिक्षण एवं नियोजन विभाग, शैक्षिक संस्थाओं में संकाय एवं कर्मचारियों की तथा कार्पोरेट क्षेत्र में कर्मचारियों की उनके कार्य-निष्पादन और स्व-मूल्यांकन के माध्यम से प्रशिक्षण आवश्यकताओं का पता लगाता है। उदाहरण के लिए, कई संकाय सदस्यों को पर्याप्त तकनीकी ज्ञान होता है और उनमें संभावना शक्ति होती है, किंतु वे उसे उपयुक्त रूप में अभिव्यक्त करने में असफल हो जाते हैं। ऐसे व्यक्तियों को अभिव्यक्ति तथा प्रस्तुति कौशल में कुछ प्रशिक्षण लेने की आवश्यकता होती है। इन प्रशिक्षण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए यह विभाग विभिन्न कार्यशालाओं, कॉन्फरेंस, सेमिनारों, विशेष लैक्चरों तथा विशिष्ट गुणवत्ता सुधार कार्यक्रमों का आयोजन करता है। यह प्रशिक्षण, उनकी संभावना क्षमता को बढ़ाने और कॅरियर संभावना में उनके व्यावसायिक विकास तथा सुधार के लिए दिया जाता है।

## संपर्क एजेंट के रूप में

प्रशिक्षण एवं नियोजन विभाग विभिन्न उद्योगों, संगठनों और संस्थानों से सम्पर्क भी बनाए रखता है। शैक्षिक संस्थाओं में यह विभाग छात्रों को उनके ग्रीष्म कालीन/व्यावसायिक प्रशिक्षण तथा इंटर्नशिप के संबंध में अवसर देता है। इन संगठनों को भी विभिन्न औद्योगिक वार्ताओं, दौरों तथा अंतिम भर्ती के लिए आमंत्रित किया जाता है। कार्पोरेट जगत में, विभिन्न प्रबंध विकास कार्यक्रमों एवं मोड्यूल आधारित तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन के लिए यह विभाग प्रख्यात शैक्षिक एवं अनुसंधान संस्थानों से सम्पर्क स्थापित करता है।एक बेहतर करियर विकल्प हो सकता है।

## प्रशिक्षण एवं नियोजन अधिकारी

अधिकांश कार्पोरेट तथा शैक्षिक संस्थाएं अब व्यवहार कौशल, अंतर वैयक्तिक अभिव्यक्ति, समस्या-समाधान, आध्यात्म तथा कार्य-नीति से संबंधित प्रशिक्षण सहित तकनीकी प्रशिक्षण दे रहे हैं।

इसका जहां तक एक ओर कर्मचारियों के व्यक्तिगत जीवन पर अत्यधिक सकारात्मक प्रभाव पड़ता है, वहीं दूसरी ओर संगठन की उत्पादकता भी बढती है। इसलिए मानव संसाधन प्रबंधन में पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद कोई भी व्यक्ति कार्पोरेट जगत तथा शैक्षिक संस्थाओं में प्रशिक्षण एवं नियोजन अधिकारी का रोजगार प्राप्त कर सकते हैं या आकर्षक धन-राशि अर्जित कर सकते हैं।

### प्रशिक्षण एवं नियोजन

किसी प्रख्यात संस्थान से मानव संसाधन प्रबंध में डिग्री पूरी करने के बाद कोई भी व्यक्ति विभिन्न रोजगार ढूंढ़ने वाले व्यक्तियों को उनके जीवनवृत्त सार तैयार कराने प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने, रोजगार खोज में सहायता करने, साक्षात्कार की व्यवस्था करने तथा उपयुक्त रोजगार में उनके नियोजन में सहायता करने जैसी स्वतंत्र परामर्श सेवाएं चला सकता है। इस समय विभिन्न संगठनों के कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने के लिए विभिन्न प्रख्यात सलाहकार संस्थाओं में सलाहकारों की भारी मांग है। यह उम्मीदवारों के लिए

### इवेंट प्रबंधक

हाल ही में, इवेंट प्रबंधन को कार्पोरेट तथा शैक्षिक संस्थाओं में एक महत्वपूर्ण क्षेत्र के रूप में मान्यता दी गई है। कार्पोरेट क्षेत्र में ये इवेंट्स सामान्यत: प्रौद्योगिकी योग, ध्यान आदि से संबंधित अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस, कार्यशालाएं तथा विभिन्न प्रशिक्षण गतिविधियों के आयोजन के रूप में होते हैं। शैक्षिक संस्थाओं में इवेंट सामान्यत: रोजगार मेलों के रूप में आयोजित किए जाते हैं, जहां छात्रों को प्रख्यात कंपनियों में प्रशिक्षण तथा नियोजन के विभिन्न आयामों की जानकारी मिलती है। यद्यपि, इवेंट प्रबंधन में डिग्री या अनुभव रखने वाले व्यक्तियों को इस क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, तथापि, मानव संसाधन प्रबंध में कोई पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद कोई भी व्यक्ति शैक्षिक संस्थाओं तथा कार्पोरेट जगत में प्रशिक्षण इवेंट को ऑर्डिनेटर/प्रबंधक के रूप में कार्य के अवसर प्राप्त कर सकता है।

# यूपीएससी की तैयारी कैसे करें



**अनल कुमार**



यह तो हम सभी जानते हैं कि संघ लोक सेवा आयोग (यू०पी०एस०सी०) सिविल सेवा परीक्षा आयोजित कराताहै, और यह देश की एक कठिन व प्रतिष्ठित परीक्षा है। फिर भी लाखों युवा छात्र देश के कोने-कोने से इसपरीक्षा की तैयारी करते हैं और एक आई०ए०एस० अफसर बनने का सपना देखते हैं। यदि हम इस परीक्षा कीप्रक्रिया व प्रकृति को देखें तो हम पायेंगे कि इस परीक्षा में सफलता पाने के लिये हमें चाहिये कि हम एक सटीकरणनीति और व्यवस्था के साथ तैयारी करें। सामान्यतः एक अभ्यर्थी यदि इस परीक्षा की तैयारी स्नातक स्तरसे ही शुरू कर दें तो यह भी संभव है कि इस सेवा में जाने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है, और अभ्यार्थीसफलता पूर्वक इस प्रतिष्ठित सेवा में अपना भविष्य निर्धारित कर सकते हैं।यूपीएससीके माध्यम से इस आलेख में हम स्नातक शिक्षा चरण के अभ्यार्थियों को आई०ए०एस०परीक्षा की तैयारी कैसे करे ये बताएंगे जिससे छात्र एक अचूक रणनीति बनाकर आगे बढ़ सकें और अपने सपने

साकार कर सकें।मुख्यतः इस कठिन परीक्षा में सफलता पाने के लिये अभ्यथीर्यों में शैक्षिक योग्यता के साथ अनुशासन व धैर्य

होना अतिआवश्यक है, और एक समझदार अभ्यर्थी को यह चाहिये कि वह इस परीक्षा की तैयारी शुरू करने सेपहले यह निर्धारित करले कि उसमे पर्याप्त व उचित योग्यता, अनुशासन और धैर्य है, जिससे वह इस परीक्षामें निश्चित सफलता प्राप्त करें।

## अध्ययन सामग्री व रणनीति निर्धारण

सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए सामान्यतः दो से तीन वर्ष का समय पर्याप्त माना जाता है, परन्तु यहभी आवश्यक है कि एक अभ्यर्थी अपने पठन/पाठन तथा उसकी विषयवस्तु की समझ व आधारभूतआवश्यताओं का पालन करें। यदि ऐसा हो तो इस परीक्षा में सफलता मिलने की संभावना और अधिक बढ़ जाती

है, और यह योजना एक अभ्यार्थी अपनी स्नातक शिक्षा के साथ-साथ बना व समझ सकता है।इस परीक्षा की तैयारी के प्रारंभ मे अभ्यार्थी को सर्वप्रथम एन०सी०ई०आर०टी० (ठउएफळ) की किताबों काअध्ययन करना होगा, जिससे छात्र अपनी आधारभूत, विश्लेषणात्मक व भाषा की समझ और क्षमता का भीविकास कर पायेगा। साथ ही साथ सिविल सेवा परीक्षा के पाठ्यक्रम का अध्ययन भी इस परीक्षा की तैयारी कीदृष्टि से अति आवश्यक है, याद रहे कि योजना और रणनीति के अनुसार ही सभी प्रकार के अध्ययन कार्य काअनुपालन करना होता है। आम तौर पर यह पाया गया है कई छात्र अपनी स्नातक शिक्षा में चयनित विषयों मेसे ही एक विषय इस परीक्षा के मुख्य चरण के लिये चुनते है, और विषय निर्धारित करने के उपरांत अभ्यार्थीको अपनी स्नातक शिक्षा के चलते ही चयनित वैकल्पिक विषय का अध्ययन शुरू कर देना होता है। इसके लिये

## छात्र उस विषय के अनुरूप किताबें व अध्ययन सामग्री का चयन कर सकते हैं।

सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिये अभ्यार्थियों को कई प्रकार की अध्ययन सामग्री व विषय क्षेत्रों जैसेसमसामयिक मुद्दो के लिये द-हिन्दू, ईण्डियन एक्सप्रेस जैसे न्यूज पेपर (समाचार पत्रों) व बीबीसी / डीडीन्यूज बुलेटिन इत्यादि का दैनिक उपयोग करना होता है। और इसी प्रकार की

अध्ययन प्रणाली से छात्र समसामयिक मुद्दो की तैयारी करते हैं जो कि परीक्षा में सफलता पाने के दृष्टिकोणसे लाभदायक सिद्ध होता है। गत वर्षों में प्रारंभिक परीक्षा प्रश्नपत्र में समसामयिक मुद्दो से संबंधित प्रश्नों काअच्छा अनुपात रहा है अतः यह अध्ययन सामग्री का यह भाग अतिमहत्वपूर्ण होता है। छात्रों को यह चाहियेकि वे अध्ययन के लिये उचित पुस्तकों का चयन करें और उनका समुचित तरीके से अध्ययन करे। यह भीजरूरी है कि प्रारंभ मे उच्चस्तरीय किताबों के बदले छात्र उन किताबों से अध्ययन करे जिनमें सरल व बुनियादीजानकारी दी गयी हो, जैसे एन०सी०ई०आर०टी० और एन०आई०ओ०एस० (ठकडर) की पुस्तकें जो की आनलाईननिःशुल्क भी उपलब्ध हैं। बुनियादी व आधारभूत जानकारी का अध्ययन करने के पश्चात छात्र उस विषय के

लिये विस्तृत अध्ययन हेतु उपयुक्त पुस्तकों व अध्ययन सामग्री का उपयोग कर सकते हैं।

## याद रखने योग्य कुछ महत्वपूर्ण बातें

याद रहे कि इस परीक्षा में विषयों का चयन एक अतिमहत्वपूर्ण चरण होता है और इसी पर आपकी तैयारी वसफलता निर्धारित होती है, अतः विषय चुनते समय स्वयं ही निर्णय लें क्योंकि किसी भी विषय का अध्ययनअसंभव नही है, अपितु अभ्यार्थी की उस विषय में रुचि ही सफलता पाने का प्रथम व मूलभूत आधार है। सिविलसेवा परीक्षा का पाठ्यक्रम विशाल होने के कारण हमें वर्ष भर अध्ययन करना होगा, और इसलिए आपको इसयोजना को सफल बनाने के लिये कठिन प्रयास करने होंगे और इसीसे आप इस विशालकाय पाठ्यक्रम को

सफलता पूर्वक पूरा कर सकेंगे। इसलिये अध्ययन अवधी को धीरे-धीरे बढ़ाये और परीक्षापयोगी तथ्यों का रट्टामारने के बजाय उसकी विषयवस्तु को समझें और अपनी अवधारणात्मक समझ को बढ़ायें तभी इस परीक्षा मेंसफलता पाना संभव हो सकता है।

आईएएस प्लैनर विशेषज्ञों व शिक्षकों की टीम ने सिविल सेवा परीक्षा वर्ष - 2019 के लिये एक प्रभावीअध्ययन की योजना तैयार की है, जो सभी अभ्यर्थियों को सही दिशा में तैयारी शुरू करने के लिये एकमहत्वपूर्ण प्रयास है।प्रारंभ में, हम आप सभी अभ्यर्थियों से यह कहना चाहते हैं, कि आप यह समझें कि आपको सिविल सेवा परीक्षाके पाठ्यक्रम के अनुसार ही अध्ययन करना होगा। विभिन्न विषय जैसे इतिहास, भूगोल, विज्ञान एवं

प्रौद्योगिकी, राजनीति, अंतरराष्ट्रीय संबंध, अर्थशास्त्र, पर्यावरण, आदि इस पाठ्यक्रम को व्यापक बनाते है।लेकिन यदि आप संघ लोक सेवा आयोग द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार चलते हैं, तो आपको तैयारी केलिए अपने अध्ययन क्षेत्र में एक दिशा मिल जाती है और नतीजतन आप वही पढ़ते हैं जो सिलेबस में है। यादरखें, यूपीएससी कभी भी अपने पहले से सेट पाठ्यक्रम से बाहर प्रश्न नही पूछता है।चूंकि आपके पास केवल एक वर्ष है जिसमें यह सुनिश्चित करना होगा कि आप सिविल सेवा परीक्षा के लिएतैयार हैं अथवा नहीं। इसलिए, सलाह दी जाती है कि अभ्यर्थी प्रत्येक दिन का उपयोग अध्ययन व अभ्यास केलिये उचित रूप से करें तथा अपने अध्ययन को क्रमबद्ध तरीके से करें। याद रखें, कि यूपीएससी में आपकेलेखन शैली व आपके द्वारा दिये गये उत्तरों में विषयों पर आपकी समझ की परीक्षा की जाती है। इसलिए,आपको इस विशेष रणनीति का दृढ़ता से पालन करने की सलाह दी जाती है। समर्पण और गंभीरता के साथ एकअनुशासित अध्ययन योजना यह सुनिश्चित करेगी कि आप अपने ध्यान व स्टडी के ट्रैक को न खोएं।

## पहला चरण: जून से अगस्त

सर्वप्रथम परीक्षा के पैटन व पाठ्यक्रम को अच्छी तरह से पढ़ें और रट लें, क्योंकि आपको इसके पाठ्यक्रम कीअच्छी समझ होनी चाहिए। इसके बाद पाठ्यक्रम में उल्लिखित टापिक्स व विषयों में से अपने पसंदीदा को चुनेंऔर फिर उन्हें जिनसे आपको डर लगता है। इसे सुनिश्चित करने के लिये आप पाठ्यक्रम से तीन-चार विषयों

को उठाएं, जिसमें आपकी रुचि हो और कुछ अन्य सूची से चुनें।हमें यह समझना चाहिये कि जब हम तैयारी शुरू करते हैं तो हमें अपने इस उत्साह का सदुपयोग करना चहिये,और शुरूआत में कठिन विषयों को कवर करना चाहिये। यदि आप इसे करने में भी असमर्थ हैं तो इसके लियेयदि आप एनसीईआरटी पुस्तकों का अध्यन करें, इससे आपकी विषयगत जानकारी का आधार मजबूत होगा।दूसरी तरफ, कठिन विषयों का अध्ययन करें और तुलनात्मक रूप से सरल से कठिन विषयों को सूचीबद्ध करें।उदाहरण के लिये अपनी रुचि का 1 विषय और 2 विषयों वो चुनें जो तुलनात्मक रूप से आपको कठिन लगतेहैं, इस प्रकार से आप हतोत्साहित नहीं होंगे और विषयों के अध्ययन में आपकी रुचि बनी रहेगी।

(करियर प्लस पिस्का मोड़ के निदेशक है और शिक्षण का 30 वर्ष का अनुभव है।)

# विदेशी भाषाएं सीखकर रोजगार के ढेरों मौके



**अनुष्का चौधरी**

झारखंड के कई यूनिवर्सिटी और शिक्षण संस्थानों में विदेशी भाषा की पढ़ाइ आरंभ हो गयी है। विकसित देशों जैसे जर्मनी में आप जर्मन सीख कर ही जा सकते हैं।

प्रौद्योगिकी के युग में, संचार के तेजी से विकसित हो रहे साधनों की बदौलत विभिन्न देशों के निवासी और भिन्न-भिन्न भाषाएं बोलने वाले लोग एक-दूसरे के करीब आकर अपने अनुभवों, उपलब्धियों को साझा करना चाहते हैं। इसी कारण विदेशी भाषाएं सीखने का महत्व बढ़ जाता है। उपभोक्ता वस्तुओं की लगातार बढ़ती मांग विभिन्न आर्थिक गतिविधियों को जन्म देती है जिससे हमारे देशों के बीच घनिष्ठ संबंध स्थापित होने का मार्ग प्रशस्त होता हैं। वहीं देशों के बीच राजनीतिक-राजनयिक, आर्थिक, तकनीकी और सांस्कृतिक संबंध स्थापित करने के लिए विदेशी भाषाओं का ज्ञान प्रभावी उपकरण बन जाता है। हमारे दैनिक जीवन में उपयोगी अधिकतर वस्तुएं -कंप्यूटर हार्डवेयर, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, निर्माण सामग्री, इलेक्ट्रिकल आदि गैर-अंग्रेजी भाषी देशों द्वारा निर्मित होती हैं। हमें इन वस्तुओं व अत्याधुनिक तकनीक के लिए गैर-अंग्रेजी भाषी देशों से सरोकार बनाना पड़ता है, जो उनकी संबंधित भाषाओं में उपलब्ध है। ऐसे में गैर-अंग्रेजी भाषी देशों में सामान्य दैनिक गतिविधियों को संचालित करने के लिए वहां की स्थानीय भाषा जानना आवश्यक है। दरअसल विदेशी भाषा जानने से आप अपने पेशेवर प्रतिस्पर्धी की अपेक्षा अधिक ग्राह्य होते हैं। उस देश के व्यावसायिक लोगों से बेझिझक बातचीत कर सकते हैं।

## जापानी, कोरियाई और मंदारिन

आजकल, भारत में, तीन पूर्वी एशियाई भाषाएं : जापानी, कोरियाई और मंदारिन सीखने की सबसे अधिक मांग हैं। इन तीन भाषाओं का भारत में बेहद उज्ज्वल भविष्य है। जापान, कोरिया और चीन कंप्यूटर हार्डवेयर, ऑटोमोबाइल, उपभोक्ता ऑप्टो-इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल गैजेट, जहाज निर्माण, नागरिक बुनियादी ढांचे, परिवहन, बीपीओ और केपीओ आदि के क्षेत्र में अग्रणी निमार्ता हैं। इन भाषाओं को सीखने से इन देशों की उन्नत तकनीक सुलभ हो जाती है। जबकि भारत में अनुवादक और दुभाषिया बनने के लिए जापानी भाषा सबसे अच्छा विकल्प है। जापानी दूतावास के अनुसार भारत में लगभग 1439 जापानी कंपनियां पंजीकृत हैं। जापान भारत में पांचवां सबसे बड़ा निवेशक है। इसके अलावा भारत और दक्षिण कोरिया 2030 तक 50 बिलियन डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार को हासिल करने का प्रयास कर रहे हैं। 2019 में, अनुसंधान, नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्र में भारत-कोरिया स्टार्टअप हब की स्थापना की गई। सड़क और परिवहन अवसंरचना विकास में कई समझौते हुए हैं। वहीं भारत 2025 तक 220 बिलियन डॉलर के चीनी निवेश की उम्मीद कर रहा है। भारत में जापानी, कोरियाई और मंदारिन सीखने से शिक्षक, अनुवादक, दुभाषिया, पर्यटक गाइड, मल्टीमीडिया विशेषज्ञ बनने और बहुराष्ट्रीय कंपनियों में काम करने का अवसर मिलता है।

## फ्रेंच और जर्मन

भारत में आधुनिक यूरोपीय भाषाओं में फ्रेंच, जर्मन, रूसी और स्पेनिश सबसे लोकप्रिय भाषाएं हैं। दुनिया भर में लगभग 53 देशों में 300 मिलियन से अधिक लोग फ्रेंच बोलते हैं। फ्रांसीसी जानने वाले पेशेवर होटल मैनेजमेंट,पर्यटन, बहुराष्ट्रीय कंपनियों, बीपीओ, केपीओ, लक्जरी उत्पादों, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों, निर्यात-आयात फर्मों, बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र, शैक्षणिक संस्थानों और विमानन उद्योगों में अपने लिए जगह बना सकते हैं। फ्रांस में 3500 प्रतिष्ठित उच्च शिक्षण संस्थान हैं। वहीं जर्मन यूरोप में सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। दुनिया में अनुमानित 200 मिलियन लोग जर्मन बोलते हैं। जर्मनी ने भारत में परिवहन, बीमा क्षेत्र, रसायन, निर्माण, धातुकर्म उद्योग, ऑप्टो-इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल आदि क्षेत्र में लगभग 14 बिलियन डॉलर का निवेश किया है। भारत और जर्मनी के बीच 1,600 से अधिक समझौतों और 600 संयुक्त परियोजनाओं पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

रूसी और स्पेनिश

रूसी दुनिया में छठी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। पूर्वी यूरोपीय देश, बाल्टिक देश, आठ मध्य एशियाई देश, मंगोलिया और चीन के उत्तरी भाग में 265 मिलियन लोग रूसी बोलते हैं। रूसी भाषा इतिहास, धर्मशास्त्र, भाषा, संस्कृति और साहित्य के क्षेत्र में तुलनात्मक शोध के लिए मंच प्रदान करती है। वहीं रूस में उच्च शिक्षा प्राप्त करना बहुत महंगा नहीं है। रक्षा, अंतरिक्ष, ऊर्जा, भारी उद्योग, इस्पात संयंत्र, पेट्रोलियम, आतिथ्य उद्योग, फार्मास्युटिकल उद्योग, स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों में रूसी तकनीक का व्यापक उपयोग हो रहा है। रूस और भारत के बीच व्यापार अब विशेष रूप से रक्षा, दूरसंचार, तेल-गैस और चिकित्सा/सर्जिकल उपकरणों और औद्योगिक सेवाओं में 30 बिलियन डालर का है। वहीं स्पैनिश भाषा भारत में सबसे अधिक सीखने वाली भाषाओं में से एक है क्योंकि यह स्पेन, अर्जेंटीना, बोलीविया, मैक्सिको, निकारागुआ, कोलंबिया, ग्वाटेमाला, पनामा आदि 22 देशों में बोली जाती है। स्पैनिश सीखना अधिकतम रोजगार का अवसर प्रदान करता है। स्पैनिश भाषा पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद व्यक्ति के पास शिक्षक, अनुवादक और दुभाषिए (भारत आने वाले अधिकांश अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक स्पेनिश हैं) आदि के रूप में नौकरी के कई विकल्प हैं। करीब 200 स्पैनिश कंपनियां भारत में कार्यरत हैं। नई भाषा सीखने से व्यक्ति के समक्ष ज्ञान की एक नई खिड़की खुलती है जिससे वह अधिक ज्ञानवान, सक्षम और वैश्विक पेशेवर बन जाता है।

# युवाओं के कॅरियर में अभिभावक की भूमिका



**मुरलीधर**

आज के युवा अपने निर्णय खुद लेने में विश्वास करते हैं। अक्सर वे अपने निर्णयों में माता-पिता को शामिल नहीं करते। घूमने के लिए बाहर जाने से लेकर बात चाहे की क्यों न हो। अक्सर यह देखा जाता है कि किसी छात्र ने अगर 10वीं पास की है। उसे 11वीं में किसी विषय का चयन करना है। वह अपने माता-पिता या बड़े भाई या बहन से सलाह लेना उचित नहीं समझता, बल्कि वह बाहरी माहौल से प्रभावित होकर अपने निर्णय खुद ही लेता है।

अगर किसी विषय में उसकी रुचि हो भी जिसमें वह कॅरियर बनाना चाहता हो तो उस विषय में क्या कॅरियर संभावनाएं हैं, इसकी तलाश उसे करनी चाहिए। साथ ही अपने माता-पिता या बड़े भाई-बहन से भी उस पर सलाह लेना जरूरी है। सलाह में फायदे हैं, इसलिए बाद में अपने निर्णय पर पछताना से अच्छा है कि पहले ही अपने घर के वरिष्ठ लोगों से सलाह-मशविरा कर लें। कॉम्पिटिशन से युवाओं पर भी अपेक्षाओं का बोझ बढ़ा है। बात कॅरियर बनाने की क्यों न हो। आज भले ही संचार माध्यमों में वृद्धि हो गई। इंटरनेट से कोई भी जानकारी का आसानी से जुटाई जा सकती है। युवाओं को यह नहीं भूलना चाहिए कि अनुभव सबसे बड़ी चीज है। अनुभव कोई बाजार में मिलने वाली वस्तु नहीं है। माता-पिता या परिजनों से ही हमें जीवन के सही मायने समझ में आएंगे। वे जो भी रास्ता दिखाएंगे वह सही होगा। कभी-कभी माता-पिता की अपेक्षाएं भी बच्चों से बढ़ जाती हैं। इन अपेक्षाओं के बोझ तले युवा दब जाते हैं। इससे उनकी जिंदगी निराशा की ओर मुड़ जाती है।

माता-पिता या परिजन भी यह ध्यान रखें कि वे अपने निर्णय युवाओं पर थोप कर उन पर अनावश्यक दबाव न बनाएं। अपने बच्चों की रुचि पहचान कर ही उन्हें भविष्य के लिए कोई सलाह दें और सही कॅरियर चुनने में उनका मार्गदर्शन करें। सही मार्गदर्शन, सही विषय को चुनने के बाद अगर युवा उस पर मेहनत और लगन से पढ़ाई करेंगे तो सफलता मिलेगी।

स्पीड न्यूज

## जुलूस में डीजे साउंड पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगाः प्रशासन

**बरकट्ठा** । थाना परिसर बरकट्ठा में मुहर्रम त्योहार को शांति और सद्भाव के साथ मनाने को लेकर प्रशासन के तत्वावधान में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम पूनम कुजूर और संचालन थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने किया। बैठक में एसडीपीओ नाजिर अख्तर, सीओ श्रीकांत लाल मांझी, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक में प्रशासन ने सभी मुहर्रम अखाड़ा के अध्यक्ष से त्योहार के कार्यक्रम और जुलूस निकालने के रूट की जानकारी ली गई। वहीं समस्याओं की जानकारी लेकर समाधान पर चर्चा हुई। बैठक में प्रशासन ने कहा कि जुलूस सरकारी स्तर से तय रूट पर ही निकाला जाएगा। जुलूस के लिए लाइसेंस जरूरी है। कहा गया कि जुलूस में डीजे साउंड पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

## एसकेएमयू एमएड सेमेस्टर-2 का परीक्षा परिणाम हुआ जारी

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय का एमएड सेमेस्टर-2 परीक्षा परिणाम जारी हुआ। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता दीपक कुमार दास ने दी। उन्होंने बताया कि परीक्षा विभाग ने एमएड सेमेस्टर 2 का परीक्षा परिणाम जारी हुआ। परीक्षा में कुल 62.05 फीसदी परीक्षार्थी उतीर्ण हुए। यह परीक्षा पिछले माह 13 से 16 जून के बीच आयोजित हुआ था। परिणाम को विश्विद्यालय का आधिकारिक वेबसाइट पर मंगलवार से देखा जा सकता है।

## सूचना अधिकार कार्यकर्ता एसोसिएशन के जिला सचिव बने दीपक

**हंसडीहा।** दीपक कुमार सिंह को सूचना का अधिकार कार्यकर्ता एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार शुक्ला ने एसोसिएशन का जिला सचिव मनोनीत किया है। मामले में जारी पत्र में दीपक कुमार सिंह को निर्देश दिया गया है कि सूचना का अधिकार कार्यकर्ता एसोसिएशन को सुदृढ़ एवं गतिशील बनाने के उद्देश्य से एसोसिएशन के झारखंड प्रदेश के दुमका जिले में एसोसिएशन की नीतियों एवं कार्यक्रमों को लेकर जिले स्तर पर प्रचार प्रसार कर सदस्यता अभियान चलाकर ज्यादा से ज्यादा आरटीआई कार्यकर्ता बनाएं।

## विभिन्न संगठनों ने की बैठक

**दुमका।** एसपी कॉलेज परिसर में छात्र समन्वय समिति (संताल परगना प्रमंडल) दुमका, आदिवासी क्रांति सेना एवं दिशोम मांझी थान के संयुक्त में सोमवार को एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं सूबे के मुख्यमंत्र हेमन्त सोरेन के द्वारा हूल दिवस 30 जून को संताली भाषा के ऑलचिकी लिपि का सम्मान करते हुए विश्व के संताल आदिवासी को हूल संदेश देना काफी सराहनीय बताया। जिसके लिए समन्वय समिति समेत अन्य संगठनों ने आभार प्रकट किया। संगठनों ने संविधान के आठवीं अनुसूची में कुल सूचीबद्ध 22 भाषाओं में से केवल 15 भाषाओं का भारतीय मुद्राओं में अंकित किया गया है।

## ब्रेन हेमरेज से बैंक कर्मी का निधन

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय के पीएनबी शाखा के कर्मी नरेंद्र कुमार का निधन रविवार की रात्रि रांची के वेदान्ता अस्पताल में हो गया। वे ब्रेन हेमरेज के बाद पिछले 15 दिनों से वेदान्ता अस्पताल में इलाजरत थे। उनके निधन की सूचना पर बैंक कर्मियों सहित परिचितों में शोक की लहर दौड़ गई। वे अपने पीछे पत्नी सहित एक पुत्र एवं तीन पुत्री को छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को मेदिनीनगर में किया गया। उनके निधन पर गढ़वा के पीएनबी शाखा में शोक सभा का आयोजन कर मृतक की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। मौके पर शाखा प्रबंधक अलफ्रेंड फ्रांसिस मिंज ने कहा कि नरेंद्र कुमार एक प्रतिभावान एवं कुशल व्यवहार के धनी सहायक कर्मी थे। बैंक ने एक बेहतरीन कर्मी को खो दिया है जिसकी भरपाई करना निकट भविष्य में संभव नहीं है।

# भारत नौंवी बार बना सैफ फुटबॉल चैंपियन

### फाइनल में कुवैत को पेनल्टी शूटआउट में हराया

**एजेंसी**




**बेंगलुरु।** गत चैंपियन भारत ने फाइनल में कुवैत को हराते हुए नौवीं बार सैफ फुटबॉल चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। दोनों ही टीमें 90 मिनट के बाद एक्स्ट्रा टाइम तक 1-1 के स्कोर पर बराबर थी। ऐसे में मैच का नतीजा पेनल्टी शूटआउट से निकला, जहां भारत ने अपने घरेलू दर्शकों के बीच कतर को 5-4 से हराया। इससे पहले सेमीफाइनल में भी भारत ने लेबनान को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराया था। भारतीय टीम दूसरी बार कुवैत से खेल रही थी, इससे पहले ग्रुप-ए में दोनों टीमों का मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहा था।

**पेनल्टी शूटआउट में जीता भारत**

गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू ने डाइव लगाकर निर्णायक पेनल्टी बचाई और इस तरह भारत ने 5-4 से सैफ फुटबॉल चैंपियनिप का फाइनल जीत लिया। पेनल्टी शूटआउट के पांच दौर के बाद भी स्कोर 4-4 था, जिसके बाद सडन डैथ पर फैसला हुआ। महेश नोरेम ने स्कोर किया और भारत के गोलकीपर गुरप्रीत संधू ने डाइव लगाकर खालिद हाजिया का शॉट बचाकर टीम को जीत दिलाई।

**एक घंटे का खेल पूरा**

मैच में 60 मिनट का खेल पूरा हो चुका है। दोनों ही टीमें अभी भी 1-1 की बराबरी पर खड़ी है। दोनों ही टीम एक-दूसरे के खिलाफ लगातार फाउल करती दिख रही है। इस कारण 60वें मिनट में हमद अल कलाफ को यलो कार्ड भी दिखाया गया। पहले हाफ में भारत के अनुभवी डिफेंडर संदेश झिंगन को मैच का पहला यलो कार्ड दिखाया गया था।

## बारिश ने बिगाड़ा इंग्लैंड का खेल, ऑस्ट्रेलिया ने बरकरार रखी एशेज

**मैनचेस्टर।** ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के दबदबे वाले चौथे टेस्ट को बारिश के कारण ड्रा कराने के बाद एशेज बरकरार रखी है। वे सोमवार सुबह 2-1 की बढ़त के साथ मैनचेस्टर से रवाना होंगे और अगले हफ्ते द ओवल में 2001 के बाद से उनके पास इंग्लैंड में पहली सीरीज जीतने का मौका होगा। शनिवार को बारिश के बीच केवल 30 ओवर का खेल संभव होने के बाद, एमिरेट्स ओल्ड ट्रैफर्ड में पांचवें दिन ऑस्ट्रेलिया अपनी दूसरी पारी में 61 रन से पिछड़ रहा था, जबकि उसके पांच विकेट शेष थे। लेकिन लगातार बारिश के कारण रविवार का खेल बिना एक भी गेंद फेंके रद्द कर दिया गया और अंततः शाम 5.24 बजे (स्थानीय समय) ड्रॉ की पुष्टि हो गयी। एमिरेट्स ओल्ड ट्रैफर्ड में रात भर की भारी बारिश के कारण पांचवें दिन की शुरूआत में देरी हुई और फिर पूरे मैदान में लगातार बारिश के कारण योजनाबद्ध निरीक्षण में देरी हुई। शुरूआती लंच ब्रेक के दौरान दोपहर 1 बजे के शुरू होने का समय घोषित किया गया था, लेकिन बारिश लगभग तुरंत लौट आई और फिर दोपहर के बाकी समय तकक होती रही। इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने आउटफील्ड पर फुटबॉल खेली, मानो खेलने की इच्छा का संकेत दिया हो, लेकिन अंततः भीगने के बाद ड्रेसिंग रूम में लौट आए।

## टेस्ट में अर्द्धशतक पर बोले किशन, विराट ने मेरा समर्थन किया

**पोर्ट ऑफ स्पेन।** दूसरे टेस्ट में वेस्टइंडीज के खिलाफ अर्धशतक बनाने के बाद, भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन ने कहा कि विराट कोहली ने उन्हें चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने और अपना स्वाभाविक खेल खेलने के लिए समर्थन दिया, साथ ही ऋषभ पंत ने राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में उनकी मदद की। किशन ने मैच के बाद कहा, यह अर्धशतक वास्तव में विशेष था। मुझे पता था कि टीम को मुझसे क्या चाहिए। सभी ने मेरा समर्थन किया। विराट ने मेरा समर्थन किया और मुझसे कहा 'जाओ और अपना खेल खेलो'। हमें उम्मीद है कि हम कल खेल खत्म करेंगे। यह विराट भाई थे जिन्होंने पहल की और मुझसे कहा कि मुझे अंदर जाना चाहिए। एक धीमी बाएं हाथ का गेंदबाज था जो गेंदबाजी कर रहा था। यह टीम के लिए एक अच्छा कॉल था। कभी-कभी आपको इन कॉलों को लेने की जरूरत होती है। उन्होंने कहा, हमारी योजना थी कि हम बारिश के ब्रेक के बाद 10-12 ओवर खेलेंगे और 70-80 रन बनाएंगे। हम 370-380 का लक्ष्य चाहते थे। मैं इससे पहले एनसीए में था। पंत भी वहां थे, वह जानते हैं कि मैं कैसे खेलता हूं।

## सीडब्ल्यूसी ने मूक बधिर बालक के परिजनों को खोज निकाला

**दुमका।** बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) ने दुमका में भटकते हुए मिले 13 वर्षीय मूक बधिर बालक के परिजनों की तलाश कर एस्कोर्ट आदेश जारी कर उसे पुलिस बल के साथ मध्य प्रदेश के रतलाम जिला के सीडब्ल्यूसी को सौंपने के लिए रवाना कर दिया है। यह बालक भटक कर दुमका पहुंच गया था। एक व्यक्ति ने उसे अपने घर में पनाह दी और फिर चाइल्डलाइन दुमका को बालक के बारे में सूचना दी। चाइल्डलाइन ने 14 फरवरी 2023 को इस बाल को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया। मूक-बधिर होने के कारण बालक का बयान दर्ज नहीं किया जा सका पर बालक ने लिखकर अपने पिता का नाम और घर का पता बताया। समिति ने रतलाम के डीसीपीओ से बालक का सामाजिक आर्थिक जांच प्रतिवेदन मांगा। रतलाम के डीसीपीओ ने अपने रिपोर्ट में बताया कि बालक के पिता की मृत्यु हो चुकी है। इस बबालक को बस से धनबाद और फिर ट्रेन से रतलाम पहुंचा कर एस्कोर्ट पार्टी द्वारा वहां के सीडब्ल्यूसी को सौंप दिया जायेगा।

# कभी भी गिरफ्तार हो सकते हैं राजद विधायक बच्चा पांडेय

### उत्तराखंड की कोर्ट ने जारी किया गैर जमानती वारंट

**उतराखंड के सीनियर सिविल जज ने जारी किया है गैर जमानती वारंट**



**सहयोगी कारोबारी ने चेक बाउंस का मामला दर्ज करा रखा है**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** इस वक्त आरजेडी खेमे से जुड़ी बड़ी खबर सामने आ रही है। दरअसल आरजेडी विधायक बच्चा पांडेय के खिलाफ गिरफ्तारी गैर जमानती वारंट जारी किया गया। उतराखंड के चम्पावत जिला के सीनियर सिविल जज ने बच्चा पांडेय के खिलाफ गैर जमानती वारंट किया है।

न्यायालय ने चम्पावत जिला के पुलिस अधीक्षक को बच्चा पांडेय को गिरफ्तार कर कोर्ट के समक्ष पेश करने का आदेश जारी किया है। मिली जानकारी के अनुसार धन सिंह नाम के एक कारोबारी ने बच्चा पांडेय के विरुद्ध चेक बाउंस का एक मामला दर्ज करा रखा है, जिसकी केस संख्या 119/2023 है। इसी मामले की सुनवाई करने के बाद चम्पावत जिला कोर्ट के सीनियर सिविल जज ने बच्चा पांडेय के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया है।

बता दें, बच्चा पांडेय सिवान जिला के बड़हरिया विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। बताया जा रहा है कि धन सिंह का बच्चा पांडेय के साथ कारोबार का काम होता था। बच्चा पांडेय की एक निर्माण कंपनी है, जिसके लिए उसने धन सिंह से माल मंगवाया था। इस डील के लिए बच्चा पांडेय ने धन सिंह को नगद भुगतान के बदले चेक से पेमेंट किया था। जानकारी के अनुसार यह चेक बाउंस कर गया और इसी मामले में कोर्ट ने बच्चा पांडेय के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी किया है।

## मधुकोड़ा ने दी बड़े आंदोलन की धमकी

**चाईबासा।** सेल कंपनी के द्वारा सेल के लीज क्षेत्र में रह रहे मजदूरों और आम आदमी को सात दिन के अंदर अपने मकान/दुकान को हटाने की कोशिश में सोमवार को झारखण्ड राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने सैकड़ो स्थानीय लोगों के साथ विरोध दर्ज करते हुए सेल प्रबंधन के साथ वार्ता किया। जिसमें स्थानीय लोगों की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा एवं सेल प्रबंधन की ओर से आरपी सेलबम, सीजीएम मेघाहातूबुरु, के राय, सीजीएम किरीबुरू, अमित कुमार विश्वास, पी एण्ड ए, किरीबुरू-मेघाहातूबुरु हेड प्रवीण कुमार, एजीएम, किरीबुरू, अलोक वर्मा, पी एण्ड ए मेघाहातूबुरु, रमेश कुमार सिंह, पी एण्ड ए किरीबुरू ने भाग लिया।

पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि 70 वर्षो से साल से यहां रह रहे मजदूर एवं उनके परिजनों को नहीं हटाया जाए, प्रबंधन अगर जबरन यहां से मजदूर एवं उनके परिजनों को हटाने की कोशिश करती है तो जोरदार जन आंदोलन किया जाएगा।

# देसी कट्टा के बल पर मापी करा रहे तीन पुलिस के हवाले

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** जबरन हथियार के बल पर जमीन दखल करने के प्रयास में तीन अपराधी ग्रामीणों के हत्थे चढ गए। सूचना पर मौके पर पहुंची मुफस्सिल पुलिस देशी पिस्टल के साथ सभी तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दी। गिरफ्तार आरोपियों में जिले के जामा थाना क्षेत्र के तपसी गांव निवासी अंकित कुमार, दीपक मंडल एवं रामगढ थाना क्षेत्र के पोड़ेपानी गांव निवासी अजय मंडल है।जानकारी के अनुसार मुफस्सिल पुलिस थाना क्षेत्र के हरनाडंगाल गांव निवासी 16 आना रैयत प्रेम सोरेन के लिखित शिकायत पर देशी कट्टा जप्त करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेजी है। आवेदन में सूचक ने बताया कि थाना क्षेत्र के हथियापाथर गांव निवासी रामप्रसाद मंडल अपने तीन साथियों के साथ जमीन पर पहुंच देशी कट्टा लहराते हुए जमीन बेचने के नियत से जबरन जमीन का मापी कराने लगा। जिसे देख ग्रामीण जुट गए और आरोपियों को दबोच पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस मामले में थाना कांड संख्या 105/23 के तहत भादवी की धारा 387, 25, 1बी, ए, 26,35 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं मामले का मुख्य आरोपी रामप्रसाद मंडल की अचानक तबीयत बिगड़ने से पुलिस फूलों झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज को भर्ती कराया। गिरफ्तार सभी आरोपी मुख्य आरोपी रामप्रसाद मंडल का रिश्ते में नाती है। यहाँ बता दें कि विवादित जमीन आनबादी जमीन 8 बीघा 17 है। पुलिस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दी है।

# क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत अभियान (ग्रामीण) सहित पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल चतरा द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में उपायुक्त ने क्रमवार जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत अभियान (ग्रामीण) की प्रगति पर बिंदुवार समीक्षा कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में कार्यपालक अभियंता ने बताया कि ओडीएफ प्लस अंतर्गत कुल 500 गांव की स्टार रेटिंग की जा चुकी है। इसी क्रम में उपायुक्त ने गांव के 1, 3 एवं 5 स्टार रेटिंग हेतु किए जाने वाले कार्यों की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि कार्यों में तेजी लाई जाए तथा 5 स्टार रेटिंग में गांवों की संख्या में वृद्धि लाई जाए।

उन्होंने वैसे गांव जहां सोख्ता गड्ढा नहीं बना वहाँ उक्त कार्य जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। कैपेसिटी बिल्डिंग के अंतर्गत पंप ऑपरेटर, बिजली मिस्त्री, प्लम्बर आदि का दिए जा रहे प्रशिक्षण व कार्यशाला की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी आयोजित प्रशिक्षण व कार्यशाला के स्थान व प्रशिक्षुओं आदि की सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई जाए।

# शिवभक्तों ने निकाली भव्य कलश यात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कलश यात्रा में श्रद्धालू

**मेराल।** नवयुवक फ्रेंड्स क्लब मुड़ल टोला, मेराल के तत्वावधान में सावन के तीसरे सोमवारी पर भव्य कलश यात्रा का निकाली गई। इसके पूर्व रुद्राभिषेक, चौबीस घण्टे अखण्ड कीर्तन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महर्षि वेद व्यास परिषद के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ कुलदेव चौधरी, विशिष्ट अतिथि मेराल प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी, पूर्व जिला पार्षद संजय भगत, पूर्व जिला पार्षद प्रतिनिधि अतहर अली ने कलश प्रदान कर कलश यात्रा का शुभारंभ किया। मौके पर डॉ चौधरी ने कहा कि हमारे भारतीय संस्कृति में सभी धर्मों का सम्मान किया जाता है। वैसे एक कहावत है कि हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई। आपस में भाई भाई। लेकिन इस धर्म से भी कोई बड़ा धर्म नहीं है। जब हम किसी को सुख दुख में साथ देते हैं तो उसकी जाति-धर्म नहीं पूछते और ऐसे लोग समाज के सबसे विश्वसनीय और महान व्यक्ति होते हैं। धर्म तोड़ना नहीं बल्कि हमेशा जोड़ना चाहता है। चाहे कोई भी धर्म हो सामाजिक समरसता लाने का प्रयास करती है। पूजा पाठ करने से मन में शक्ति मिलती है और जिसकी शक्ति प्रबल होती है वह किसी भी लक्ष्य को हासिल कर लेता है। विशिष्ट अतिथि दीपमाला कुमारी ने कहा कि जिस तरह देश में नारियों के ऊपर अत्याचार हो रहा है, समाज में असमानता है, इसे दूर करने के लिए समाज के बुद्धिजीवियों को आगे आना पड़ेगा। तभी हमारा राज्य और देश का विकास होगा।

## चतुर्भुजी मंदिर परिसर में सामुहिक हवन कार्यक्रम का आयोजन

**भवनाथपुर।** डीएवी विद्यालय भवनाथपुर की ओर से केतार चतुर्भुजी मंदिर परिसर में सामुहिक हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हवन कार्यक्रम की शुरुआत संस्त शिक्षक प्रवीण पाण्डेय ने वैदिक मंत्रोच्चारण तथा प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। हवन कार्यक्रम में यजमान के रूप में केतार, भवनाथपुर तथा परसोडीह आदि स्थान से आए अभिभावकगण ने भाग लिया। इस द्वितीय सामूहिक कार्यक्रम में महिलाओं ने काफी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। हवन के बाद वैदिक भजन तथा वैदिक गीत गाए गए और अंत में प्रसाद का वितरण किया गया।

## शेष पेज 11 पर

### कृषि-पशुपालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़...

ऐसा देखा जा रहा है कि केसीसी लोन स्वीकृत करने में बैंक दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड जैसे राज्य में कई ऐसे कृषि और वन उपज हैं, जिसकी अच्छी पैदावार होती है, लेकिन, किसानों को उसका उचित लाभ नहीं मिल पाता है। इन कृषि उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराये और निर्यात की संभावना भी लताशें। **मौसम के अनुरुप प्लान बनायें :** सीएम ने कहा कि फिलहाल मौसम का जिस तरह का रुख देखने को मिल रहा है, उससे किसानों के सामने कई बड़ी चुनौतियां खड़ी हो रही हैं। ऐसे हालात में नयी फसलों या फसल प्रणालियों से कृषि उत्पादन को जोड़ने का एक्शन प्लान तैयार करें। किसानों को वैकल्पिक खेती करने के लिए प्रेरित करें। **लैम्प्स- पैक्स को करें मजबूत :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में लैम्प्स और पैक्स को मजबूत करने की दिशा में सरकार काम कर रही है, लेकिन, कई लैम्प्स -पैक्स के भवन काफी जर्जर हालात में हैं। इन भवनों का मरम्मत करायें और इसकी उपयोगिता को किसानों तक पहुंचायें। जो भी कोल्ड स्टोरेज बन रहे हैं, वहां एप्रोच रोड के साथ बिजली-पानी की व्यवस्था हर हाल में करायें। बैठक में कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, सीएम के सचिव विनय कुमार चौबे, कृषि सचिव अबू बकर सिद्दीक, निबंधक सहयोग समितियां मृत्युंजय वर्णवाल, निदेशक कृषि चंदन कुमार, निदेशक उद्यान नेसार अहमद, निदेशक भूमि संरक्षण अजय कुमार सिंह, निदेशक मत्स्य डॉ एचएन द्विवेदी, प्रदीप हजारी और अपर सचिव विधान चंद्र चौधरी मौजूद थे।

### गैस सिलेंडर फटने से...

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास, एएसआई संजय सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तथा बचाव कार्य में सहयोग किया। **सीएचसी की व्यवस्था से आक्रोश :** गैस आग से झुलसे लोगों को सीएचसी में लाया गया, पर वहां मात्र एक आयुष चिकित्सक डॉ. मोहम्मद तौहीद अहमद मौजूद थे। वहां आवश्यक दवाएं तथा एंबुलेंस भी नहीं था। मरीजों को ले जाने के दो एंबुलेंस है, जो खराब है। इसे देख लोग आक्रोशित होकर हंगामा करने लगे। गंभीर रूप से झुलसे लोगों को बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच रेफर पर किया गया है। घटनास्थल बिहार के औरंगाबाद से करीब 25 किलोमीटर की दूरी पर है, जिस कारण कई जख्मी इलाज के लिए औरंगाबाद चले गये।

### अब नये साफ्टवेयर से...

मामले में राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता पीयूष चित्रेश, रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन सहदेव एवं आरआरडीए की ओर से अधिवक्ता प्रशांत कुमार सिंह ने पैरवी की। मामले में एमिकस क्यूरी अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा उपस्थित थे। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में मामले की सुनवाई हुई। बता दें कि इससे संबंधित खबर रांची के स्थानीय समाचार पत्र में छपी थी, जिस पर कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था। कोर्ट ने इस मामले को एलपीए 132 / 2012 के साथ टैग करने का निर्देश दिया था। उल्लेखनीय है कि 20-30 रुपए प्रति वर्ग फीट चढ़ावा, तब पास होता है नक्शा बीबी वर्ग फीट तक चढ़ावा देकर नक्शा की स्वीकृति प्राप्त किया जाता है। नगर निकायों में नक्शा स्वीकृति के हर चरण पर चढ़ावे की रकम फिक्स कर दी गई है।

### विपक्ष आखिर भाग क्यों रहा...

विपक्ष दलों के सदस्य मणिपुर हिंसा के मुद्दे पर सदन में पीएम मोदी के बयान और फिर चर्चा कराने की मांग कर रहा है। इस वजह से संसद के दोनों सदनों में कामकाज आज भी बाधित रहा। **राजनाथ और खड़गे की बातचीत विफल :** संसद के दोनों सदनों में जारी गतिरोध खत्म करने के लिए केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से फोन पर बात की, लेकिन कांग्रेस अध्यक्ष ने पहले मणिपुर पर सदन के अंदर प्रधानमंत्री के बयान की शर्त रखी। खड़गे ने सिंह से कहा कि मणिपुर हिंसा बर्दाश्त नहीं की जा सकती और पीएम को सदन के अंदर बयान देना चाहिए। सोमवार सुबह खड़गे के नेतृत्व में कांग्रेस ने मणिपुर हिंसा पर विस्तृत चर्चा की मांग को लेकर संसद में महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास विरोध-प्रदर्शन भी किया। उन्होंने कहा, हम सभी विपक्षी दल राज्यसभा के सभापति और लोकसभा अध्यक्ष से मांग कर रहे हैं कि पीएम को सदन के अंदर आना चाहिए और मणिपुर की वास्तविक स्थिति के बारे में बयान देना चाहिए।

### सभी 31 तक जवाब दें...

शीर्ष अदालत ने 10 अप्रैल को केंद्र से एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करने और स्कूली छात्राओं से संबंधित मासिक धर्म स्वच्छता के प्रबंधन के लिए सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा अपनाया जाने वाला एक राष्ट्रीय मॉडल तैयार करने को कहा था। कोर्ट ने कहा था कि ह मुद्दा अत्यधिक महत्वपूर्ण है। केंद्र को सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों सहित विद्यालयों में मासिक धर्म स्वच्छता के प्रबंधन पर एक समान राष्ट्रीय नीति लागू करने के लिए सभी हितधारकों के साथ जुड़ना चाहिए। मामला उस याचिका से जुड़ा है जिसमें केंद्र, राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को कक्षा छह से 12 तक प्रत्येक छात्रा को मुफ्त सैनिटरी पैड और सभी सरकारी सहायता प्राप्त एवं आवासीय स्कूलों में छात्राओं के लिए अलग शौचालय का प्रावधान सुनिश्चित करने का निर्देश देने का आग्रह किया गया है।

### झारखंड की फिल्म को...

क्योंकि फिल्म से कोई बड़ा नाम नहीं जुड़ा हुआ है। इसलिए हमारी कोशिश है कि फिल्म को नेशनल अवार्ड मिल जाए जिससे फिल्म की ब्रांडिंग हो जाएगी। इसलिए अगले नेशनल अवार्ड के लिए इस फिल्म को भेजने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चंबल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में फिल्म नॉमिनेट हो गई है। उन्होंने कहा कि जल्द ही रांची में फिल्म लोगों के लिए रिलीज की जाएगी, इसकी तैयारी लगभग पूरी हो गई है। **सच्ची घटना पर आधारित है फिल्म गिलुआ :** यह फिल्म सच्ची घटना पर आधारित है। यह एक सात साल के बच्चे और उसकी मां की कहानी है। गोड्डा में एक बच्चा है जिसका नाम अमित कोड़ा है। जिसपर 2014 में एक अखबार में खबर छपी थी। वह बच्चा हर दिन अपने स्कूल से दो अंडा अपनी मां के लिए चोरी करता है। क्योंकि डॉक्टर ने कहा था कि अगर उसकी मां हर दिन दो अंडा खाएगी तो जल्द ही टीबी बीमारी से ठीक हो जाएगी। इसलिए वह स्कूल से अंडे की चोरी करता था। उसकी मां को चोरी के बारे में जानकारी नहीं थी, उसे पता था कि अंडा स्कूल में मिलता है। अखबार में खबर छपने के बाद तत्कालीन सीएम रघुवर दास ने उस बच्चे को गोद ले लिया था। उसी बच्चे की यह कहानी है गिलुआ, जिसमें एक सात साल का गरीब बच्चा अपनी मां के लिए क्या-क्या त्याग करता है, यह दिखाने की कोशिश की गई है।

### चांद की तरफ बढ़ रहा चंद्रयान...

मिशन के लैंडर के चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र पर सॉफ्ट-लैंडिंग करने की उम्मीद है। सॉफ्ट-लैंडिंग के बाद भारत ऐसा करने वाला चौथा देश बन जायेगा। इससे पहले पूर्व सोवियत संघ, संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन ऐसा कर चुके हैं। 14 जुलाई 2023 को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से लॉन्च चंद्रयान-3 पहली कक्षा 15 जुलाई को पार की, 16 जुलाई को दूसरी और 18 को तीसरी कक्षा में प्रवेश किया। वहीं 20 जुलाई को चौथे ऑर्बिट में प्रवेश कर गया। प्रत्येक चरण में अंतरिक्ष यान की गति को धीरे-धीरे बढ़ाने के लिए इसे खास तौर पर डिजाइन किया गया है। **अगला महत्वपूर्ण चरण :** चंद्रयान-3 के मिशन में अगला महत्वपूर्ण चरण पांचवीं कक्षा में प्रवेश की प्रक्रिया है। मंगलवार को दोपहर 2 बजे से 3 बजे के बीच चंद्रयान-3 पांचवीं कक्षा में प्रवेश करेगा। सावधानीपूर्वक नियोजित इस कार्यक्रम में अंतरिक्ष यान की कक्षीय ऊंचाई बढ़ाने के लिए सटीक-थ्रस्टर फायरिंग शामिल होगी। एक बार जब अंतिम कक्षा में पहुंचने की प्रक्रिया पूरी हो जाती है, तो अंतरिक्ष यान पृथ्वी की कक्षाओं की एक श्रृंखला करेगा और धीरे-धीरे अपनी गति बढ़ाने और इसे चंद्रमा पर उतरने के लिए इंजन चलाया जायेगा।

स्पीड न्यूज

## उप्र में अवैध रूप से रह रहे 74 रोहिंग्या गिरफ्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने छह जिलों में छापेमारी करके 74 रोहिंग्या को गिरफ्तार किया है। सबसे ज्यादा 31 रोहिंग्या मथुरा से गिरफ्तार किये गये हैं। ये सभी अवैध रूप से रह रहे थे।

## सूरत में सड़क हादसे में 3 छात्रों की मौत

**सूरत/अहमदाबाद।** सूरत जिले के इसनपुर गांव के समीप सोमवार को कॉलेज विद्यार्थियों को ले जा रही वैन पेड़ से टकरा गयी। हादसे में 3 विद्यार्थियों की मौत हो गयी, वहीं 5 अन्य घायल हो गये। घायलों में एक छात्रा की हालत नाजुक है।

## शिंदे महाराष्ट्र के सीएम बने रहेंगे : फडणवीस

**मुंबई।** उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को कहा कि एकनाथ शिंदे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बने रहेंगे। इस बात की जानकारी उपमुख्यमंत्री अजीत पवार को भी है। महागठबंधन में शामिल होने से पहले अजीत पवार से इस संबंध में बात हो चुकी है। इसके बाद महाराष्ट्र में विपक्ष की ओर से राज्य में सीएम बदले जाने की चर्चा पर विराम लग गया है।

## 'ओपेनहाइमर' के विवादित सीन से अनुराग नाराज

**नयी दिल्ली।** ब्रिटिश-अमेरिकी फिल्ममेकर क्रिस्टोफर नोलन की ओपेनहाइमर फिल्म रिलीज के बाद विवादों में घिर गयी है। फिल्म में भगवत गीता से जुड़े एक सीन को लेकर भारत के दर्शकों में काफी नाराजगी है। इस पर केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने भी नाराजगी जतायी और सेंसर बोर्ड से इस सीन को हटाने के लिए कहा है। ठाकुर ने इस आपत्तिजनक सीन पर केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड से भी जवाब मांगा है।

## आप सांसद संजय सिंह पूरे मानसून सत्र के लिए निलंबित

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को सदन की कार्यवाही में बाधा पहुंचाने के आरोप में आम आदमी पार्टी (आप) सांसद संजय सिंह को राज्यसभा के मानसून सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया।

## नेपाली कांग्रेस की बैठक में उठी हिंदू राष्ट्र की मांग

**काठमांडू।** नेपाल की संसद की सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस की बैठक में धर्मनिरपेक्षता खत्म करने की मांग उठायी गयी है। 18 जुलाई से चल रही केंद्रीय समिति की बैठक में कुछ सदस्यों ने नेपाल को हिंदू राष्ट्र बनाये रखने की मांग भी रखी है। नेपाली कांग्रेस के केंद्रीय सदस्य शंकर भंडारी ने बैठक में नेपाल को हिंदू राष्ट्र बनाये रखने और धर्मनिरपेक्षता को खत्म करने की मांग की है।

# खनन भारतीय अर्थव्यवस्था का प्राथमिक क्षेत्र : राष्ट्रपति

## द्रौपदी मुर्मू ने प्रदान किये वर्ष 2022 के राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि खनन भारत की अर्थव्यवस्था का प्राथमिक क्षेत्र है। देश के आर्थिक विकास में खनिज विकास का महत्वपूर्ण योगदान बताते हुए उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान सरकार ने इस क्षेत्र में कई प्रगतिशील परिवर्तन किये हैं।




राष्ट्रपति मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित एक समारोह में राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार-2022 प्रदान किये। राष्ट्रपति ने पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के मानद प्रोफेसर डॉ ओम नारायण भार्गव को लाइफटाइम अचीवमेंट के लिए राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार और बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर डॉ अमिया कुमार सामल को राष्ट्रीय युवा भूवैज्ञानिक पुरस्कार प्रदान किया। इसके अलावा, राष्ट्रपति ने दस राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार प्रदान किये।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार की स्थापना भारत सरकार के खान मंत्रालय द्वारा भूविज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियों और उत्कृष्ट योगदान के लिए व्यक्तियों और टीमों को सम्मानित करने के उद्देश्य से की गयी थी। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि भूविज्ञान का क्षेत्र बहुत व्यापक है। इसमें भूस्खलन, भूकंप, बाढ़ और सुनामी जैसी प्राकृतिक आपदाओं का अध्ययन भी शामिल है। इन विषयों को पब्लिक गुड जीयोसाइंस (सार्वजनिक अच्छा भूविज्ञान) कहा जाता है, क्योंकि ये बड़ी संख्या में लोगों की सुरक्षा में उपयोगी होते हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि खनन हमारी अर्थव्यवस्था का प्राथमिक क्षेत्र है। देश के आर्थिक विकास में खनिज विकास का महत्वपूर्ण योगदान है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान सरकार द्वारा खनन क्षेत्र में कई प्रगतिशील परिवर्तन लाये गये हैं। ये बदलाव खनन क्षेत्र की क्षमता और उत्पादकता को बढ़ा रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि विज्ञान और विकास का वही मार्ग सही सिद्ध होता है, जो मानवता के कल्याण की दिशा में जाता है। इसलिए भू-वैज्ञानिक समुदाय को मानव केंद्रित खनन की दिशा में आगे बढ़ते रहना होगा। उन्होंने खनिजों के कुशल उपयोग में योगदान देकर भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए भारतीय भू-वैज्ञानिकों की सराहना की।

राष्ट्रपति ने कहा कि आजकल रेयर अर्थ एलिमेंट्स, प्लैटिनम ग्रुप ऑफ एलिमेंट्स और सेमीकंडक्टिंग एलिमेंट्स जैसे खनिज पदार्थों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण की प्राथमिकता को ध्यान में रखते हुए कुछ परंपरागत खनिज पदार्थों के खनन और उनके परिणामों का नये दृष्टिकोण से विश्लेषण किया जा रहा है। उन्होंने आज के पुरस्कारों में सतत खनिज विकास के क्षेत्र में योगदान को स्वीकार करने के लिए खान मंत्रालय की सराहना की। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि सतत खनिज विकास के लिए आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय तीनों आयामों पर समान ध्यान दिया जा रहा है।

# इसरो छह उपग्रह के साथ 30 को पीएसएलवी-सी56 करेगा लांच



**नयी दिल्ली (हि.स.)।** चंद्रयान-3 लांच करने के बाद अब भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) 30 जुलाई को छह सह-यात्री उपग्रहों के साथ पीएसएलवी-सी56 मिशन लांच करेगा। सोमवार को इसरो ने ट्वीट करके जानकारी दी कि छह सह-यात्री उपग्रहों के साथ पीएसएलवी-सी56 को 30 जुलाई को सुबह साढ़े 6 बजे श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से लांच किया जायेगा। इसरो ने जानकारी दी कि पीएसएलवी-सी56 सिंगापुर की डीएसटीए एवं एसटी इंजीनियरिंग के डीएस-एसएआर उपग्रह और छह अन्य उपग्रहों को अंतरिक्ष में लेकर जायेगा। उल्लेखनीय है कि इसरो ने हाल ही में चंद्रयान 3 लांच किया है। डीएस-एसएआर उपग्रह का उपयोग सिंगापुर की जांच एजेंसियों की सैटेलाइट इमेजिनरी की जरूरतों को पूरा करने के लिए किया जायेगा।

### ये उपग्रह भेजे जायेंगे

वीइएलओएक्स-एएम, एससीआओबी-2, 3यू नैनो सैटेलाइट, एलओटी, जीएएलएएसएसआइए-2, ओआरबी-12 स्ट्राइंडर।

# सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर वाराणसी प्रशासन ने ज्ञानवापी के सर्वे पर लगायी रोक

### 26 जुलाई तक एएसआइ के सर्वे पर लगी रहेगी रोक

**वाराणसी/नयी दिल्ली (हि.स.)।** जिला जज डॉ अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत के निर्देश पर सोमवार की सुबह से शुरू ज्ञानवापी परिसर के एएसआई सर्वे पर सुप्रीम कोर्ट ने 26 जुलाई तक रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी को हाइकोर्ट जाने के लिए भी कहा है। हिंदू पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट के दो दिन के स्टे पर कहा है कि हम भी हाइकोर्ट जायेंगे और मसाजिद कमेटी की याचिका पर आपत्ति दर्ज करायेंगे।



इस संबंध में वाराणसी कमिश्नर कौशलराज शर्मा ने पत्रकारों को बताया कि हम सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करेंगे। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के ज्ञानवापी सर्वे केस में एएसआइ को 26 जुलाई तक सर्वे रोकने का निर्देश प्राप्त हुआ है। इसके क्रम में सर्वे की कार्यवाही 26 जुलाई की शाम तक तत्काल प्रभाव से रोक दी गयी है। उधर, सुबह से ज्ञानवापी में एएसआई के सर्वे में मस्जिद परिसर की नापजोख के साथ फोटोग्राफी की गयी। नींव के पास खोदाई कर मिट्टी और ईंट-पत्थर के टुकड़े सैंपल के तौर पर एएसआइ ने लिया। मशीनों से दीवारों को स्कैन करने के साथ कागज लगा कर उनका सैंपल भी टीम ने लिया।

43 सदस्यीय एएसआइ टीम ने शुरुआती दौर में परिसर के हर पत्थर और ईंट की ऊंचाई भी नापी। सर्वे के लिए टीम झाड़ू और फावड़े से लेकर अत्याधुनिक मशीनों का प्रयोग भी किया। सर्वे के दौरान मुस्लिम पक्ष का कोई सदस्य नहीं पहुंचा था। मुस्लिम पक्ष की गैरमौजूदगी में सर्वे के काम में सहयोग के लिए पीडब्ल्यूडी और बिजली विभाग की टीम को लगाया गया था।

## अब इपीएफ पर 8.15 फीसदी मिलेगा ब्याज

**नयी दिल्ली।** सरकार ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि (इपीएफ) खाते में जमा पर 8.15 फीसदी ब्याज दर की मंजूरी दी है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (इपीएफओ) ने 28 मार्च को इपीएफ जमा पर 8.10 फीसदी के बजाय 8.15 फीसदी की दर से ब्याज देने का फैसला लेकर सरकार को प्रस्ताव भेजा था। इस तरह, इपीएफओ ने ब्याज में मामूली बढ़ोतरी की है। इपीएफओ ने सोमवार को जारी एक आदेश में अपने क्षेत्रीय कार्यालयों को सदस्यों के खातों में वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 8.15 फीसदी की दर से ब्याज जमा करने के लिए कहा है।

# मणिपुर में महिलाओं ने की केंद्रीय मंत्री के घर पर पत्थरबाजी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** मणिपुर में सोमवार को एक बार फिर केंद्रीय मंत्री आरके रंजन सिंह के इंफाल आवास के बाहर उग्र महिलाओं की एक रैली ने पत्थरबाजी की। हालांकि, हमले के वक्त घर पर कोई मौजूद नहीं था और ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। इंफाल शहर के कोंगबा इलाके में घर पर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर कर दिया है।

प्रदर्शनकारी राज्य में इंटरनेट बहाली की भी मांग रहे थे। बता दें कि अधिकारियों ने 3 मई को पहली बार पूर्वोत्तर राज्य में जातीय समुदायों के बीच हिंसक झड़प के बाद इंटरनेट सेवाओं पर प्रतिबंध लगा दिया था।

प्रदर्शनकारी महिलाओं का कहना है कि राज्य की स्थिति को लेकर मंत्री संसद में कुछ बोलें। दो महीने में यह दूसरी बार है, जब केंद्रीय मंत्री के आवास पर हमला हुआ है। इससे पहले भीड़ ने 15 जून को केंद्रीय मंत्री के आवास में आग लगाने का प्रयास किया था। मणिपुर विश्वविद्यालय के छात्रों ने भी राज्य में शांति बहाली की मांग को लेकर सोमवार को रैली निकाली। पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे, क्योंकि प्रदर्शनकारी छात्र उस क्षेत्र को पार कर गये थे, जहां तक उन्हें रैली की अनुमति दी गयी थी। अधिकारियों और छात्रों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। छात्रों ने कहा कि वे कोई हथियार लेकर नहीं निकले हैं। उन्होंने राज्य में शांति बहाली के लिए रैली निकाली है।

### आज देश भर में विरोध प्रदर्शन करेगी आम आदमी पार्टी

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** मणिपुर में जारी हिंसा को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) मंगलवार को देशभर में विरोध प्रदर्शन करेगी। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री से तत्काल दखल देने की मांग भी की है। आप के दिल्ली संयोजक गोपाल राय ने सोमवार को बताया कि मणिपुर पिछले तीन महीनों से हिंसा और वहशीपन की आग में दहक रहा है। वहां सरेआम लोगों को मारा-काटा जा रहा है। मकान जलाये जा रहे हैं। महिलाओं के साथ बर्बरता की हदें पार की जा रही हैं। यह सब बर्दाश्त नहीं किया जा सकता और इसके खिलाफ आप मंगलवार को पूरे देश में सड़कों पर उतरेगी।

## उड़ गयी 'चिड़िया', ट्विटर का लोगो हुआ 'एक्स'



**सैन फ्रांसिस्को।** ट्विटर का लोगो बदल गया है। एलन मस्क के ट्विटर का लोगो वेब वर्जन पर अब अंग्रेजी का अक्षर 'एक्स' हो गया है। इसके साथ ही, कई साल तक वहां रही नीली चिड़िया 'गायब' हो गयी है। ट्विटर का नाम भी बदलकर एक्स कर दिया गया है. ट्विटर के मालिक एलन मस्क ने रविवार को एक बाद एक कई ट्वीट के साथ इस बदलाव का संकेत देना शुरू कर दिया था। एक ट्वीट में कहा गया था, जल्द ही हम ट्विटर ब्रांड और धीरे-धीरे सभी पक्षियों को अलविदा कह देंगे। अब प्लेटफॉर्म के वेब वर्जन पर नीली चिड़िया की जगह 'एक्स' लोगो ने ले ली है। मस्क ने प्लेटफॉर्म पर तस्वीर के साथ कंपनी के आधिकारिक अकाउंट का नाम भी बदलकर 'एक्स' कर दिया है। उन्होंने नये लोगो के साथ ट्विटर के मुख्यालय की एक तस्वीर भी साझा की है।

# मंत्रियों-विधायकों ने मारा लाल डायरी छीन ली : गुढ़ा



**जयपुर (हि.स.)।** राजस्थान की अशोक गहलोत की अगुवाई वाली सरकार से बर्खास्त मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा ने खुलासा किया है कि वे लाल डायरी को विधानसभा के पटल पर रखना चाह रहे थे, लेकिन कांग्रेस के विधायकों और मंत्रियों ने उनके साथ मारपीट कर उनसे वह डायरी छीन ली। उन्होंने कहा कि इस प्रदेश की हर बहन-बेटी, उनकी बहन-बेटी है, वे उन्हें अपनी बहन से भी बढ़कर मानते हैं। उन्होंने कहा- मैं महाराव शेखाजी का वंशज हूं, जिनकी तीन पीढ़ियों ने महिला सम्मान के लिए सब कुछ कुर्बान कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के मंत्री विधायक दुष्कर्मी हैं। उनके साथ मंत्री- विधायकों का नारको टेस्ट करवाना चाहिए।

विधानसभा अध्यक्ष द्वारा सदन से बाहर निकाले जाने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए गुढ़ा ने कहा कि मैंने इस सरकार को 2008 और 2018 में संकट के वक्त साथ दिया और आज उन्होंने ही मुझे विधानसभा के अंदर लात घूंसों से मारा है। मुझे नीचे गिरा दिया गया। रुंआसे होते हुए गुढ़ा ने कहा कि वे लाल डायरी को सदन के पटल पर रखने के लिए लेकर गये थे, लेकिन विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें इसकी अनुमति नहीं दी। कांग्रेस के विधायक और मंत्रियों ने उन्हें लात घूंसे मारे, उन्हें जबरन सदन से बाहर निकाला गया। उनसे लाल डायरी का एक हिस्सा छीन लिया गया। लेकिन, उन्होंने दावा किया कि उनके पास एक हिस्सा बाकी है, जिसमें मुख्यमंत्री और मंत्रियों के सारे कारनामे लिखे हुए हैं।

# लोकतंत्र के मंदिर की प्रतिष्ठा बनाये रखने को अनुशासन आवश्यक : धनखड़

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को अनुशासन की महत्ता पर बल देते हुए कहा कि कभी-कभी अनुशासन बनाये रखने के लिए कठोर कदम उठाना अपरिहार्य हो जाता है, अन्यथा लोकतंत्र के मंदिरों की प्रतिष्ठा का क्षय होने लगेगा। उन्होंने कहा कि राज्यसभा के सभापति के रूप में उनका यही प्रयास रहा है कि लोकतंत्र के मंदिरों में अनुशासन रहे। उन्होंने कहा कि अनुशासन के बिना विकास संभव ही नहीं।



उपराष्ट्रपति सोमवार को भारतीय वन सेवा के 54वें बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा उठाये गये हाल के कदमों से बिचौलिये पावर ब्रोकर समाप्त हो गये हैं। उन्होंने कहा कि अब जब कानून अपना काम कर रहा है, तो भ्रष्टाचार में फंसे लोगों पर आंच आ रही है। उन्होंने कहा कि कानूनी प्रक्रिया से बचने के लिए सड़क पर प्रदर्शन किया जाना कैसे सही ठहराया जा सकता है। भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों को कानून की गिरफ्त से कैसे छूट दी जा सकती है।

आर्थिक राष्ट्रवाद की वकालत करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि थोड़े से लाभ के लिए उपभोक्ताओं तथा व्यापारियों द्वारा विदेशी समान को प्राथमिकता देना सही नहीं। हम आर्थिक राष्ट्रवाद को नजरंदाज नहीं कर सकते, देश की आर्थिक प्रगति इसी पर निर्भर करेगी। धनखड़ ने कहा कि सभी को भारत की गौरवशाली ऐतिहासिक उपलब्धियों का गर्व होना चाहिए।

विकास और प्रकृति के संरक्षण के बीच संतुलन की जरूरत पर बल देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि मानव प्रकृति का ट्रस्टी है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय वन सेवा के अधिकारी के रूप में वन और वन में रहने वाले मनुष्यों, तथा अन्य प्राणियों की सेवा करने का अवसर मिलेगा।

उपराष्ट्रपति ने प्रशिक्षु अधिकारियों से अपेक्षा की कि वन में रहने वाले समुदायों की विशिष्ट प्रकृति सम्मत जीवन शैली के प्रति संवेदनशील रहें तथा उनकी जीवन शैली से सीखें। भारतीय वन सेवा के 54वें बैच के 102 प्रशिक्षु अधिकारियों में भूटान के 2 अधिकारी भी सम्मिलित हैं। इस अवसर पर वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, राज्यसभा सचिवालय तथा उपराष्ट्रपति सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## गरीब ऋण बकायेदारों से संवेदनशील तरीके से निपटें बैंक : सीतारमण

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने बैंकों से कहा कि वे ऋण भुगतान मुद्दों को संवेदनशीलता और मानवीय भावना के साथ निपटायें। निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के जवाब में यह बात कही। लोकसभा में सोमवार को प्रश्नकाल के दौरान जब वित्त राज्य मंत्री भागवत किशनराव कराड खराब ऋण बकायेदारों से निपटने के दौरान बैंकों की रणनीति पर एक शिवसेना सदस्य के सवाल का जवाब दे रहे थे, तो सीतारमण ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि यह एक संवेदनशील मामला है, जिसे अक्सर सरकार के ध्यान में लाया गया है।

# बिकवाली के दबाव में टूटा शेयर बाजार निवेशकों को 16 हजार करोड़ की चपत

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** सप्ताह के पहले कारोबारी दिन ही सोमवार को घरेलू शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। वैश्विक दबाव और कई कंपनियों के नतीजे में आयी नरमी के कारण शुरू से ही बाजार में नेगेटिव माहौल बना रहा। हालांकि, खरीदारों ने बीच-बीच में तेज लिवाली करके सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों को सहारा देने की कोशिश भी की। इसके बावजूद बिकवाली के दबाव से शेयर बाजार उबर नहीं सका।

पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.45 प्रतिशत और निफ्टी 0.37 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। आज बाजार में आयी कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति करीब 16 हजार करोड़ रुपये घट गयी।

### वाणिज्य की खबरें

बीएसइ में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 301.93 लाख करोड़ रुपये (अस्थायी) हो गया।

आज दिन भर के कारोबार के दौरान एनर्जी, ऑयल एंड गैस, एफएमसीजी और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में लगातार बिकवाली होती रही। एफएमसीजी इंडेक्स बिकवाली के दबाव में 2 प्रतिशत तक लुढ़क गया। इसी तरह बैंकिंग, ऑयल एंड गैस तथा मेटल इंडेक्स में भी 0.5 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई। दूसरी ओर, यूटिलिटीज और कैपिटल गुड्स सेक्टर के शेयरों में खरीदारी का रुख बना नजर आया।

## डॉलर के मुकाबले 13 पैसा मजबूत हुआ रुपया

**नयी दिल्ली।** शेयर बाजार में आयी कमजोरी के बावजूद मुद्रा बाजार में सोमवार को रुपये ने मजबूती दर्ज की। डॉलर के मुकाबले रुपया आज दिनभर के कारोबार के बाद 13 पैसे की मजबूती के साथ 81.82 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सप्ताह के आखिरी दिन शुक्रवार को भारतीय मुद्रा 81.95 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुई थी। रुपया सुबह डॉलर के मुकाबले 6 पैसे की कमजोरी के साथ 82.01 रुपये के स्तर से कारोबार की शुरुआत की थी। हालांकि, कारोबार के आखिरी वक्त रुपया 81.82 के स्तर पर बंद हुआ।

## अब भारत की अंजू पहुंच गयी फेसबुक दोस्त से मिलने पाकिस्तान

**इस्लामाबाद/नयी दिल्ली।** पाकिस्तान की सीमा हैदर की भारत में सुर्खियां बटोर रही प्रेम कहानी के दरमियां मुल्क में भारत की अंजू की लव स्टोरी पर लोग चटखारे ले रहे हैं। अंजू अपने देश की सरहद लांघकर यहां अपने प्रेमी नसरुल्लाह से मिलने आयी पाकिस्तान है। वह इस समय खैबर पख्तूनख्वाह के अपर दीर जिले के कुलशो गांव में है। नसरुल्लाह से वह पिछले चार साल से फेसबुक से जुड़ी थी। पाकिस्तान के अधिकारियों ने कहा है कि उत्तर प्रदेश के कैलोर इलाके की अंजू के पास वैध यात्रा दस्तावेज हैं। 25 दिसंबर, 1988 को जन्मी अंजू ने पत्रकारों से कहा है कि नसरुल्लाह से प्यार करती है। फेसबुक पर परवान चढ़ी दोस्ती के प्यार में बदल गयी। अधिकारियों का कहना है कि ईसाई धर्म से ताल्लुक रखने वाली अंजू तलाकशुदा है।

# मनोरंजन जगत से ब्रेक लेने के बाद सामंथा रुथ ने बदला लुक

**मुंबई।** साउथ सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने मनोरंजन जगत से बड़ा ब्रेक ले लिया है। हालांकि, वह कुछ समय से फि ल्मी दुनिया से दूर रह रही हैं, लेकिन अब भी सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय हैं। सामंथा लगातार अपनी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर कर रही हैं। एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने अपने बदले हुए लुक की एक झलक शेयर की है। सामंथा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में उनका बदला हुआ लुक नजर आ रहा है। इस लुक में सामंथा रुथ ने अपने बाल छोटे रखे हैं। हमेशा की तरह उन्होंने चेहरे पर प्यारी सी मुस्कान के साथ उसका शानदार अंदाज दिख रहा है। सामंथा हरे रंग के ब्रालेट टॉप में बेहद



खूबसूरत लग रही हैं। सामंथा ने इस वीडियो क्लिप को शेयर करते हुए एक दिल वाली इमोजी शेयर की है। फैंस से लेकर सेलिब्रिटीज तक सभी ने सामंथा के नये लुक की तारीफ की है। सोशल मीडिया पर उनके लुक को काफी पसंद किया जा रहा है।

VERMA PRESS®
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| • Hindi | ₹ 140 | • Hindi | ₹ 140 |
| • English | ₹ 140 | • English | ₹ 140 |
| • Mathematics | ₹ 140 | • Mathematics | ₹ 140 |
| • Science | ₹ 140 | • Science | ₹ 140 |
| • Social Science | ₹ 140 | • Social Science | ₹ 140 |
| • Sanskrit | ₹ 120 | • Sanskrit | ₹ 120 |
| • Hindi – B | ₹ 140 | • Hindi – B | ₹ 80 |
| • Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | • Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| • English Grammar– II | ₹ 120 | • English Grammar– II | ₹ 120 |
| • Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | • Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| • Hindi Practical | ₹ 55 | • Hindi Practical | ₹ 55 |
| • English Practical | ₹ 55 | • English Practical | ₹ 55 |
| • Maths. Practical | ₹ 65 | • Maths. Practical | ₹ 55 |
| • Science Practical | ₹ 65 | • Science Practical | ₹ 70 |
| • S. Science Practical | ₹ 65 | • S. Science Practical | ₹ 65 |
| • Sanskrit Practical | ₹ 55 | • Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| • Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | • Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| • Science Practical (Combined) | ₹ 90 | • Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| • Mathematics | ₹ 200 | • Mathematics | ₹ 130 |
| • Science | ₹ 200 | • Science | ₹ 200 |
| • Social Science | ₹ 200 | • Social Science | ₹ 130 |
| • Maths. Practical | ₹ 80 | • Maths. Practical | ₹ 80 |
| • Science Practical | ₹ 80 | • Science Practical | ₹ 80 |
| • S. Science Practical | ₹ 80 | • S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!